हिन्दी दैनिक

जन-जन की वाणी...

# सोन वर्षा वाणी

औरंगाबाद, आरा एवं रांची से प्रकाशित

शुक्ल पक्ष, अनुराधा, विक्रम संवत् 2081

• औरंगाबाद • मंगलवार • 10 सितंबर 2024 • वर्ष 26 • अंक 271 • पृष्ठ 12

मूल्य ₹ 2.00

# महिला सशक्तिकरण को दिया जा रहा नया आयाम

## अब तक 2.59 लाख सखी मंडलों को बैंक क्रेडिट लिंकेज से जोड़ा गया

**रांची**

ग्रामीण महिलाओं के उत्थान और उनके आर्थिक स्वावलंबन के प्रति संवेदनशील मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के विजनरी सोच का परिणाम है कि 2019 से पूर्व सखी मंडल को जितना क्रेडिट लिंकेज दिया गया, उसका 10 गुना क्रेडिट लिंकेज विगत साढ़े चार वर्ष में सखी मंडल की दीदी-बहनों को मिला। यही नहीं, सखी मंडल की संख्या में भी बढ़ोतरी दर्ज की गई है। वर्ष 2013 से 2019 तक स्वयं सहायता समूह को क्रेडिट लिंकेज के तहत ₹1,114 करोड़ की राशि दी गई, जबकि 2019 के बाद 30 जून 2024 तक ₹10,111 करोड़ की राशि सखी मंडल की महिलाओं को सशक्तिकरण हेतु दी गई। वहीं 2013 से 2019 तक 2.45 लाख सखी मंडल की संख्या बढ़कर 30 जून 2024 तक 2.88 लाख हो गई।



मुख्यमंत्री ने पश्चिमी सिंहभूम में कार्यक्रम के दौरान सखी मंडल को 30 करोड़ रुपये से अधिक का बैंक लिंकेज से जोड़ा

### आजीविका से जोड़ने का क्रम जारी

ग्रामीण महिलाएं और अर्थव्यवस्था सशक्त हो, इसके लिए राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के जरिए राज्य के 26 लाख परिवारों को आजीविका के सशक्त माध्यमों से जोड़ा गया है। कृषि, पशुपालन, वनोपज, अंडा उत्पादन, जैविक खेती आधारित आजीविका से ग्रामीण परिवारों को आच्छादित किया जा रहा है। राज्य संपोषित जोहार परियोजना के तहत 17 जिलों के 68 प्रखण्डों के 3,816 गांव में 3,900 उत्पादक समूह एवं 21 उत्पादक कंपनियों का गठन एवं संचालन हुआ। जिसके तहत राज्य के करीब 2.25 लाख परिवारों की आय में बढ़ोतरी हुई।

### वनोत्पाद से मिल रहा लाभ

महिला किसान सशक्तिकरण परियोजना के जरिए भी राज्य के 2.09 लाख परिवारों को लाह, रेशम, औषधीय पौधे की खेती, ईमली, कृषि एवं पशुपालन से जोड़ा गया है। राज्य संपोषित झारखण्ड माइक्रोड्रिप इरिगेशन परियोजना के तहत करीब 14,246 किसानों को टपक सिंचाई तकनीक से जोड़ कर उन्नत खेती की जा रही है। इस परियोजना के तहत 30 हजार महिला-पुरुष किसानों को जोड़ने का लक्ष्य है।

### तकनीक में निपुण हो रहीं महिलाएं

राज्य में बैंकिंग कॉरेस्पॉन्डेंट सखी, पशु सखी, कृषि सखी, वनोपज मित्र, आजीविका रेशम मित्र, सीआरपी समेत, करीब 80,000 सामुदायिक कैडर को प्रशिक्षित कर परियोजना के क्रियान्वयन एवं विस्तारण में लगाया है। आधुनिक संचार तकनीक से इन महिलाओं का क्षमता वर्धन किया गया है।

> 2019 से पूर्व सखी मंडल को जितना क्रेडिट लिंकेज दिया गया, **उसका 10 गुना क्रेडिट लिंकेज विगत साढ़े चार वर्ष में दिया गया**

## झारखण्ड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना (JMMSY)



**रश्मि बुडेली, चाईबासा**
झारखण्ड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना से जो पैसा मुझे मिल रहा है, उसका उपयोग मैं अपनी पढ़ाई में करूंगी। झारखण्ड सरकार को धन्यवाद, उन्होंने हमें इस योजना से जोड़ा।
**हेमन्त दादा को धन्यवाद और जोहार**

**दिव्या तिवारी, विश्रामपुर, पलामू**
रक्षा बंधन पर हेमन्त भैया ने हमें उपहार दिया है। हर साल ₹12,000 प्राप्त होगा। हेमन्त भैया का आभार। यह पैसा मेरी जरूरतों को पूरा करने में सहयोग करेगा।
**हेमन्त भैया को धन्यवाद**





**रमिता रंजन, नावाडीह, चतरा**
योजना से जो पैसा मिला है और आगे जो पैसा मिलेगा, उसे अपने बच्चों की पढ़ाई में खर्च करूंगी। मेरे खाते में ₹1,000 आया है, हर साल मुझे ₹12,000 मिलेगा।
**सीएम हेमन्त जी को आभार**

**चांदनी देवी, पाकुड़**
26 अगस्त को मेरे बैंक अकाउंट में योजना का पैसा आ गया था। इस पैसे का उपयोग मैंने अपने छोटे-मोटे कार्यों में किया है। योजना में हमलोग को साल का ₹12,000 मिलेगा। महिलाओं के लिए यह बहुत अच्छी योजना है।
**हेमन्त सरकार को बहुत-बहुत धन्यवाद**



## अबुआ आभार हेमन्त सरकार



**मैं प्रकाश कुमार मंडल,**
धनबाद जिले का निवासी हूं। मेरा चयन पाइपलाइन इंस्पेक्टर (नगर विकास एवं आवास विभाग) में हुआ है। मैं खुश हूं, मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन जी के प्रयास से हम लोगों को समय पर नियुक्ति पत्र मिल गया। अब मैं झारखण्ड के विकास में अपना योगदान दूंगा।
**मुख्यमंत्री जी को बहुत-बहुत आभार...**



नियुक्ति नियमावलियों की अड़चनों को दूर कर **हजारों की संख्या में गरीब परिवार के युवाओं को सरकारी नौकरी दी गई।**

निजी क्षेत्र में भी हजारों की संख्या में स्थानीय युवाओं को ऑफर लेटर मिला। वर्तमान में **हजारों सरकारी नियुक्तियां प्रक्रिया में है।**

**मैं अंकिता कुजूर,**
झारखण्ड की निवासी हूं। मेरा चयन जूनियर इंजीनियर (यांत्रिक) के लिए हुआ है। मैं खुश हूं, मुख्यमंत्री जी ने जो वादा किया था, वह ससमय पूरा किया। हमें इंतजार का अच्छा परिणाम मिला और हम सरकार के अंग बनें।
**मुख्यमंत्री जी को बहुत-बहुत आभार...**



# महिलाओं के बड़े वर्ग को प्रभावित करेगा योजना



**सुमन देवी, बोकारो** ने कहा कि झारखण्ड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना से जुड़कर खुशी हो रही है। बच्चों की पढ़ाई में होने वाले खर्च में सरकार द्वारा दिए जा रहे इस राशि का उपयोग करूंगी। सुमन देवी ने कहा कि सरकार का यह प्रयास सराहनीय है। जरूरतमंद महिलाओं को झारखण्ड सरकार कई योजनाओं का लाभ दे रही है, लेकिन यह योजना, महिलाओं के बहुत बड़े समूह को प्रभावित करेगी।

जहां मैं रहती हूं, वहां की लगभग सभी महिलाओं को इस योजना का लाभ मिला है। रोजमर्रा की जरूरत को पूरा करने में यह राशि हम जैसी अन्य महिलाओं को काफी मदद करने वाली साबित होगी। जिससे बड़ी संख्या में महिलाओं को योजना का लाभ मिल सकेगा।

सुमन देवी ने कहा कि बच्चों की पढ़ाई में हर माह पैसे खर्च होते हैं, अब ₹1,000 की राशि जो झारखण्ड सरकार हम लोगों को दे रही है उससे हर माह होने वाले खर्च को हम लोग संतुलित कर पाएंगे और जीवन अच्छे से गुजर सकेगा।

सुमन देवी ने बताया कि इस योजना के संबंध में उसने अपने परिचितों को भी जानकारी दी है और वे भी इस योजना का लाभ ले चुकी हैं। सभी के बैंक खाता में ₹1,000 आ गया है।

बोकारो जिला में जगह जगह शिविर लगाकर हम महिलाओं को योजना से जोड़ा गया है। सरकार ने महिलाओं को आवेदन जमा करने और उसे भरने में काफी मदद की है। सुमन देवी ने कहा कि घर-घर प्रखण्ड कार्यालय से लोग योजना का आवेदन देकर गए थे।

आवेदन जमा करने के 10 दिनों के अन्दर पैसा आ गया। योजना को लेकर जितना कहा जाए, वह कम है। एक बार फिर झारखण्ड सरकार को आभार।

और विशेषकर सीएम हेमन्त भैय्या को बहुत-बहुत धन्यवाद देती हूं।

> मैं बारहवीं कक्षा की छात्रा हूं। मुझे दो-दो बार - ग्यारहवीं और बारहवीं कक्षा में सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना से ₹5-5 हजार का लाभ मिला है। हेमन्त दादा को धन्यवाद, जोहार!
>
> **सुशांति कुजूर, लोहरदगा**



# हम सभी कृतज्ञ हैं ...

**खूंटी** की स्नेहा कुमारी खुश है। उसे मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना से आच्छादित किया गया है। स्नेहा कहती है कि राज्य सरकार से जो उसे सम्मान राशि प्राप्त हो रही है, वह उसके आने वाले कल में सहायक होगी। वह इस राशि को अपनी शिक्षा में व्यय करेगी। उसने बताया कि उसकी कई सहेलियों को भी इस योजना का लाभ मिला है और वे सभी सरकार की इस योजना का स्वागत करती हैं। हेमन्त सरकार ने जो सम्मान दिया है, इसके लिए हम सभी कृतज्ञ हैं। राज्य के मुख्यमंत्री के प्रयास से यह संभव हो पाया और हम जैसी लड़कियों को योजना का लाभ मिलने लगा है। स्नेहा ने बताया कि उसके खाते में ₹1,000 की राशि आ गई है ऐसे ही उसके जानने वालों के खाते में भी राशि आई है।

मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उसने कहा कि इस तरह की अन्य योजनाएं भी महिलाओं को सशक्त कर रही हैं। खूंटी जिले में सखी मंडल के जरिए भी महिलाएं अपनी आजीविका के मार्ग को प्रशस्त कर रहीं हैं। खेती से लेकर बैंकिंग तक में खूंटी की महिलाओं की भूमिका देखी जा रही है, मुख्यमंत्री का यह प्रयास सराहनीय है।

स्नेहा ने बताया वह अन्य महिलाओं और अपनी सहेलियों को इस योजना का लाभ लेने के लिए प्रेरित करेगी।




# महिलाएं बनेंगी सशक्त...




**चाईबासा** प्रखंड की रहने वाली आशा रानी पूर्ति ने जब झारखण्ड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के संबंध में जाना तो उसकी खुशी का ठिकाना नहीं था। सुदूर गांव में रहने के कारण उसे ऑनलाइन आवेदन जमा करने में जब परेशानी हुई तो वह निराश हो गई, लेकिन दूसरे ही दिन मुख्यमंत्री ने जब ऑफ लाइन आवेदन लेने का आदेश दिया तो रानी पूर्ति का चेहरा खिल गया। रानी ने बताया कि इसके बाद उसने सीधे पंचायत भवन जाकर अपना आवेदन जमा कर दिया।

> **इससे मिलने वाले राशि का प्रयोग बच्चों की पढ़ाई-लिखाई के साथ-साथ खुद के जीवन को सशक्त करने में संबल प्रदान करेगी।**

रानी ने कहा कुछ ही दिन गुजरे थे कि उसे झारखण्ड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के तहत ₹1,000 की सम्मान राशि बैंक खाते पर प्राप्त हुई है। वह बताती है, कहने को तो सरकार की सभी योजनाएं लोगों के रहन-सहन में बदलाव लाने के लिए चलाई जाती है, परंतु राज्य के मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के द्वारा महिलाओं को सशक्त बनाने की सोच के तहत चलाई गई यह योजना काफी सार्थक है। इससे मिलने वाली राशि का प्रयोग बच्चों की पढ़ाई-लिखाई के साथ-साथ खुद के जीवन को सशक्त करने में संबल प्रदान करेगी। राज्य के मुख्यमंत्री को बहुत-बहुत धन्यवाद और जोहार करती हूं यह योजना राज्य के सभी महिला को सशक्त बनाने में काफी उपयोगी सिद्ध होगी। हम सभी को हर वर्ष ₹12,000 की राशि प्राप्त होगी।

## संक्षिप्त समाचार

### राजनैतिक हिस्सेदारी के लिए आपसी एकता जरुरी

**गया।** गया शहर के कपिलधारा स्थित महात्मा गणिनाथ आश्रम में रविवार को गया जिला लहेरी संघ की ओर से पांचवां वनभोज सह मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बिहार, झारखंड एवं उत्तर प्रदेश से लहेरी समाज के सैकड़ों महिला-पुरुष और बच्चे शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ बिहार प्रदेश लहेरी महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष मोहन प्रसाद साह एवं महासचिव अनिल कुमार गुप्ता समेत प्रदेशस्तरीय प्रतिनिधियों ने दीप प्रज्वलित कर किया।

### पार्टी जिलाध्यक्ष पर मनमानी का आरोप लगा कई जदयू नेताओं ने दिया इस्तीफा

**टिकारी।** लोकसभा चुनाव के दौरान जदयू के जिलाध्यक्ष रहे अभय कुमार सिन्हा के राजद में शामिल होकर राजद की टिकट से सांसद बनने के बाद से जदयू में बनाई गई कैडर का भी पार्टी से मोह भंग हो रहा है। रविवार को अमर शहीद लेनिन जगदेव प्रसाद की शहादत दिवस मनाये जाने के बहाने एकत्रित हुए जदयू कार्यकर्ताओं ने प्रखण्ड अध्यक्ष सुभाष कुमार के साथ पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। हालांकि पार्टी के प्रखण्ड अध्यक्ष सुभाष कुमार सहित अन्य नेताओं ने वर्तमान जिलाध्यक्ष द्वारिका प्रसाद पर उपेक्षा करने का आरोप लगाया। प्रखण्ड कमिटी के अलावा जिला के भी कई पदाधिकारियों ने इस्तीफा दिया। जिला महासचिव कमलेश कुमार कमल ने कहा कि विगत दिनों प्रदेश अध्यक्ष व मुख्यमंत्री का गया आगमन हुआ लेकिन पार्टी के सदस्यों व पदाधिकारियों को जिलाध्यक्ष द्वारा कोई सूचना नही दी गई। श्री कमल द्वारा पार्टी जिलाध्यक्ष पर मनमानी तरीके से पार्टी चलाने का आरोप लगाया। श्री कमल ने कहा कि आगे किस दल से जुड़ेंगे यह तय नही है। लेकिन हकमारी करने वाली पार्टी इकाई से इस्तीफा देना बेहतर विकल्प था। इस्तीफा देने वाले में पार्टी के जिला उपाध्यक्ष अशोक कुमार, विनोद यादव, सुभाष कुमार, नवल सिंह, अनिल कुमार, शंभु कुमार, अम्बिका प्रसाद, राजेश्वर प्रसाद, संतोष कुमार सहित कई लोग शामिल थे।

### स्कूल से चावल की चोरी

**परवलपुर।** भसिंगपुर मध्य विद्यालय शनिवार की रात्रि में साढ़े सात क्विंटल चावल की चोरी हुई। इसकी सूचना थाने को दे दी गई है। प्रभारी प्रधानाध्यापक प्रेम कुमार ने बताया कि रविवार के सुबह ग्रामीणों ने फोन कर ताला टूटा रहने की जानकारी दी। स्कूल आने पर दरवाजे की कुंडी टूटी मिली। सोलह बोरा चावल गायब था।

### नर्चवार टोला से जलनिकास के लिए पहल करने की मांग

**हरनौत।** नर्चवार गांव में जलनिकास की समस्या को लेकर आये दिन विवाद होता रहता है। जिसे देखते हुए समस्या के निदान के लिए ग्रामीणों ने प्रखंड कार्यालय व थाना में आवेदन दिया है। पहला मामला नर्चवार के पासवान टोला का है। टोला के रामेश्वर पासवान, चुन्नू कुमार, मुन्ना पासवान समेत पंद्रह लोगों का हस्ताक्षरयुक्त आवेदन बीडीओ को सौंपा गया है। आवेदन के अनुसार टोला से जलनिकास का साधन नहीं है। घर का पानी गिरने पर लोग आपस में झगड़ जाते हैं। ऐसे में टोला में जलनिकास की योजना से समस्या का हल हो सकता है। इससे लोग प्रेम से रह सकेंगे। बीडीओ उज्ज्वल कांत ने अग्रेतर कार्रवाई के आवेदन संबंधित पंचायत सचिव को सौंपा है। इसी तरह नर्चवार गांव के कपिल नोनिया ने थाने में आवेदन देकर अवधेश नोनिया व उसके परिवार पर जलनिकास का मार्ग अवरूद्ध करने और विरोध पर गाली-गलौज करने का आरोप लगाया गया। आवेदन के अनुसार जलनिकास के मार्ग से दस-बारह घरों का पानी निकलता है। पहले अवधेश नोनिया ने उसे मिट्टी से बंद करवा दिया। कुछ दिनों पहले वहां बालू, गिट्टी, ईंट से पूरी तरह बंद कर दिया। उनकी नीयत जमीन पर कब्जा करने की है।

### समाज को नई दिशा देने के लिए महर्षि कश्यप ऋषि ने की थी स्मृति ग्रंथ की रचना :डॉ प्रेम कुमार




**गया।** गया स्थित बागेश्वरी मंदिर प्रांगण में रविवार को गया नगर केशरवानी वैश्य सभा द्वारा आयोजित कुल गोत्राचार्य महर्षि कश्यप मुनि जी की जयंती समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में बिहार भाजपा के वरीय नेता,अखिल भारतवर्षीय चंद्रवंशी क्षत्रिय महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं बिहार सरकार के सहकारिता सह पर्यावरण,वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री डॉ प्रेम कुमार ने महर्षि कश्यप मुनि को श्रद्धा सुमन अर्पित की। डॉ कुमार ने कहा कि भारत कृषि प्रधान ही नहीं बल्कि पौराणिक काल से ऋषि प्रधान देश भी रहा है। सप्त ऋषियों में से एक ऋषि महर्षि कश्यप थे। इसके अलावे भी महर्षि कश्यप जी ने कश्यप संहिता की रचना करके तीनों लोकों में अमरता हासिल की। मंत्री डॉक्टर कुमार ने कहा कि भारत के ऐतिहासिक दस्तावेजों के अनुसार कैस्पियन सागर एवं भारत के शीर्ष प्रदेश कश्मीर का नामकरण भी महर्षि कश्यप जी के नाम पर ही हुआ था। सृष्टि की रचना में इनका महा योगदान की गाथा हमारे वेदों, पुराणों, स्मृतियां, उपनिषदों सहित अन्य अनेक धार्मिक साहित्य में भी लिखी मिलती है। कार्यक्रम में शंभू केसरी संरक्षक बिहार प्रदेश, संतोष कुमार प्रदेश कार्यवाहक अध्यक्ष, पंकज केसरी प्रदेश उपाध्यक्ष, जयप्रकाश केसरी प्रदेश उपाध्यक्ष, भुवन मोहिनी जी राष्ट्रीय मंत्री व अन्य लोग रहे।

### जनहित की समस्याओं को अधिकारी से समन्वय बना कर करेंगे दूर



**गया।** गया शहर के सर्किट हाउस में रविवार को हिन्दुस्तानी आवाम मोर्चा के राष्ट्रीय प्रवक्ता रोमित कुमार, राष्ट्रीय प्रवक्ता ई. नंदलाल मांझी व प्रदेश सचिव टूटू खां ने संयुक्त रूप से प्रेस वार्ता की। इसमें तीनों नेताओं ने पार्टी संस्थापक सह केन्द्रीय मंत्री जीतनराम मांझी द्वारा सांसद प्रतिनिधि के तौर पर मनोनयन से जुड़ी जानकारी दी गई। बता दें कि केन्द्रीय मंत्री ने गया संसदीय क्षेत्र के सांसद प्रभारी के रूप में रोहित कुमार, सदर अनुमंडल के सांसद सह प्रभारी के रूप में नंदलाल मांझी और शेरघाटी अनुमंडल के सांसद सह प्रभारी के रूप में टूटू खान का मनोनयन किया गया है। प्रेस वार्ता में गया सांसद प्रभारी रोमित कुमार ने कहा कि जिस उद्देश्य और विश्वास के साथ हमारे नेता जीतन राम मांझी ने दायित्व सौंपा है, उसकी जिम्मेदारी पूरी ईमानदारी से निवर्हन करेंगे। जनहित की समस्याओं को आम जनों और पदाधिकारी के बीच समन्वय स्थापित कर हल करने का प्रयास करेंगे। गया सदर अनुमंडल के सांसद प्रभारी ई. नंदलाल मांझी ने केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी और सूबे के कैबिनेट मंत्री डॉ. संतोष मांझी के प्रति आभार जताया।

# संदिग्ध परिस्थिति में युवक की मौत, हत्या का आरोप

## नालंदा में तालाब में मछली पकड़ने पहुंचा था, पूर्व मुखिया पुत्र पर मारपीट का आरोप

निज संवाददाता। नालंदा



नालंदा के पावापुरी ओपी थाना क्षेत्र के बकरा गांव में सोमवार की सुबह संदिग्ध हालत में एक युवक की मौत हो गई। मृत व्यक्ति के परिजन पूर्व मुखिया के बेटे पर पीट- पीट कर हत्या करने का आरोप लगा रहे हैं। मृतक की पहचान बकरा गांव निवासी बुंदेल केवट के (38) वर्षीय पुत्र अर्जुन केवट के रूप में की गई है। घटना के संबंध में अर्जुन केवट के ससुर नंद केवट ने बताया कि पूर्व मुखिया शिवनंदन प्रसाद रविवार की सुबह अर्जुन केवट को मछली मारने के लिए अपने गांव चोरसुआ बुलाकर ले गए था। मृतक तालाब में उतरकर मछली मार रहा था। इसी बीच शिवनंदन प्रसाद का पुत्र मनोज कुमार पहुंचा और अर्जुन केवट से गाली गलौज करने लगा। यह कहने लगा कि तालाब से मछली क्यों मार रहे हो।

**तालाब मे मछली मारने के दौरान की घटनाः** जिसके बाद अर्जुन केवट ने बताया कि शिवनंदन प्रसाद ने उसे मछली मारने के लिए कहा है। वो अपनी मर्जी से यहां नहीं आया है। मनोज कुमार ने इसी बीच पास रखें लकड़ी से अर्जुन केवट के सिर पर प्रहार कर दिया। चोट लगने से वो जख्मी होकर तालाब में गिर पड़ा। बेहोशी की हालत में मनोज ने तालाब से बाहर निकाला और घर आकर इसकी सूचना दी। मनोज ने मृतक के साला को बाइक पर बैठाकर तालाब के पास ले गया। उसे बताया कि अर्जुन केवट गिर गया है, जिसकी वजह से उसके सिर में गंभीर चोट आई है। मामले को लेकर आगे बताया गया कि इस घटना के बाद मनोज उसे अर्जुन केवट को बाइक से लेकर स्थित उसके घर पहुंचा। घर पर छोड़कर यह कहते हुए चला गया कि दर्द की सुई दिलवा दीजिए। ठीक हो जाएगा। जख्मी हालत में अर्जुन केवट को इलाज के लिए बिहार शरीफ लाया गया। गंभीर हालत देखते हुए बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर किया गया। निजी क्लिनिक में इलाज के दौरान सोमवार को अर्जुन की मौत हो गई। जिसके बाद स्थानीय पुलिस को घटना की जानकारी दी गई।

**पूर्व मुखिया के बेटे पर हत्या का आरोपः** परिजनों ने आरोप लगाया कि मनोज कुमार और शिवनंदन प्रसाद दोनों पिता-पुत्र में किसी बात को लेकर विवाद था। अर्जुन केवट मछली मारने पहुंचा था। इसी खुन्नस में मनोज ने लाठी-डंडे से सिर पर प्रहार कर अर्जुन की हत्या कर दी।

**पैर फिसलने पर हादसा- प्रशासनः** मामलें में पावापुरी ओपी प्रभारी नारद मुनि सिंह ने बताया कि प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई है कि अर्जुन केवट अक्सर शिवनंदन प्रसाद के तालाब में मछली मारने के लिए जाया करता था। रविवार को भी वह मछली मारने पहुंचा था। तालाब किनारे काई पर पैर रखने की वजह से वह फिसल गया और सिर के बल ईंट-पत्थर पर गिर गया। सिर में गंभीर चोट लगी और वह तालाब में जा गिरा। इलाज के क्रम में युवक की मौत हो गई। परिजन हत्या का आरोप लगा रहे हैं। पुलिस सभी बिंदुओं पर जांच में जुट गई है। आवेदन मिलने पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

# 14 दिन से युवक लापता, 54 लोगों के खिलाफ FIR



♦ नालंदा में आक्रोशितों ने सड़क जाम कर की थी अगजनी

निज संवाददाता। नालंदा

नालंदा के परवलपुर थाना क्षेत्र के बाना विगहा गांव से 26 अगस्त को एक युवक गायब हो गया था। शुक्रवार को खोजबीन के दौरान कटियारपर खंधा से जमीन में दबा हुआ मांस का टुकड़ा बरामद किया गया। ग्रामीण उसे गायब युवक का सिर बता कर हंगामा करने लगे, थाना का घेराव करने के बाद परबलपुर बस स्टैंड के पास बिहार शरीफ एकंगरसराय मुख्य मार्ग को जाम कर दिया था।

करीब 2 घंटे तक जाम की स्थिति बनी रही थी। इस दौरान आक्रोशितों ने जमकर बवाल काटा। ग्रामीण पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगा रहे थे। परवलपुर थाना के अपर थानाध्यक्ष पप्पू कुमार सिंह ने बताया कि सड़क जाम और उपद्रव के मामले में कुल 9 लोगों के खिलाफ नामजद, जबकि, 45 अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। बदमाशों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी में जुट गई है।

**रिपोर्ट आने के बाद होगा मामला साफः** परिजनों के आवेदन के आधार पर नामजद बदमाश को गिरफ्तार कर न्यायालय को सुपुर्द कर दिया गया है। फोरेंसिक जांच के लिए संदिग्ध अवशेष को पटना भेजा गया है। रिपोर्ट आने के बाद ही मामला स्पष्ट हो सकेगा। दरअसल, 26 अगस्त की सुबह 4 बजे परवलपुर के बीएसएनल टावर के रहने वाले छोटे चौधरी के कहने पर बबलू घर से बाहर गया था।

तभी से वह लापता हो गया है। इस मामले में बबलू की मां रीता देवी ने बेटे की गुमशुदगी का मामला परवलपुर थाना में 2 सितंबर को दर्ज कराया गया। जिसमें उन्होंने बताया कि उनका बेटा पिछले आठ दिनों से लापता है। जिसे छोटे चौधरी बुलाकर ले गया था।

## पहल : हरनौत में जीविका के दो संकुल संघ बने गवर्निंग बॉडी

निज संवाददाता। हरनौत

प्रखंड में जीविका के चांद महिला संकुल संघ और तारा महिला संकुल संघ का बिहार स्वावलंबी सहकारी समिति से निबंधन हो गया है। अब ये चांद जीविका महिला विकास स्वावलंबी सहकारी समिति लिमिटेड, पोआरी व तारा जीविका महिला विकास स्वावलंबी सहकारी समिति, गौतमनगर(हरनौत) के नाम से जानी जायेंगी। अध्यक्ष मीरा देवी व भारती पियरी को जिला समन्वयक धर्मनाथ प्रसाद ने पंजीयन प्रमाणपत्र सौंपा। इस दौरान प्रशिक्षण पदाधिकारी शिव कुमार, ओमप्रकाश, रजनीश कुमार सहित अन्य सम्बंधित लोग मौजूद थे। बीपीएम आफताब आलम ने बताया कि तारा व चांद संकुल संघ का बिहार स्वावलंबी सहकारी समिति अधिनियम 1996(बिहार अधिनियम 2, 1997) की धारा- 5 के अधीन निबंधन हुआ है। इससे दोनों संकुल संघ अब गवर्निंग बॉडी बन गये हैं। इससे प्रखंड में जीविका से उद्योग की स्थापना व रोजगार सृजन में तेजी आयेगी।

इसका सीधा फायदा प्रखंड में जीविका से जुड़े साढ़े 25 हजार परिवारों को मिलेगा। समिति से निबंधन के बाद चांद व तारा महिला विकास स्वावलंबी सहकारी समिति लिमिटेड अपने अधीन कार्यरत कर्मियों व जीविका दीदियों को अनुभव प्रमाणपत्र भी दे सकेंगे। 25-30 करोड़ तक लोन उन्होंने बताया कि संकुल संघ के रूप में कार्य करने के दौरान उसे बैंक से छह करोड़ तक का लोन मिल पाता था। इससे सतत जीविकोपार्जन योजना व अन्य छोटे-मोटे उद्योग धंधों को ही बढ़ावा दे पाते थे।

# यात्री बसों पर हमला, आधा दर्जन घायल, बदमाशों ने की हवाई फायरिंग

निज संवाददाता। नालंदा

नालंदा जिले में रविवार को हिलसा थाना क्षेत्र के नूरसराय-हिलसा मुख्य मार्ग पर बुढ़वा महादेव स्थान के पास हथियारबंद बदमाशों ने दो यात्री बसों पर हमला कर दिया है। हमले में कई यात्री घायल हो गए हैं। इलाके में भय का माहौल फैल गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, एक बस बिहार शरीफ से हिलसा पहुंची थी। दूसरी बस हिलसा से बिहार शरीफ जा रही थी। जैसे ही दोनों बसें बुढ़वा महादेव स्थान के पास पहुंचीं, दर्जनों की संख्या में लाठी-डंडे और हथियारों के साथ बदमाश वहां पहुंच गए और बसों को घेर लिया।

**20 राउंड हवाई फायरिंग और बसों पर पथरावः** हमलावरों ने पहले बसों पर पथराव किया और फिर शीशे तोड़ दिए। इसके बाद उन्होंने हवा में लगभग 20 राउंड फायरिंग की। हमले के दौरान बस चालक और परिचालक मौके से फरार हो गए। यात्रियों ने किसी तरह जान बचाकर आस-पास के घरों और दुकानों में शरण लिया।

**पुराने विवाद के बदले की आशंकाः** हमले में कम से कम आधा दर्जन यात्री घायल हुए हैं। घायलों ने स्थानीय क्लीनिकों में इलाज कराया है। हमले का कारण अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है। स्थानीय सूत्रों का कहना है कि यह घटना पिछले दिनों हुए एक विवाद का परिणाम हो सकता है। कुछ दिन पहले एक बाइक सवार और बस कर्मचारियों के बीच रास्ता न देने को लेकर झगड़ा हुआ था। हिलसा के डीएसपी सुमित कुमार ने इस घटना की पुष्टि करते हुए कहा कि मारपीट, तोड़फोड़ और गोलीबारी की सूचना मिली है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और कुछ संदिग्धों की पहचान की जा रही है। दोषियों को जल्द ही गिरफ्तार किया जाएगा।

**पूर्व रेलवे**

**निविदा सं.: सीएमएसजेएमपीएलपीआरसी2024, दिनांकः 06.09.2024,** अपर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, जमालपुर, जिला मुंगेर, बिहार-811214 द्वारा निविदा सं.: सीएमएसजेएमपीएलपीआरसी2024 के प्रतिपक्ष निम्नलिखित कार्य के लिए खुली ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। बोलीदाता केवल अंतिम तिथि और समय तक अपनी मूल/संशोधित बोली जमा कर पाएंगे। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं दी जाती है एवं मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होने पर ध्यान नहीं दिया जाएगा। **कार्य का नाम:** अनुबंध प्रारंभ होने की तिथि से 02 (दो) वर्ष की अवधि के लिए, वर्कशॉप रेलवे अस्पताल पूर्व रेलवे, जमालपुर के लिए दिन-प्रतिदिन की स्थानीय खरीद के लिए दवाओं, सर्जिकल वस्तुओं और कंज्यूमेबल की आपूर्ति के लिए दर अनुबंध। **बोली प्रणाली** : एकल पैकेट। **निवादा कागजात का मूल्यः** रु. 37,73,990/-, **बयाना राशिः** रु. 75,500/- **प्रस्ताव की वैधता :** 365 दिन। **निविदा की अंतिम तिथि और समयः** दिनांक 30.09.2024 को 15.00 बजे। निविदा का विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है।

MED-05/2024-25

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

## ध्यान से जीवन को अनमोल बनाने के संदेश के साथ ''ध्यान महायज्ञ'' का हुआ समापन

निज संवाददाता। बोधगया



बोधगया बोधगया के महाबोधि सांस्कृतिक. केंद्र में आयोजित ''''पत्रीजी बोधगया ध्यान महायज्ञ 2024'''' के अंतिम दिन बड़ी संख्या में लोगों की उपस्थिति रही। देश-विदेश से आए हजारों लोगों ने कार्यक्रम में भाग लेकर इस महायज्ञ को सफल बनाया। अहले सुबह कार्यक्रम की शुरुआत लाइव संगीत ध्यान कार्यक्रम से हुई। जिसमें एकत्रित होकर लोगों ने ध्यान किया। कार्यक्रम के आगे के सत्र में देश के दूसरे राज्यों से कई मास्टर्स ने ध्यान से संबंधित अपने विचार रखे। आंध्र प्रदेश से आईं इनकम टैक्स अधिकारी, मास्टर शोभा ने अपने विचार रखते हुए कहा कि वह कई प्रकार की बीमारियों से ग्रसित थीं, पर ध्यान के जरिये अब स्वस्थ हूँ। उन्होंने आगे बताया कि आंध्रप्रदेश में 5 लाख से अधिक बच्चों को ध्यान सिखाया और पौने 3 लाख बच्चों के बीच निशुल्क ध्यान की किताबें वितरित की।इस ध्यान कार्यक्रम में विशेष रूप से बेंगलुरू से शामिल होने आईं परिणीता पत्री ने कहा कि देश में 25 हजार से अधिक पिरामिड बनाया गया है और बिहार के बोधगया में लोगों की सहायता से मेगा पिरामिड सेंटर बनवाने का संकल्प लिया। पिरामिड के अंदर बैठ कर ध्यान करने से शरीर में कॉस्मिक एनर्जी का संचार होता है जिससे शारीरिक कष्ट दूर होता है और मानसिक शांति मिलती है। दक्षिण भारत से बोधगया आये मास्टर मिता मनोहर ने कहा कि पापों से मुक्त होना है तो ध्यान साधना जरूरी, ध्यान कही भी किया जा सकता है मंदिर, मास्टर की समाधि, पिरामिड, प्राकृतिक वातावरण में ध्यान कर के शरीर में ऊर्जा का संचार होता है। गुजरात से बोधगया आये प्राकृतिक चिकित्सक (नेचुरोपैथी डॉक्टर) डॉ0 धीरेन सरीन ने अपने सत्र ''''नो डॉक्टर नो मेडिसिन, गोली को गोली मारो'''' में कहा कि शरीर, मन, और आत्मा पर संयम रखने से बीमारियां होगी दूर। उन्होंने बताया कि मैंने हजारों का इलाज किया और लाखों लोग ठीक हुए। साथ ही मानसिक अशांति, नकारात्मक विचार, लाइफ स्टाइल और भोजन में बदलाव जैसी चीजों पर प्रकाश डाला। सांस्कृतिक कार्यक्रम में कलाकारों ने बिहार के लोक नृत्य एवं संगीत की प्रस्तुति दी।

## समाज के विकास के लिए सभी को होना होगा एकजुट : सतीश



निज संवाददाता। गया

समाज के विकास के लिए सभी को एकजुट होना होगा। एकजुटता से ही राजनीति भागीदारी संभव है। हमें अपने हक की लड़ाई लड़नी होगी। आप सभी भी समाज के हर वर्ग की मदद करेंगे। ये बातें रविवार को शहर के बागेश्वरी मंदिर में गया नगर केसरवानी वैश्य सभा के बैनर तले आयोजित महर्षि कश्यप जी की जयंती समारोह के शुभारंभ के बाद जिलाध्यक्ष सतीश केशरी ने कहीं। बताया कि हम सभी महर्षि कश्यप ऋषि की संतान है। इस आयोजन का उद्देश्य आपसी भाईचारा और एकता को और मजबूत करना है। बता दें कि जयंती समारोह सह वन भोज में सबसे पहले समाज के लोगों ने कुल गोत्राचार्य महर्षि कश्यप जी की पूजा-अर्चना की। इसके बाद बच्चे और महिलाओं के बीच खेल प्रतियोगिता हुई। शाम में केसरवानी समाज के इतिहास वाली पुस्तक का विमोचन सूबे के मंत्री डॉ. प्रेम कुमार न किया। मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने भी केशरी समाज को हर संभव मदद का भरोसा दिया। इस जयंती समारोह में करीब पांच हजार से ऊपर केसरवानी समाज के लोग जुटे। खेल से लेकर हुई मेहंदी प्रतियोगिता जयंती सह वनभोज समारोह में समाज के बच्चे, युवक, युवतियां, महिलाएं व पुरुषों के बीच तरह-तरह की प्रतियोगिता हुई। इसमें नींबू दौड़, जीके, म्यूजिकल चेयर गेम और मेहंदी प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया।

**दक्षिण पूर्व रेलवे के तहत नॉन-इंटरलॉकिंग कार्य के लिए ट्रेनों की नियंत्रण व्यवस्था**

खड़गपुर-आदित्यपुर तीसरी लाइन परियोजना कार्य के संबंध में, दक्षिण पूर्व रेलवे के तहत चक्रधरपुर मंडल के आदित्यपुर स्टेशन पर 9 दिनों के प्री - प्री नॉन-इंटरलॉकिंग (दिनांक 07.09.2024 से 15.09.2024 तक), 12 दिनों के प्री नॉन-इंटरलॉकिंग (दिनांक 16.09.2024 से 27.09.2024 तक) और 1 दिन के नॉन-इंटरलॉकिंग (दिनांक 28.09.2024 को) कार्य का निष्पादन किया जाएगा। इसके फलस्वरूप, ट्रेनों के आवागमन में निम्नलिखित व्यवस्था की गई है:- • **रद्दगी: 18183/18184** टाटानगर-बक्सर-टाटानगर एक्सप्रेस (यात्रा शुरू दिनांक 27.09.2024 और 28.09.2024/28.09.2024 और 29.09.2024) • **मार्ग परिवर्तन: (1) 13288** आरा-दुर्ग साउथ बिहार एक्सप्रेस (यात्रा शुरू दिनांक 27.09.2024)/**13287** दुर्ग-आरा साउथ बिहार एक्सप्रेस (यात्रा शुरू दिनांक 28.09.2024) दोनों दिशाओं में चाण्डिल-टाटानगर-सिनी के बदले चाण्डिल-कान्ड्रा-सिनी होकर मार्ग परिवर्तित करेंगी। **(2) 15630** सिलघाट टाउन-ताम्बरम नागांव एक्सप्रेस (यात्रा शुरू दिनांक 27.09.2024) जयचंडी पहाड़-पुरुलिया-टाटानगर-हिजली के बदले जयचंडी पहाड़-आद्रा-मिदनापुर-हिजली होकर मार्ग परिवर्तित करेगी। • **संक्षिप्त यात्रा समाप्त/संक्षिप्त यात्रा शुरू: (1) 08173/08174** आसनसोल-टाटानगर-आसनसोल पैसेंजर (यात्रा शुरू दिनांक 07.09.2024 से 28.09.2024) पुरुलिया में संक्षिप्त यात्रा समाप्त/से संक्षिप्त यात्रा शुरू करेगी और पुरुलिया एवं टाटानगर के बीच रद्द रहेगी **(2) 13511/13512** टाटानगर-आसनसोल-टाटानगर एक्सप्रेस (यात्रा शुरू दिनांक 07.09.2024 से 28.09.2024) पुरुलिया में संक्षिप्त यात्रा समाप्त/से संक्षिप्त यात्रा शुरू करेगी और पुरुलिया एवं आसनसोल के बीच रद्द रहेगी • **नियंत्रण: 15930** न्यू तिनसुकिया-ताम्बरम एक्सप्रेस (यात्रा शुरू दिनांक 16.09.2024) और **18184** बक्सर-टाटानगर एक्सप्रेस (यात्रा शुरू दिनांक 23.09.2024) मार्ग में 1 घंटे के लिए नियंत्रित की जाएगी (दोनों ट्रेन)। असुविधा के लिए खेद है।

**मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक**

**पूर्व रेलवे**

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**ई-निविदा सं. जोन 178_2024-25, दिनांक 06.09.2024,** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, डीआरएम बिल्डिंग, रेलवे स्टेशन के पास, हावड़ा-711101 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए सिंचाई/ सीपीडब्ल्यूडी/एसईबी/एमईएस या किसी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम से पंजीकृत समेत समप्रकृति के कार्य के अनुभवी एवं अपेक्षित वित्तीय संपन्न निविदाकारों से **वरिष्ठ डीईएन/3/हावड़ा** के अधीन निम्नलिखित ई-निविदा ऑनलाइन आमंत्रित की जाती है। **कार्य का विवरण** : हावड़ा मंडल की मेन लाइन शाखा पर गंगपुर और बर्द्धमान स्टेशनों के बीच डाउन/एचबीसी और डाउन/मेन पर ब्रिज नं. 209 के गर्डरों की बदली। **अनुमानित मूल्य :** रु. 10,90,46,376.54, **बयाना राशिः** रु. 6,95,200/-, **समापन अवधि :** स्वीकृति पत्र जारी करने की तिथि से 12 (बारह) माह। यदि निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लिखित अंतिम तिथि को किसी भी कारण से अवकाश/बंद/हड़ताल घोषित किया जाता है, तो ऑनलाइन निविदा की अंतिम तिथि नहीं बदली जाएगी क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में किया गया आवेदन, निविदा की अंतिम तिथि और समय के बाद किसी भी प्रस्ताव को जमा करने की अनुमति नहीं देता है। तथापि निविदाओं का ऑनलाइन खोला जाना अगले कार्यदिवस में किया जाएगा। **निविदा की अंतिम तिथि और समय** : दिनांक 27.09.2024 को 14.00 बजे। निविदा का विवरण वेबसाइट : **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाकारों से अनुरोध किया जाता है कि अपने प्रस्ताव को उपर्युक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करें। **ईएमडी और टीडीसी का भुगतान**-ई-निविदा प्रणाली के मामले में, बयाना राशि जमा (ईएमडी) और निविदा कागजात की लागत (टीडीसी) का भुगतान, केवल नेट बैंकिंग या पेमेंट गेटवे के माध्यम से स्वीकार किया जाएगा। **टिप्पणी**: आईआरईपीएस (ई-निविदा पोर्टल) पर आमंत्रित निविदाओं के लिए ईएमडी के रूप में कोई फिक्स्ड डिपॉजिट रिसीट (एफडीआर) स्वीकार नहीं की जाएगी। कोई मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार्य नहीं होगा।

HWH-273/2024-25

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

Page 11



खेल

इटली के जैनिक सिनर ने जीता यूएस ओपन, दूसरा ग्रैंड स्लैम टाइटल जीता

जन-जन की वाणी...

हिन्दी दैनिक

# सोन वर्षा वाणी

औरंगाबाद, आरा एवं रांची से प्रकाशित

Page 10



देश

असम में जमीनों के सौदों पर कड़े होंगे प्रतिबंध, अवैध शरणार्थियों को किया जायेगा बाहर

मूल्य ₹ 2.00

शुक्ल पक्ष, अनुराधा, विक्रम संवत् 2081 • औरंगाबाद • मंगलवार • 10 सितंबर 2024 • वर्ष 26 • अंक 271 • पृष्ठ 12

## सोना चांदी

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 10 ग्राम 22 कैरेट | 1 किलो चांदी |
| ₹ 66,800 | ₹85,000 |



## आज का इतिहास

- **1887 :** भारत के प्रसिद्ध स्वतंत्रता सेनानी तथा उत्तर प्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री गोविंद वल्लभ पंत का जन्म अल्मोड़ा जिले के खोत नामक स्थान पर हुआ।
- **1966 :** भारतीय संसद ने आज ही दिन पंजाब और हरियाणा राज्य के गठन को मान्यता प्रदान की।

## न्यूज बाइट्स

### देश में कुल 1,69,615 स्वास्थ्य उप-केंद्र

**नई दिल्ली (ए.)।** देश में कुल 1,69,615 स्वास्थ्य उप-केंद्र , 31,882 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र , 6,359 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र , 1,340 उप-मंडल एवं जिला अस्पताल , 714 जिला अस्पताल और 362 मेडिकल कॉलेज हैं ।

पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग : राज्य के पशु चिकित्सा क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण पहल

# 534 मोबाइल पशु चिकित्सा इकाईयों एवं कॉल सेन्टर का लोकार्पण एवं शुभारंभ

## बिहार में घर-घर जाकर जानवरों का इलाज करेंगे वेटरनरी डॉक्टर, टोल फ्री नंबर और एप से कर सकते हैं संपर्क, दवाइयां भी मुफ्त, 534 मोबाइल वैन तैयार

निज संवाददाता | पटना

बिहार सरकार 3 करोड़ 35 लाख से अधिक जानवरों का घर जाकर इलाज करेगी। मोबाइल ऐप (किसान पशुपालक ऐप), कॉल सेंटर (1962), मोबाइल पशु चिकित्सा इकाई के जरिए इलाज की जाएगी। इसके लिए बिहार सरकार ने 1 हजार 100 डॉक्टरों की टीम को तैनात किया है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने 534 प्रखंड के लिए एक-एक मोबाइल वैन दिए हैं। उन्होंने आज डोर स्टेप पशु चिकित्सा सेवा की शुरुआत की है। बिहार में 1 हजार 135 वेटरनरी हॉस्पिटल है, लेकिन यहां पर परमानेंट 1 हजार 100 डॉक्टर बहाल हैं। पशुपालन विभाग के प्रधान सचिव डॉ. एन विजयलक्ष्मी ने बताया कि बिहार में कुल 1 हजार 135 वेटरनरी हॉस्पिटल हैं, वहीं डॉक्टरों की कुल संख्या 1 हजार 100 है। उन्होंने बताया कि वेटरनरी पास आउट होने वाले एक भी स्टूडेंट बेरोजगार नहीं है। हम लोगों ने हर एक को नौकरी दिया है। बिहार में हाथी, घोड़ा, मुर्गा, बकरी, भैंस सहित सभी जानवरों का इलाज मुफ्त किया जाएगा। दवाइयां भी मुफ्त में दी जाएंगी। पशुपालन मंत्री रेणु कुमारी ने बताया कि सुबह 9:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक कॉल सेंटर में टोल फ्री नंबर 1962 पर कॉल कर या फिर मोबाइल ऐप (किसान पशुपालक ऐप) के जरिए वेटरनरी डॉक्टर से संपर्क कर सकते हैं। मोबाइल पशु चिकित्सा इकाई की टीम घर पर जाकर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराएगी। कॉल सेंटर में टेली मेडिसिन की भी व्यवस्था होगी। ऑडियो-वीडियो कॉल पर जानकारी दी जाएगी। मंत्री ने कहा कि वेटरनरी डॉक्टर को हर दिन दो गांव में जाना होगा। शिविर लगाकर इलाज और प्रचार-प्रसार करना होगा। पशुपालकों को अब वेटरनरी हॉस्पिटल का चक्कर नहीं लगाना होगा। बिहार सरकार में डोर टू डोर सर्विस का शुभारंभ किया है। नई योजना के बारे में पशुपालन मंत्री ने बताया कि वेटरनरी डॉक्टर एक कॉल और मोबाइल ऐप के जरिए आपके पशुओं का इलाज घर पर आकर करेंगे। 500 किलो तक की वजन वाली गाय को अस्पताल नहीं लाना पड़ेगा। ए2 मिल्क (भारतीय नस्ल के गायों की दूध) और ए1 मिल्क (विदेशी नस्ल की गायों) में से कौन ज्यादा फायदेमंद होता इसका जवाब डॉ. एन विजयलक्ष्मी ने दिया। उन्होंने कहा कि बाजार में 80 से 150 रुपए किलो दूध बेचे जा रहे हैं। घी 2 हजार से 3 हजार रुपए प्रति किलो लोग खरीद रहे हैं।




### 227 ब्लॉक में बिहार के खजाने से इलाज

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज डोर स्टेप पशु चिकित्सा सेवा की शुरुआत की है। सभी 534 प्रखंड के लिए एक-एक मोबाइल वैन दिए गए हैं, लेकिन बिहार सरकार में 227 प्रखंड ऐसे हैं जहां बिहार सरकार को अपने खजाने से मोबाइल वैन खरीदकर देना पड़ा है। आत्मनिर्भर बिहार, निश्चय पार्ट-2 के तहत वैन मिले हैं। इस पर मंत्री रेणु कुमारी ने कहा कि केंद्र और बिहार सरकार की योजना में 60 फीसदी और 40 फीसदी का हिस्सा होता है। उसी के तहत यह योजना शुरू की गई है।

### नीलगायों के नसबंदी की तैयारी

पशुपालन मंत्री रेणु कुमारी ने कहा है कि नीलगाय किसानों की फसल बर्बाद कर रहा है। बिहार सरकार उसे मारने की योजना लाई है। इस योजना पर काम हो रहा है। पत्रकारों के एक सवाल पर पशुपालन मंत्री रेणु देवी ने कहा कि जरूरत पड़ी तो नीलगाय की नसबंदी करेंगे। इस पर विचार किया जाएगा, जिससे इसकी आबादी नहीं बढ़ें।

बिहार में निवेश के नए आयाम

# देश-विदेश में इन्वेस्टर्स मीट और 50530 करोड़ के निवेश का समझौता



निज संवाददाता | पटना

बिहार में औद्योगिक विकास को प्रोत्साहित करने और रोजगार सृजन के उद्देश्य से राज्य सरकार ने एक बड़ा कदम उठाया है। उद्योग विभाग के नेतृत्व में देश और विदेश के विभिन्न स्थानों पर इन्वेस्टर्स मीट का आयोजन किया गया, जिसमें दिल्ली, मुंबई, कोलकाता, बेंगलुरु, चेन्नई, दुबई और सैन फ्रांसिस्को (अमेरिका) जैसे प्रमुख शहर शामिल थे। इन बैठकों का मुख्य उद्देश्य निवेशकों को बिहार में निवेश के लिए आकर्षित करना और राज्य की औद्योगिक संभावनाओं को उजागर करना था। दिसंबर 2023 में आयोजित बिहार बिजनेस कनेक्ट, एक मेगा इवेंट के रूप में उभरा, जिसमें 16 देशों के 600 से अधिक कंपनियों ने भाग लिया। इस आयोजन में कुल 50,530 करोड़ रुपये के निवेश के लिए समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। इनमें से 278 कंपनियों ने बिहार में निवेश की अपनी प्रतिबद्धता जताई, जिसमें से 36,000 करोड़ रुपये का निवेश औपचारिकताओं के बाद जल्द ही धरातल पर उतारा जाएगा। इस महत्वपूर्ण जानकारी की घोषणा बिहार के उद्योग मंत्री, श्री नीतीश मिश्रा ने सूचना भवन में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन के दौरान की। बिहार स्टार्टअप नीति के तहत नए उद्यमियों को वित्तीय सहायता, प्रौद्योगिकी, प्रशिक्षण, और बाजार तक पहुंचने में मदद दी जा रही है। इस नीति का उद्देश्य राज्य में नवाचार को बढ़ावा देना और उद्यमियों को अपने व्यवसाय को स्थापित करने के लिए एक अनुकूल वातावरण प्रदान करना है।

### निवेश प्रोत्साहन के लिए आकर्षक नीतियां

उद्योग मंत्री ने बताया कि बिहार सरकार सूक्ष्म से लेकर वृहद उद्योगों की स्थापना, स्टार्ट-अप को प्रोत्साहित करने और राज्य में औद्योगिक विकास के साथ-साथ रोजगार सृजन के लिए प्रतिबद्ध है। राज्य में निवेश को आकर्षित करने के लिए उद्योग विभाग द्वारा कई आकर्षक नीतियों को लागू किया गया है। इनमें 'बिहार स्टार्टअप नीति' प्रमुख है, जो नवोदित उद्यमियों और स्टार्टअप्स को प्रोत्साहन देने का कार्य कर रही है।

झारखण्ड सरकार GOVERNMENT OF JHARKHAND

सेवा ही लक्ष्य झारखण्ड पुलिस

# जन शिकायत समाधान कार्यक्रम

## नागरिकों की शिकायतों के त्वरित एवं प्रभावी निवारण हेतु झारखण्ड पुलिस की पहल

### कार्यक्रम के उद्देश्य

- नागरिकों के पुलिस से संबंधित शिकायतों को प्राप्त करना एवं उक्त शिकायतों का पंजीकरण किया जाना।
- शिकायतों पर पुलिस के द्वारा की गई कार्रवाई की सूचना शिकायतकर्ता को प्रेषित करना।
- निर्धारित समय सीमा के भीतर कार्रवाई नहीं होने की स्थिति में वरीय पदाधिकारियों के संज्ञान में विषय को प्रेषित किया जाना।
- कार्रवाई योग्य शिकायतों पर त्वरित एवं प्रभावी निवारण करना।
- जिन शिकायतों पर कार्रवाई संभव नहीं है, उनकी भी जानकारी शिकायतकर्ता को उपलब्ध करना।
- पुलिस द्वारा बनाये जा रहे सर्वोत्तम पद्धतियों को इन कार्यक्रमों के दौरान प्रदर्शित करना।
- नागरिकों की समस्या को समझते हुए पुलिस व्यवस्था में आवश्यक नीतिगत सुधार करना।



**आज, 10 सितंबर के दिन नजदीकी जन शिकायत समाधान कार्यक्रम में जाकर अपनी समस्या का समाधान जरूर करवायें**

PR. No. 335211/IPRD/2024-25

सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार

# आकांक्षी जिला से संबंधित डीएम ने की बैठक




**निज संवाददाता | नवादा**

समाहरणालय सभागार में जिला पदाधिकारी, नवादा आशुतोष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में आज आकांक्षी जिला की बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा बताया गया कि पूरे देश भर में 112 आकांक्षी जिलों में बिहार के 13 जिले शामिल है, जिसमें नवादा जिला भी एक है। उन्होंने उपस्थित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि आप सभी तन्मयता के साथ कार्यों का निष्पादन करेंगे ताकि नवादा जिला को तीव्र गति से विकसित किया जा सके। उन्होंने बताया कि मुख्यतः 05 विषयगत क्षेत्र है जिसमें (1) स्वास्थ्य एवं पोषण (2) शिक्षा (3) कृषि एवं जल संसाधन (4) सामाजिक विकास - वित्तीय समावेशन, कौशल विकास एवं (4) आधारभूत संरचना। उक्त पांचों विषय के अन्दर 49 इंडिकेटर्स हैं, जिनपर संबंधित विभागों को कार्य करने का आदेश दिया गया। जिलाधिकारी ने जिला शिक्षा पदाधिकारी को आकांक्षी जिला अन्तर्गत स्कूलों में बिजली, पानी एवं शौचालय की समुचित व्यवस्था करने का निर्देश दिया। स्वायल हेल्थ कार्ड में जिला कृषि पदाधिकारी को शत्-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने का निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा कि आकांक्षी जिला के पैमानों को पूरा करना है। सरकारी योजनाओं को धरातल पर लाने के लिए संबंधित अधिकारी को आवश्यक निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी ने बताया कि नीति आयोग द्वारा संचालित आकांक्षी जिला कार्यक्रम और आकांक्षी प्रखंड अन्तर्गत 04 जुलाई 2024 से 30 सितम्बर 2024 तक सम्पूर्णता अभियान चलाया जा रहा है। इसके लिए जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्धारित योजना एवं रणनीति के अनुरूप 30 सितम्बर 2024 तक हर हाल में शत्-प्रतिशत उपलब्धि प्राप्त करने का सख्त निर्देश दिये। संबंधित विभाग से डाटा सही नहीं मिलने पर जिला पदाधिकारी द्वारा नाराजगी व्यक्त की गयी एवं उन्होंने फटकार लगाते हुए कहा कि आप सभी डाटा दुरूस्त करके ही बैठक में उपस्थित रहेंगे। बैठक में सिविल सर्जन, अपर समाहर्त्ता नवादा, जिला पंचायत राज विभाग पदाधिकारी, गोपनीय प्रभारी, प्रभारी जिला सूचना एवं जन सम्पर्क पदाधिकारी, प्रभारी पदाधिकारी जिला स्थापना शाखा, जिला शिक्षा पदाधिकारी, अनुमंडल लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी, जिला कृषि पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी पकरीबरावां एवं काशीचक, एमओआईसी पकरीबरावां एवं काशीचक के साथ-साथ अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

# पूर्व मुखिया सह समाजसेवी का मनाया गया नौवीं पुण्यतिथि




**निज संवाददाता | रजौली (नवादा)**

नगर पंचायत क्षेत्र के महादेव मोड़ के समीप सोमवार को टकुआटांड पंचायत के पूर्व मुखिया सह समाजसेवी स्वर्गीय महादेव यादव की नौवीं पुण्यतिथि मनाई गई। पुण्यतिथि के अवसर पर उपस्थित गणमान्य और प्रबुद्ध जनों ने उनके तैलीय चित्र पर माल्यार्पण और पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित किया। वहीं श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए बिहार विधान परिषद सदस्य प्रोफेसर डॉ. नवल किशोर यादव ने कहा कि मैं इस परिवार से लगभग 30 वर्षो से मेरा संबंध रहा है। महादेव बाबु सभी के दिलों में बसते हैं और वैसे ब्यक्तित्व कभी मरता नही वो हमसबों के बीच हैं। उन्होंने हमेशा गरीब-गुरबो के भलाई के लिए सोचते थे और हमेशा जमात को साथ लेकर चलते थे। श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए राजद प्रदेश सचिव श्रवण कुशवाहा ने कहा की आना-जाना प्रकृति का नियम है। पर कुछ ऐसे पुण्यात्मा हमलोगों के बीच से चले गये है जिनका दुःख हम सबों को है। अच्छा होता कुछ दिन उनके सानिध्य में रहने का मौका मिलता। इस मौके पर राजद सहित सैकड़ों गणमान्यजन उपस्थित थे।

# हवन पूजा के साथ सम्पन्न हुआ गणेश पूजा



» मंत्रोच्चारण के साथ श्रद्धालुओं ने हवन पूजा कर तीन दिवसीय कार्यक्रम को समापन कर शोभायात्रा निकाली।

**निज संवाददाता | नारदीगंज (नवादा)**

प्रखंड के ओड़ो गांव स्थित ब्राह्मण टोला में गणेश पूजा के अवसर पर सोमवार को सुबह सात बजे से दूब मोदक से विध्न विनाशक भगवान गणेश जी का अभिषेक श्रद्धा भाव से वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ श्रद्धालुओं ने हवन पूजा कर तीन दिवसीय कार्यक्रम को समापन कर शोभायात्रा निकाली। इस दौरान भजन कीर्तन होने से सारा वातावरण भक्तिमय रहा। बूढ़े, बच्चे, युवा काफी उत्साहित होकर गणपति बप्पा की जयकारे लगाते रहे। यह कार्यक्रम श्री गणेश युवा सेवा संस्थान, ओड़ो के सौजन्य से किया गया। मौके पर व्यवस्थापक अम्बुज कुमार मिश्रा, विनय कुमार मिश्र, संतोष कुमार मिश्र, नलिन विलोचन मिश्र, विष्णुबल्लभ पांडेय समेत अन्य रहे।

# प्रभारी प्राचार्य का असिस्टेंट प्रोफेसर पद पर चयन, सम्मान समारोह में मिली बधाईयां



**निज संवाददाता | नारदीगंज (नवादा)**

स्थानीय इंटर विद्यालय नारदीगंज के प्रभारी प्राचार्य डॉ. कारु रजक को बड़ी उपलब्धि हासिल हुई है। डॉ. रजक का चयन असिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर हुआ है, जिससे पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर है। उनकी इस सफलता को लेकर सोमवार को एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें ओड़ो पंचायत के पूर्व मुखिया और सामाजिक कार्यकर्ता अरविन्द मिश्रा ने विशेष रूप से भाग लिया। समारोह के दौरान अरविन्द मिश्रा ने डॉ. रजक को शॉल ओढ़ाकर और गीता भेंट कर सम्मानित किया। इस मौके पर उन्होंने डॉ. रजक की मेहनत, समर्पण और शिक्षा के क्षेत्र में उनके योगदान की सराहना की। मिश्रा ने कहा कि यह उपलब्धि न केवल डॉ. रजक के लिए, बल्कि पूरे नारदीगंज क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने डॉ. रजक के उज्ज्वल भविष्य की कामना की और उम्मीद जताई कि वे शिक्षा के क्षेत्र में इसी तरह अपनी सेवाएं देते रहेंगे और समाज को प्रेरित करते रहेंगे। इस अवसर पर विद्यालय के कई वरीय शिक्षक और अन्य गणमान्य लोग भी उपस्थित थे। कार्यक्रम में बुन्देल मांझी, प्रशांत तिवारी, वरीय शिक्षक कृष्ण कांत इचा गुड्डू, डॉ. सुधा कुमारी, मो. जाफरी, मो. समीर खान, संतोष कुमार और राजन कुमार समेत अन्य शिक्षक भी मौजूद रहे। सभी ने डॉ. रजक को बधाई दी और उनकी इस उपलब्धि की प्रशंसा की। डॉ. कारु रजक की शिक्षा के प्रति उनकी प्रतिबद्धता और परिश्रम ने उन्हें इस मुकाम तक पहुंचाया है। असिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर उनका चयन यह दर्शाता है कि मेहनत और समर्पण से कोई भी लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। नारदीगंज के विद्यार्थियों और शिक्षकों ने भी इस मौके पर खुशी जताई और कहा कि डॉ. रजक ने शिक्षा के क्षेत्र में एक प्रेरणा स्त्रोत के रूप में अपनी पहचान बनाई है। इस सम्मान समारोह के बाद विद्यालय में एक सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया, जहां विद्यार्थियों ने अपने प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

# नव प्रवेशी छात्रों के लिए उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन

**करगहर (रोहतास)**। एस एन कॉलेज शाहमल खैरा के सभागार में सोमवार को 4 वर्षीय स्नातक पाठ्यक्रम 2024- 28 के नव प्रवेशी छात्रों के लिए उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन प्राचार्य डॉक्टर राजेश्वर प्रसाद ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर नव प्रवेशी छात्रों व शिक्षकों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि 4 वर्षीय स्नातक पाठ्यक्रम तीन हिस्सों में भी विभाजित किया गया है। खास बात यह है कि रोजगार से जोड़ने के लिए वोकेशनल और इंटर्नशिप को अनिवार्य किया गया है। इसके अलावा छात्रों को भारत की समृद्ध विरासत पर्यावरण भाषा पड़ोसी समेत दुनिया के देशों के हालात मुद्दों से लेकर साइबर सिक्योरिटी आदि की पढ़ाई अनिवार्य रूप से करनी होगी। उन्होंने कहा कि इसका मुख्य मकसद छात्रों को विषय के अलावा ओवर ऑल विकास विज्ञान से जोड़ना है।

# गर्भावस्था में पौष्टिक आहार जरूरी है : डा0 नवीन



**निज संवाददाता | नारदीगंज (नवादा)**

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, नारदीगंज में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत सोमवार को गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य जांच हुआ। अध्यक्षता प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा. नवीन कुमार ने की। आयोजित शिविर में विभिन्न गांवों के 265 गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य जांच की गई। इस कैंप में गर्भवती महिलाओं को खून की कमी से बचने के लिए संतुलित आहार और आयरन की गोली लेने की सलाह दी गई। इसके अलावा शिविर में गर्भवती महिलाओं को एक महीने की दवाइयां निःशुल्क उपलब्ध कराया गया। इस दौरान लैब टेक्नीशियन जितेन्द्र कुमार, आशुतोष कुमार ने उपस्थित गर्भवती महिलाओं का रक्त जांच व पेशाब जांच का सैंपल लिया गया। कार्यक्रम में डा0 प्रवीण कुमार, डा0 प्रदीप कुमार, डा0 इंद्रदेव कुमार, डाटा ऑपरेटर जितेन्द्र कुमार, एएनएम शोभा देश पांडेय, ममता कुमारी, लेखापाल जयप्रकाश कुमार समेत अन्य चिकित्सक व स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहे।

# पिछले सप्ताह कुल 461 गिरफ्तारियां: एसपी

**नवादा (नि.सं.)**। अम्बरीष राहुल, पुलिस अधीक्षक, नवादा ने बताया कि विगत सात दिनों के अन्दर (02 सितम्बर 2024 से 08 सितम्बर 2024 तक) नवादा जिला में पुलिस द्वारा काफी संख्या गिरफ्तारियां की गई हैं, जो निम्नवत हैः- हत्या में 05, अनुसूचित जाति/जनजाति में 27, हत्या के प्रयास में 33, पुलिस पर हमला में 01, मद्य निषेध संबंधी पीने के आरोप में 27, अन्य गंभीर आरोप में 48 एवं अन्य गिरफ्तारी 320 कुल 461 गिरफ्तारियां की गई हैं। सात दिनों के अन्दर बरामदगी अन्तर्गत 1465.05 लीटर देशी शराब, 74.25 लीटर विदेशी शराब, वाहन अन्तर्गत ट्रैक्टर 17, ट्रैक्टर का डाला 01, मोटरसाईकिल 12, स्कूटी 01, स्कॉर्पियो 01 एवं टेम्पू 02, आग्नेयास्त्र में देशी कट्टा 01, जिंदा कारतूस 21, वाहन चेकिंग में फाईन की कुल राशि 03 लाख 70 हजार 500 रू0 बरामद किया गया। अन्य बरामदगी अन्तर्गत- मोबाईल 17, तसला 04, गैस चुल्हा 01, कस्टमर डाटा 08, एटीएम कार्ड 01, अपहृता 05 एवं खुखा महुआ 70 किलो बरामद किया गया।

# जमीन पर अवैध कब्जे को लेकर दबंगों के विरुद्ध पीड़ित परिवार ने एसडीओ से लगाई न्याय की गुहार



**निज संवाददाता | रजौली (नवादा)**

थाना क्षेत्र के महसई मोहल्ला में भू-दान यज्ञ कमिटी द्वारा 54 वर्ष पूर्व आवंटित जमीन पर दबंगों द्वारा जबरन कब्जे का मामला प्रकाश में आया है। पीड़ित कारू राजवंशी की पत्नी गिरजा देवी ने बताई कि उन्हें एवं अन्य परिजनों को वर्ष 1970 में भूदान यज्ञ कमिटी द्वारा भूमि का आवंटन किया गया था, जिसका लगान वर्ष 2024 तक जमा किया जा रहा है। इसके बावजूद झिरझो गांव के नवकाटोला निवासी भिखारी पासवान के पुत्र रामखेलावन पासवान, रामखेलावन पासवान के पुत्र सुबोध पासवान, सोमर भुइयां के पुत्र लखवा भुइयां, समन भुइयां, चांदो भुइयां के पुत्र लखपति भुइयां व रामखेलावन पासवान के पुत्र मतल पासवान, गिरगी गांव निवासी कारू चौधरी एवं कारा यादव के अलावे अन्य 20 से 25 लोग दबंगतापूर्वक जमीन हड़पना चाहते हैं। पीड़ित परिजनों ने बताया कि वे लोग उक्त भूमि में बालू, छड़ एवं सीमेंट आदि गिराया था, जिसको लूट लिया गया। साथ ही विरोध किये जाने पर उक्त भूमि को अपना बताकर गाली-गलौज एवं तरह-तरह की धमकियां दी जाती है। जिसके कारण स्थल पर तनाव का माहौल बना हुआ है एवं दबंगों द्वारा कभी भी अप्रिय घटना को अंजाम दिया जा सकता है। इसको लेकर पीड़ित लोगों ने थाना एवं एसडीओ से मिलकर न्याय की गुहार लगाई है। इस बाबत पर एसडीओ आदित्य कुमार पीयूष ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है। जल्द ही जांच कर उचित कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जायेगी।

## ऐतिहासिक होगा जिलाधिकारी का कार्यकाल

**सासाराम (रोहतास) (नि.सं.)**। जिलाधिकारी नवीन कुमार के स्थानांतरण पर हर ओर से प्रतिक्रियाएं आ रही हैं। लगभग सभी ने जिलाधिकारी के रूप में नवीन कुमार के कार्यकाल को ऐतिहासिक बताया है और साथ ही कम समय में रोहतास बिदा होने पर अफसोस जताया है। जिलाधिकारी के कार्यकाल पर प्रतिक्रिया देते हुए कांग्रेस के जिलाध्यक्ष कन्हैया सिंह ने कहा है कि बतौर समाहर्ता रोहतास का उन्होंने जो खाका खींचा है वह काफी ऐतिहासिक साबित होगा और इसके लिए नवीन कुमार को हमेशा याद किया जायेगा। कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने उन्होंने जारी विज्ञप्ति में कहा है कि जिलाधिकारी के संक्षिप्त कार्यकाल में मांझर कुण्ड,महादेव कुण्ड,शेरशाह रौजा तालाब,ताराचंडी धाम,शेरगंढ़ किला,रोहतासगढ़ किला को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की योजना काफी सराहनीय है। उन्होंने लिखा है कि शहर के विकास में भी जिलाधिकारी की भूमिका काफी महत्वपूर्ण मानी जा रही है।

# संगत विकास को बुद्धिजीवियों ने की महत्वपूर्ण बैठक

**निज संवाददाता | नवादा**

जिले के रजौली अनुमंडल मुख्यालयना नकशाही संगत के प्रांगण में सरस्वती शिशु मंदिर में संगत की विकास को लेकर बुद्धिजीवियों की बैठक संपन्न हुआ। गुरु पर्व मेला के पूर्व रजौली संगत विकास समिति का गठन करने का निर्णय लिया गया। बैठक में सर्वसम्मति से संगत में आर्थिक एवं धार्मिक व अन्य प्रयोजनों के लिए कमेटी बनाने का निर्णय लिया गया। कहा गया कि, पूजा पाठ एवं साधु सेवा की व्यवस्था का निर्णय लिया गया। कमेटी का दायित्व कानूनी व्यवधानों के समाधान हेतु उपयुक्त प्रयास करेगी। बैठक में निर्णय लिया गया की कमेटी का मासिक बैठक हर महीने किया जाएगा। गुरु पर्व मेला के निमित्त आगामी 22/ 9./2024 को एक बैठक रखा गया है। जिसमें एक कार्यकारिणी समिति का गठन किया जाएगा। बैठक की अध्यक्षता पटना के फुलवारी शरीफ उदासीन संगत मठ के महंत दयानंद मुनि ने की ।सहमति रजौली के नवनियुक्त महंत निशांत दास उर्फ मोनी बाबा ने किया। मौके पर समाजसेवी दीपक कुमार मुन्ना, रंजन कुमार बबलू, विश्वकर्मा, व्यावसायिक संघ के संदीप कुमार उर्फ गोरेलाल, विजय आर्य आदि मौजूद थे।

# झारखण्ड से गिरियक ले जा रहे 105 लीटर शराब लदे एक बाइक जब्त

**निज संवाददाता | रजौली (नवादा)**

थाना क्षेत्र के हरदिया पंचायत स्थित फुलवरिया डैम के समीप से उत्पाद एसआई संगम कुमार विद्यार्थी ने बाइक पर लदे 105 लीटर देशी महुआ शराब को जब्त किया। साथ ही शराब परिवहन में जुटे दो लोगों को गिरफ्तार किया गया। शराब बंदी के आठ वर्ष से भी अधिक हो गए हैं, किन्तु शराब निर्माण, परिवहन, बिक्री, भंडारण एवं सेवन प्रतिदिन धड़ल्ले से किया जा रहा है। वहीं उत्पाद बल एवं पुलिस बल शराब से सम्बंधित मामलों के विरुद्ध लगातार कार्रवाई में जुटे हुए हैं। शराब का धंधा कम पूंजी में ज्यादा मुनाफे के कारण लोग लगातार जुड़े हुए हैं। वहीं इस धंधे में कम उम्र के बच्चे पैसे कमाने की होड़ में जुड़कर अपना भविष्य बर्बाद कर रहे हैं।बीते रविवार को उत्पाद एसआई संगम कुमार विद्यार्थी ने हरदिया डैम के रास्ते बाइक संख्या बीआर01डीआर4193 पर एक प्लास्टिक का बोरा लादकर आ रहे दो नवयुवकों को रोका। जांच के दौरान बोरे से पांच-पांच लीटर की प्लास्टिक की थैली में बन्द कुल 21 पैकेट बरामद किया गया, जिसमें कुल 105 लीटर देशी महुआ शराब था। शराब के साथ गिरफ्तार नवयुवकों से पूछताछ के बाद दोनों के नाबालिग होने की जानकारी मिली। गिरफ्तार नवयुवक शराब तस्करों की पहचान सिरदला थाना क्षेत्र के छपरी गांव निवासी उमेश प्रसाद यादव के 16 वर्षीय पुत्र सिपुल कुमार एवं नालन्दा जिले के गिरियक निवासी श्रवण यादव के 16 वर्षीय पुत्र अंकित कुमार के रूप में हुई है। उत्पाद अधीक्षक अरुण कुमार मिश्र ने कहा कि जब्त शराब एवं बाइक के अलावे निरुद्ध दोनों बालकों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई है। पूछताछ में उन्होंने बताया कि वे लोग झारखण्ड क्षेत्र में पड़ने वाले जंगल में किसी आदिवासी लोगों से शराब लेकर गिरियक पहुंचाना था।इसी बीच उन्हें उत्पाद बलों द्वारा रोक लिया गया।उत्पाद अधीक्षक ने बताया कि निरुद्ध दोनों बालकों को सोमवार को न्यायालय में प्रस्तुत किया गया।

# निकाह करने का झांसा देकर किया यौनशोषण

**नौहट्टा (रोहतास) (नि.सं.)**। थाना क्षेत्र के भवनाथपुर गांव के एक युवती को निकाह करने का झांसा देकर यौनशोषण करने का मामला प्रकाश में आया है। मामले को लेकर पीड़िता युवती ने नौहट्टा थाना में रविवार की शाम प्राथमिकी दर्ज करायी है। नौहट्टा थानाध्यक्ष कलामुद्दीन ने बताया कि युवती के साथ निकाह करने का वादा कर चुटिया थाना क्षेत्र के तिउरा गांव के युवक ने यौनशोषण किया। इसके बाद निकाह करने से मुकर गया। मामले को लेकर गांव के लोग मिलकर पंचायती भी किये लेकिन मामला सुलझा नहीं। युवती ने रविवार को नौहट्टा थाना में प्राथमिकी दर्ज करायी। जिसमें उस युवक को नामजद की है। प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

# उच्च माध्यमिक विद्यालय की सांसद से की मांग



**निज संवाददाता | पकरीबरावां (नवादा)**

पकरीबरावां प्रखंड अंतर्गत धमौल पंचायत मुख्यालय में उच्च माध्यमिक विद्यालय नहीं होने से यहां के छात्र-छात्राएं उच्च शिक्षा से वंचित हो रहे हैं। उन्हें कई किलोमीटर दूर ढोढ़ा अथवा अंजुनार जाना होता है। इससे छात्र-छात्राओं के समक्ष बड़ी समस्या खड़ी हो गई। यहां के लोगों को अब अपने सांसद से ये उम्मीद है कि वे उच्च माध्यमिक विद्यालय के लिए पहल करें। इसी समस्या को लेकर स्थानीय सरपंच इंद्रजीत कुमार सिन्हा ने नवादा सांसद डॉ. विवेक ठाकुर से मुलाकात कर उन्हें उच्च माध्यमिक विद्यालय की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा। उन्होंने सांसद से इस दिशा में पहल का आग्रह किया है। सांसद पकरीबरावां के एक महादलित टोला में कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचें थे। उन्होंने इस पर पहल का आश्वासन दिया। वहीं, गुलनी मुखिया मनोज चौरसिया ने मठगुलनी से उच्च माध्यमिक विद्यालय गुलनी तक पहुंचने के लिए नदी पर पुल निर्माण की मांग की है। इसके अलावे मठगुलनी से जम्हड़िया तक संपर्क पथ की मांग की गई। हसनगंज के ग्रामीणों ने वर्षों से खराब हसनगंज पथ निर्माण की मांग की है। इसके अलावे कई जगहों के ग्रामीणों ने अपनी समस्याएं गिनाई। सांसद ने आश्वासन दिया कि हर दिशा में पहल कर न्याय के साथ विकास होगा। उन्होंने विकसित भारत के साथ विकसित नवादा का संकल्प दुहराया।

# टमाटर लदे वाहन के अंदर कैरेट में रखे 198 किलो गांजा को उत्पाद वलों ने किया जब्त



**निज संवाददाता | रजौली (नवादा)**

थाना क्षेत्र के बिहार-झारखण्ड के सीमावर्ती चितरकोली गांव स्थित समेकित जांच चौकी पर उत्पाद एसआई संगम कुमार विद्यार्थी ने टमाटर लदे पिकअप वाहन के अंदर कैरेट में रखे कुल 198 किलोग्राम गांजा बरामद किया। साथ ही वाहन को जब्त किया एवं दो तस्करों को गिरफ्तार किया गया। उत्पाद अधीक्षक अरुण कुमार मिश्र ने बताया कि बिहार मद्दनिषेध को सफल बनाने को लेकर उत्पाद एसआई संगम कुमार विद्यार्थी के नेतृत्व में झारखण्ड की ओर से आनेवाली प्रत्येक वाहनों की सघन जांच उत्पाद बलों के सहयोग से किया जाता है। बीते रविवार की देर संध्या गुप्त सूचना के आलोक में एक बोलेरो पिकअप संख्या यूपी57एटी6574 को जांच हेतु रोका गया। जांच के दौरान पिकअप पर 970 किलोग्राम टमाटर लदा हुआ था। जबकि टमाटर के कैरेट के नीचे रहे कैरट से कुल 198 किलोग्राम गांजा बरामद किया गया। गांजा के साथ एक वाहन चालक एवं एक सहयोगी को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार तस्करों की पहचान पश्चिमी चंपारण जिले के धनहा थाना क्षेत्र के कोटनहवा गांव निवासी परम साहनी के पुत्र बृजेश कुमार एवं भीतहा थाना क्षेत्र के रूपाही टांड़ गांव निवासी शेषनाथ पटेल के पुत्र मनीष कुमार पटेल के रूप में हुई है। उत्पाद अधीक्षक ने कहा कि गिरफ्तार लोगों से पूछताछ के दौरान बताया कि वे लोग गांजा को रांची के बेड़ो रोड में लादे थे एवं बिहार के पटना लेकर जा रहे थे। वहीं गांजा तस्करी के मुख्य कारोबारी सुनील कुमार गुप्ता को भी प्राथमिक अभियुक्त बनाया गया है। उत्पाद अधीक्षक ने बताया कि जब्त गांजा एवं वाहन के अलावे गिरफ्तार दोनों तस्करों व मुख्य कारोबारी के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। साथ ही कहा कि सोमवार को दोनों गिरफ्तार लोगों को स्वास्थ्य जांच के बाद न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। इस मौके पर उत्पाद एएसआई एवं सिपाही के अलावे सैप बल और गृहरक्षक के जवान मौजूद रहे।

# जांच शिविर में गर्भवती महिलाओं का किया गया स्वास्थ्य जांच

**कौआकोल (नवादा) (नि.सं.)**। प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत कौआकोल पीएचसी परिसर में सोमवार को शिविर का आयोजन कर दर्जनों गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य जांच कर उचित परामर्श दिये गये। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. पंकज कुमार ने बताया कि शिविर में चिकित्सकों एवं अन्य स्वास्थ्यकर्मियों के द्वारा गर्भवती महिलाओं का जांच किया गया। चिकित्सकों द्वारा गर्भवती महिलाओं को जांचोपरांत हरी सब्जियां, मौसमी फल, अंकुरित अनाज के अलावा अन्य पौष्टिक आहार लेने की सलाह दी और उनके बीच आयरन, कैल्शियम सहित अन्य आवश्यक दवाएं भी प्रयोग करने को दिया गया।

# बाइक की चपेट में आने से वृद्ध की मौत



**निज संवाददाता | कौआकोल (नवादा)**

मुख्य पथ पर सरौनी गांव के नजदीक बुढ़वा बाबा के पास सोमवार को तेज रफ्तार बाइक की चपेट में आने से एक वृद्ध व्यक्ति की दर्दनाक मौत हो गई, वहीं बाइक सवार युवक भी गंभीर रूप से घायल हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के लालपुर गांव निवासी लगभग 73 वर्षीय देवन यादव सरौनी गांव एक जमीन खरीद के उद्देश्य से देखने गए थे,वहां से जमीन देखकर वे पैदल वापस कौआकोल बाजार लौट रहे थे। तभी अचानक तेज रफ्तार से आ रही एक बाइक सवार युवक ने उन्हें पीछे से टक्कर मार दिया। जिससे घटनास्थल पर ही उनकी दर्दनाक मौत हो गई,वहीं बाइक सवार युवक झिलार गांव निवासी रोहित कुमार भी गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों द्वारा घटना की सूचना पुलिस को दी गई,जिसके बाद पुलिस ने घायल युवक एवं वृद्ध व्यक्ति की लाश को अपने कब्जे में लेकर कौआकोल पीएचसी लाई। जहां कागजी प्रक्रिया पूरी करने के बाद मृतक देवन यादव के शव को पोस्टमार्टम के लिए नवादा भेज दिया गया। वहीं घायल युवक रोहित कुमार को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर ईलाज के लिए नवादा रेफर कर दिया गया। घटना के बाद मृतक के गांव में कोहराम मच गया है।

# भोजपुर में प्रॉपर्टी डीलर की गोली मारकर हत्या

## कोर्ट जाने के दौरान दो भाइयों को मारी गोली, 5 महीने पहले बेटे का हुआ था मर्डर

निज संवाददाता। आरा

भोजपुर में सोमवार सुबह कोर्ट जाने के दौरान दो भाइयों को गोली मार दी गई। इसमें बड़े भाई की मौत हो गई है। छोटा भाई घायल है। बताया जाता है कि आपसी विवाद में भतीजे ने चाचा की हत्या की है। 5 महीने पहले मृतक के बेटे की हत्या की गई थी। फिलहाल, पुलिस ने एक महिला को हिरासत में लिया है। बताया जा रहा है कि महिला लाइनर की भूमिका में थी। घटना सहार थाना क्षेत्र के पेरहाप गांव की है। पुलिस की मदद से परिजनों ने जख्मी को इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया, जहां इनका इलाज चल रहा है। मृतक सहार थाना क्षेत्र के पेरहाम गांव निवासी गोविंदाचारी राय के बेटे कमलेश राय (50) है । जख्मी भाई मनोरंजन राय (35) है। मृतक पेशे से प्रॉपर्टी डीलर थे।





**5 महीने पहले पिता-बेटे को मारी थी गोलीः** जख्मी मनोरंजन ने बताया कि संपत्ति हड़पने को लेकर अपने पाटीदार प्रियांशु और उनके साथ रह रहे पड़ोस के नंदू,सोनू,विष्णु और छोटक राय से विवाद चल रहा था । 15 अप्रैल की देर शाम जब दोनों पिता-बेटा खाना खाने के बाद दरवाजे पर बैठे थे। तभी नामजद आरोपितों ने ताबड़तोड़ फायरिंग कर दोनों पिता-बेटे को गोली मार दी थी। जिसमें भतीजे इकलौते आदित्य कुमार की मौके पर मौत हो गई थी । अप्रैल के महीने में कमलेश राय को दो गोली लगने से वो जख्मी हो गए थे। उसी मामले को लेकर आज कोर्ट में तारीख थी। आज सुबह घायल अपने भाई कमलेश को घर से बस स्टैड बस पकड़वाने के लिए आ रहे थे। तभी घात लगाकर बेटे की हत्या में फरार चल रहे प्रियांशु और उसके साथी ने ताबड़तोड़ पांच राउंड फायरिंग कर दोनों लोगों को गोली मार दी। जिसमें बड़े भाई कमलेश की मौके पर मौत हो गई। जबकि, एक भाई जख्मी है।

**चचेरे भतीजे और चाचा के बीच संपत्ति विवादः** घटना की सूचना मिलने के बाद स्थानीय थाना पुलिस मौके पर पहुंची। जख्मी हालत में इलाज लिए आरा सदर अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस अधीक्षक प्रमोद कुमार ने बताया कि पीरो अनुमंडल अंतर्गत सहार थाना के पेरहाप गांव में चचेरे भतीजे और चाचा के बीच संपत्ति विवाद पहले से चल रहा था। उसे लेकर चचेरे भतीजे प्रियांशु राय ने चचेरे चाचा कमलेश राय और मनोरंजन राय को घर से आरा निकालने के क्रम में गोली मार दी। इस घटना में कमलेश राय की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। मनोरंजन राय को कंधे पर गोली लगी है। घटना की सूचना मिलते ही थाना अध्यक्ष के साथ अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी और अन्य वरीय पदाधिकारी घटना स्थल पर पहुंच गए हैं।

**एफएसएल की टीम घटना स्थल पर पहुंचीः** एफएसएल की टीम घटना स्थल पर पहुंच चुकी है। वैज्ञानिक अनुसंधान के लिए तमाम साक्ष्य का संकलन किया जा रहा है।

प्रारंभिक जांच में पता चला है कि कमलेश राय के पिता तीन भाई थे। उसमें एक चाचा की कोई संतान नहीं थी। उनकी लगभग सारी संपत्ति कमलेश राय और उसके भाई ने अपने नाम कर ली थी। चचेरे भाई प्रियांशु राय और उनके परिवार से विवाद चल रहा था। पहले भी जमीन विवाद और संपत्ति विवाद में दोनों परिवार में आपस में गोली चल चुकी है। प्रियांशु राय और उसका एक साथी झाड़ी में घात लगाकर छिपे थे। ये जैसे ही घर से बाहर सड़क पर पहुंचे, वैसे ही प्रियांशु राय और उसके साथी ने उनके ऊपर फायरिंग कर दी।

**विशेष पुलिस टीम का हुआ गठनः** प्रियांशु राय और उसके साथी की गिरफ्तारी के लिए अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में एक विशेष पुलिस टीम का गठन किया गया है। पुलिस टीम जगह-जगह अभियुक्त की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर ही है। परिजनों के बयान के आधार पर इस घटना में लाइनर का काम करने वाली महिला को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। अन्य की गिरफ्तारी के लिए टीम जगह-जगह छापामारी कर रही है। जल्दी अभियुक्त गिरफ्तारी सुनिश्चित की जाएगी।

# संक्षिप्त समाचार

## अनाईठ मिल्की की जनता जलजमाव के लिए 12 सितंबर को नगर निगम के समक्ष देगा धरना

**आरा।** शहर के अनाईठ मिल्की वार्ड नंबर 42 के गंदी बजबजाती नालियां व जल-जमाव के खिलाफ, भाकपा माले राज्य कमिटी सदस्य सह आरा विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी क्यामुद्दीन अंसारी ने मिल्की अनाईठ में बैठक की। बैठक मे निर्णय लिया गया कि 12 सितंबर को नगर आयुक्त आरा के समक्ष धरना दिया जाएगा। यह धरना नागरिक संघर्ष मोर्चा के बैनर तले होगा। क्यामुद्दीन अंसारी ने कहा कि लगातार मुहल्ला वासियों के साथ लेकर हमने नगर आयुक्त और जिला पदाधिकारी से बात करने के बाद भी तीन वर्षों से मुख्य सड़क पर लगा जल-जमाव की समस्या दूर नहीं हो सकी। मुहल्ले की जनता आक्रोशित है, हमे आंदोलन का रास्ता अखतियार करना पड़ रहा है।

## 214.56 लीटर शराब बरामद, दो वाहन जब्त

**आरा।** धोबहा थाना कि पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर थाना क्षेत्र के हेमंतपुर गांव से एक महेंद्रा जायलो गाड़ी से 180 लीटर अंग्रेजी शराब और एक टेंपो से 34.56 लीटर शराब जब्त किया। एएसपी परिचय कुमार ने प्रेस वार्ता में बताया की धोबहा थाना के पुलिस पदाधिकारी एवं थाना के सशस्त्र बलों के द्वारा विशेष अभियान में निकले थे। उसी क्रम में गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि हेमंतपुर में बलजीत सिंह एवं समीर सिंह के द्वारा एक उजला रंग का महीन्द्रा कम्पनी का जाइलो कार में अंग्रेजी शराब लाद कर रखे है, जो कहीं दूसरे जगह ले जाने के फिराक में है। वही दूसरी गुप्त सूचना मिला कि एक काला रंग के टेंपू में अंग्रेजी शराब रखकर मोहनपुर से कड़ारी के तरफ ले जाया जा रहा है। पुलिस ने सूचना मिलने के तुरंत बाद दोनों गाड़ी को पकड़ कर तलाशी लिया तो जाइलो गाड़ी से 180 लीटर और टेंपो से 34.56 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद हुआ और दोनों गाड़ी को जब्त कर लिया गया। हाला कि पुलिस को देख शराब तस्कर भागने में सफल रहे।

## फरार अभियुक्त गिरफ्तार, भेजा जेल

**गड़हनी।** स्थानीय गड़हनी थाना क्षेत्र के खरैचा गांव निवासी नरेश मुसहर के पुत्र जकरी मुसहर को गड़हनी पुलिस ने शराब कांड संख्या 77/24 के तहत शनिवार की रात घर से गिरफ्तार कर लाई थी जिसको आज जेल भेज दिया। इस सबंध में प्रभारी थानाध्यक्ष कुमार गौरव ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त एक पूर्व शराब काण्ड में फरार चल रहा था उसके ऊपर देशी शराब बनाने व बेचने का आरोप में अगिआंव गड़हनी थाना में केस दर्ज हैं।

## श्रद्धांजलि सभा व जगेश्वरी देवी लाइब्रेरी का हुआ उद्घाटन

**आरा।** दौलतपुर पंचायत के जमालपुर मटिया गांव में रविवार को प्रो. विजय कुमार के माता जी के स्मृति में श्रद्धांजलि सभा हुआ। साथ ही लाल बहादुर शास्त्री स्मृति भवन और जगेश्वरी देवी लाइब्रेरी का उद्घाटन किया गया। कुमारी शीला शास्त्री, धर्मशीला देवी, मंजू कुमारी, कुमारी अनुराधा, मंजू कुमारी व संजू देवी समेत अन्य महिलाओं ने संयुक्त तरीके से फीता काटकर समारोह का उद्घाटन किया। अतिथियों ने अपने संबोधन में कहा कि आज बुद्ध के विचार को लेकर समाज में फैले कुरीतियों से दूरी बनाना होगा। डा. अम्बेडकर के 22 संकल्प को आत्मसात करना होगा। बिना संकल्पित हुए कर्मकांड और मानसिक गुलामी से मुक्ति होना होगा। आंबेडकर जी ने कहा था कि शिक्षित हो, संगठित हो और बदलाव करो। बिना शिक्षा के समाज का विकास नहीं हो सकता। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रो. विजय कुमार ने की और संचालन मालाकार ने किया। कार्यक्रम में अदालत सिंह, कुणाल शास्त्री, सुमन जी, रवीन्द्र कुमार, डा. सुरेन्द्र कुमार, गोपाल जी, जय शंकर सिंह, शिवशंकर राम, प्रो. ब्रजेश, प्रो. सियामति राय, शिवकुमार लाला जी, सुरेन्द्र शर्मा विशाल, विनोद सिंह, ज्ञानी जी, दयाशंकर राय, मंटू जी, जगदीश जी व राकेश कुमार समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

## आरा में 15 फीट के गणपति बप्पा की प्रतिमा

**आरा।** महावीर स्थान के गणेश चतुर्थी धूमधाम से मनाया जा रहा है। गणेश चतुर्थी पूजा का आयोजन शिवसेना ने किया है। पूजा पंडाल में करीब 15 फिट के गणपति बप्पा की प्रतिमा रखी गई है। दर्शन के लिए दूर दूर से भक्त पहुंच रहे है। इस उपलक्ष्य में भोजपुरी के प्रसिद्ध गायक गोलू राजा समेत कई कलाकारों द्वारा देर रात तक सांस्कृतिक कार्यक्रम भी किया गया। का आगमन होने जा रहा है। 3 दिन की पूजा के पश्चात सोमवार को गणपति बप्पा का विसर्जन किया जाएगा।शिवसेना के जिला प्रमुख शंभु सिंह ने कहा कि हर वर्ष शिवसेना आरा की तरफ से गणेश पूजा का आयोजन किया जाता है गणेश पूजा के मुख्य संचालक में गोविंदा, सच्चितानंद पाठक ,संजय सिंह, सत्यवीर, वोल्टेज, बिंदास बाबा, सिद्धार्थ, अभिजीत दत्ता, कुंदन, धर्मेन्द्र समेत कई है।

## जनता को झूठे वादों में फंसा कर रखी है सरकार

**बक्सर।** बिहार प्रदेश कांग्रेस के वरीय नेता टीएन चौबे ने केन्द्र सरकार की नीतियों को आडे हाथों लेते हुए कहा कि मोदी सरकार आम जनता को झूठे वादों में फंसा कर रखी है। देश में महंगाई व बेरोजगारी चरम पर है, लेकिन मोदी जी विदेशों में दौरा पर दौरा कर रहे हैं। रूस और यूक्रेन के बीच समझौता कराने की बात कर रहे मोदी जी को अपने देश के मणिपुर की हिंसा संभाली नहीं जा रही। बीते लोकसभा चुनाव में गठबंधन के जोड़तोड़ से किसी तरह सरकार बनाकर कुर्सी पर विराजमान हैं, लेकिन वह कुर्सी पूर्ण कालिक नहीं है। बहुत जल्द केन्द्र में बैठी एनडीए की सरकार की उल्टी गिनती शुरू होगी। हमारे पार्टी के राष्ट्रीय नेता राहुल गांधी से बराबर भाजपा में भय की स्थिति बनी हुई है। कांग्रेस पार्टी केन्द्र को हर मुद्दे पर घेरने को तैयार है। अब इनकी सदन में मनमानी चलने वाली नहीं है। आने वाले विधानसभा चुनावों में कांग्रेस पार्टी हर जगह पूर्ण बहुमत से सरकार बनाने जा रही है।

## बैंक कर्मियों ने संघ के संस्थापक को किया नमन

**बक्सर।** दक्षिण बिहार ग्रामीण बैंक की मुख्य शाखा में अरेबिया की ओर से संघ के संस्थापक दादा दिलीप कुमार मुखर्जी की 89वीं जयंती को विजय दिवस के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य प्रबंधक हरेंद्र पांडेय ने की। मौके पर दादा के तैल चित्र पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर सभी लोगों ने नमन किया। सेवानिवृत अधिकारी संघ के अध्यक्ष ईश्वर चंद्र शर्मा ने कहा कि दादा के अथक प्रयास से ही ग्रामीण बैंकों में प्रायोजित बैंकों के अनुरूप समान वेतन तथा अन्य सुविधाओं का लाभ मिल रहा है। मौके पर नारायण पाठक, प्रमोद कुमार पांडेय, धनंजय कुमार सिंह, कन्हैया कुमार मिश्रा, अरविंद सिंह, प्रदीप कुमार जायसवाल, राम कुमार तिवारी, सुधाकर त्रिवेदी, अमित वर्मा, आनंद घनश्याम, सुनीता कुमारी, कृति श्रीवास्तव, श्वेता, मुकेश कुमार, अखिलानंद मिश्रा, अवधेश राय समेत अन्य बैंक कर्मी मौजूद थे।

## अर्युवेद सेंटर, शिवगंज में लगा निःशुल्क जांच शिविर

**आरा।** राजस्थान औषधालय के सौजन्य से अर्युवेद सेंटर, शिवगंज में निःशुल्क अर्युवेद चिकित्सा शिविर रविवार को लगाया गया। जिसमे सौ से ज़्यादा मरीजो को मुफ़्त चिकित्सीय सलाह के साथ दवा वितरण किया गया। इस अर्युवेद सेंटर के डॉक्टर अर्युवेदाचार्य डॉ अनिल कुमार उपाध्याय ने कहा कि रोग मुक्त भारत अभियान के नारा के तहत इस अर्युवेद सेंटर में नियमित निःशुल्क चिकित्सा परामर्श दिया जायेगा। अर्युवेद सेंटर के संचालक कुमार मोहित ने कहा कि हरिद्वार और पटना में कई सालो से चिकित्सा कर रहे डॉक्टर अर्युवेद विधि से पुराना से पुराना जोड़ो का दर्द, अस्थमा और किसी भी प्रकार के समस्या का निवारण करने के सक्षम है।अर्युवेद सेंटर के कुमार रोहित ने कहा कि प्रत्येक शुक्रवार को इस अर्युवेद सेंटर में डॉक्टर साहब द्वारा निःशुल्क इलाज किया जायेगा। इस कैम्प में रेड क्रॉस सोसाइटी की सचिव डॉ विभा कुमारी, महंत सुमन बाबा, रवि सहाय, मोहन सिंह, बिपिन यादव, राजस्थान अर्युवेद के हेमन्त कुमार, अंशुमान कुमार समेत कई लोग उपस्थित थे।



# नेशनल इंस्पायर अवार्ड में ब्रह्मपुर के छात्र विवेक साह के चयन पर बधाई



निज संवाददाता। बक्सर

राज्य का नाम रोशन करने का सुनहरा अवसर आपके पास है। आप आपने मेहनत, तपस्या, लक्ष्य निर्धारित करते हुए जीवन में आगे बढ़ने का प्रयास करें। जिला शिक्षा विभाग की शुभकामनाएं आपके साथ है। आप अपने कठोर साधना से जिले राज्य का नाम राष्ट्र स्तर तक लेकर जाएं। उक्त बातें शिक्षा विभाग के कार्यालय में डीईओ शारिक अशरफ ने कही। बता दें कि नेशनल इंस्पायर अवार्ड में ब्रह्मपुर के छात्र विवेक साह के चयनित होने पर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया था, जिसमें बिहार मैथमेटिकल सोसायटी के सदस्य भी शामिल रहे। जिला कार्यक्रम पदाधिकारी माध्यमिक शिक्षा नाजिश अली ने भी इस होनहार छात्र को सम्मानित किया। जिला कार्यक्रम पदाधिकारी ने छात्र के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए अपने कठोर मेहनत से लक्ष्य को भेजने की प्रेरणा दी।

उन्हें अलग-अलग तरीके से टिप्स देते हुए दिल्ली तैयारी की कार्य योजना बनाई। शिक्षा विभाग बक्सर के द्वारा इस सम्मान समारोह में बीएमएस के सभी सदस्य उपस्थित रहे। शिक्षक डॉ मनीष कुमार शशि ने विवेक को जीवन में आगे बढ़ाने के लिए उदाहरण देकर बातें समझया। शिक्षक नेता धनंजय मिश्रा ने छात्र को शुभकामनाएं दिया। इस अवसर पर अनिता यादव, प्रमोद कुमार चौबे, कुंदन प्रसाद ,सुरेंद्र प्रसाद ,जितेंद्र प्रसाद, प्रवेश कर्ण, अजय प्रसाद,कृति कुमारी इत्यादि लोग उपस्थित रहे।

# बच्चा पैदा होने का झांसा देकर 2 महिलाओं से ठगी, आरा में 11 दिन पहले हुई थी घटना, जेवरात के साथ दो शातिर अरेस्ट

निज संवाददाता। आरा

भोजपुर पुलिस ने निःसंतान महिला को बच्चा पैदा होने का झांसा देकर ठगी करने वाले एक अंतर जिला गैंग का खुलासा किया है। साथ ही गैंग से जुड़े दो सदस्यों को भी गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। मामला गजराजगंज ओपी क्षेत्र से जुड़ा है। यहां 11 दिन पहले महिलाओं से ठगी की घटना हुई थी। ठगी किए गए जेवरातों में से सोने का एक जोड़ा झुमका, सोने का एक जोड़ी बाली, सोने के दो मंगल सूत्र, सोने के दो मांगटिका, मोती गढ़ा माला, दो नया साड़ी और दो पुराना साड़ी बरामद किया है। इसके के अलावा दो हजार रुपए नकद बरामद हुआ है। दो मोबाइल फोन भी जब्त किया गया है। दोनों के खिलाफ दोनों जिलों में पहले के आपराधिक कांडों की खोज की जा रही है। सदर एएसपी परिचय कुमार ने बताया कि इस मामले में बक्सर जिले के ब्रह्मपुर थाना के महराजगंज निवासी हरेन्द्र नट की पत्नी सुनीता देवी और भोजपुर के शाहपुर थाना के रानीसागर गांव निवासी वसीम हुसैन को गिरफ्तार किया गया है।



**29 अगस्त को हुई थी ठगी की वारदातः** सदर एएसपी ने बताया कि 29 अगस्त को गजराजगंज ओपी के कारीसाथ गांव निवासी परमात्मा सिंह की पत्नी सुमन देवी अपने घर में गोतनी के साथ अकेली थी। इस दौरान एक अनजान महिला घर में प्रवेश करती है। उसने कहा कि परमात्मा सिंह का घर यहीं है। अनजान महिला ने कहा कि शादी के सात साल बाद भी बच्चा नहीं हो रहा है, उसी को लेकर वह देखने आई है। शातिर महिला ने सुमन देवी और गोतनी को यह कहकर झांसा दिया कि शादी में मिले सोने के जेवरात पर किसी ने भभूत डालकर जादू-टोना कर दिया है। इसलिए दोनों को बच्चा पैदा नहीं हो रहा है। ठग ने पीड़िता से शादी में मिले सारे आभूषण, दो नया साड़ी और दो बदन पर पहना हुआ पुराना साड़ी मांगा और कहा कि शीतला माता के पास चढ़ाकर ला देंगे, तो दोनों को लड़का पैदा हो जाएगा।

**पीड़िता के पति को नौकरी लगने का भी दिया झांसाः** शातिर महिला ने पीड़िता के पति को नौकरी लगने का भी झांसा दिया गया। ठग महिला ने अपने आंचल से लौंग निकालकर पीड़ित महिला और उसकी गोतनी को खिला दिया। लौंग खाते ही दोनों का मन बदल गया। झांसा में आकर सोने के जेवरात व साड़ी समेत सारा सामान दे दिया। बाद में परिवार के अन्य सदस्यों को जानकारी होने पर ठगी का एहसास हुआ। गजराजगंज (उदवंतनगर) थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई। गिरफ्तारी को लेकर गजराजगंज ओपी प्रभारी हरी प्रसाद के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। टीम ने वैज्ञानिक अनुसंधान के जरिए शाहपुर ब्लाक के पास स्थित एक घर से सुनीता देवी ठगी के सारे सामान के साथ गिरफ्तार कर लिया। बाद में महिला की निशानदेही पर उसके सहयोगी रानीसागर गांव निवासी वसीम कुरैशी को भी धर दबोचा गया। ओपी प्रभारी ने बताया कि दोनों गोतनी निःसंतान है। इसलिए झांसा देकर ठगी की घटना को अंजाम दिया है।

# सांसद सुधाकर सिंह ने दरोगा की शिकायत SP से की

## 6 दिन पहले मिली थी जान से मारने की धमकी, कहा-कोई कार्रवाई नहीं हुई

निज संवाददाता। बक्सर

सांसद सुधाकर सिंह रविवार की देर शाम बक्सर पहुंचे। इस दौरान इन्होंने कहा कि 6 दिन पहले अभिनंदन कुमार नाम के शख्स ने उन्हें जान से मारने की धमकी दी थी। ये स्थिति राजनीतिक हस्तक्षेप और संभावित भ्रष्टाचार की ओर इशारा करती है। सरकार से कोई मांग करने का मतलब नहीं है। कोई कार्रवाई नहीं की जाती है। सुधाकर सिंह ने कहा कि जान से मारने की धमकी मिलने के बाद उन्होंने कैमूर के रामगढ़ थाना में एफआईआर दर्ज कराई। लेकिन, इस मामले में कार्रवाई नहीं की गई है। दरोगा से कुछ पैसा लेकर चुप पुलिसकर्मी चुप हो जाएंगे। बहुत होगा तो, मेरे ऊपर ही कोई आरोप लगा दिया जाएगा। इस मामले में सांसद ने दरोगा की शिकायत बीते दिन एसपी से की है।

**पुलिस ने सांसद का किया अपमानः** सांसद सुधाकर सिंह ने कहा कि एक निर्वाचित जनप्रतिनिधि के लिए ये अपमानजनक है। एक सांसद के साथ इस प्रकार का व्यवहार किया जा सकता है, तो आम नागरिकों की स्थिति क्या होगी। ये घटना लोकतांत्रिक मूल्यों का उल्लंघन है। पुलिस का ये रवैया न केवल जनप्रतिनिधियों के प्रति अनादर को दर्शाता है, बल्कि समूचे कानून व्यवस्था तंत्र पर प्रश्न चिह्न लगाता है।




**थानेदार ने नहीं दिया संतोषजनक जवाबः** सुधाकर सिंह ने कहा है कि रामगढ़ के नरहन और लबेदहा के किसानों ने उनसे शिकायत की है। इन्होंने कहा कि रामगढ़ थाना प्रभारी उन्हें धमकी दे रहे है। जब सुधाकर सिंह ने इस संबंध में थाना प्रभारी से बात की, तो थानेदार ने कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया। उन्होंने कहा कि वह उनके जैसे बहुत से सांसदों और विधायकों को अपनी जेब में रखकर घूमते हैं, जहां शिकायत करनी हो, कर लो। थानेदार ने ये भी कहा कि उनका कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता है। इसकी शिकायत जब एसपी की तो नीचे के अधिकारियों ने एसपी की भी बात नहीं सुनी।

**भाकपा माले से डुमरांव के विधायक ने दी प्रतिक्रियाः** इस संबंध में भाकपा माले से डुमरांव के विधायक अजीत डॉक्टर अजीत सिंह ने कहा कि ये बिहार है। यहां सरकार जनता के चुने हुए प्रतिनिधि नहीं, बल्कि नौकरशाह चलाते हैं। थाना से अंचल तक, प्रखण्ड से कलेक्टेरिएट तक उन्हीं का राज है। मुकदमा दर्ज करने से लेकर मुकदमे से नाम निकालने तक का चार्ज फिक्स है। ये सांसद तक को जेब में रखते हैं। विधायक ने आरा में मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को लेकर कहा है कि अभी हाल ही में मुख्यमंत्री किसी कार्यक्रम में आरा आए थे। स्वाभाविक है, सरकारी कार्यक्रमों के एक प्रोटोकॉल के तहत क्षेत्रीय विधायक और सांसद भी ऐसे कार्यक्रमों में शामिल होते हैं। आरा सांसद सुदामा प्रसाद जब कार्यक्रम में पहुंचे, तब मुख्यमंत्री की सुरक्षा में लगे गार्ड ने सांसद को केहूनी से धक्का देकर साइड कर दिया, इसकी जानकारी स्वयं सांसद सुदामा प्रसाद ने सोशल मीडिया पर दी थी।

# महिला शिक्षक से झपटी सोने की चेन, 3 अरेस्ट

## ♦ स्थानियों के सहयोग से गिरफ्तारी, मोबाइल-इयररिंग जब्त



निज संवाददाता। आरा

भोजपुर के उदवंतनगर थाना क्षेत्र अन्तर्गत आरा-सहार पथ पर देवरिया-पियनिया पुल के बीच एक महिला शिक्षक से छिनतई कर भाग रहे तीन बदमाशों को नागरिकों के सहयोग से पकड़ा गया है। साथ ही छीने गए जेवरात भी बरामद किए गए है। कांड में इस्तेमाल की गई बाइक को भी जब्त कर लिया गया। इसकी जानकारी रविवार को सदर एएसपी परिचय कुमार ने कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता कर दी है। सदर एएसपी ने बताया कि इस मामले में टाउन थाना क्षेत्र के भलुहीपुर मोहल्ला निवासी जाहिद खान, सूरज कुमार और साहिल अब्दुल जलील को गिरफ्तार किया गया है। इसमें पकड़े गए जाहिद की पहले के एक कांड में भी संलिप्तता की बात सामने आई है। एएसपी ने बताया कि नारायणपुर थाना क्षेत्र के छपरापुर गांव निवासी महिला शिक्षक रेखा कुमारी अपने पति अजय कुमार के साथ बाइक पर सवार होकर आरा बीआरसी आफिस से शाम के समय घर लौट रही थी। रास्ते में देवरिया-पियनिया पुल के बीच बिना नंबर की बाइक पर सवार तीन बदमाशों ने उनके गले से सोने का चेन व बाली छीन लिया।

**सोने का टूटा चेन-बाली बरामदः** पीड़ित महिला शिक्षक ने तुरंत घटना की सूचना डायल-112 टीम को दी। डायल-112 की टीम और आम नागरिकों के सहयोग से छिनतई कर भाग रहे तीनों बदमाशों को धर दबोचा गया। तलाशी लिए जाने पर सोने का टूटा चेन, सोने की बाली और मोबाइल बरामद किया गया। साथ ही कांड में प्रयुक्त बाइक को जब्त कर लिया गया है। उदवंतनगर थानाध्यक्ष राम कल्याण यादव ने बताया कि 24 अगस्त को एक और महिला से सोने का चेन छीना गया था, जिसमें भी जाहिद की संलिप्तता की बात सामने आई है। अन्य कांडों में भी इसके शामिल होने का पता लगाया जा रहा है।

# जिलास्तरीय तैराकी चैंपियनशिप के विजेता बने रविशंकर

निज संवाददाता। ब्रह्मपुर

प्रखंड के बड़की गायघाट के पास गोकुल जलाशय में रविवार को जिलास्तरीय तैराकी प्रतियोगिता हुई। तैराकी के आयोजक स्थानीय गांव के युवा टिशु कुमार, धनु कुमार तथा समाज सेवी अमन सिंह रहें। इसका उद्घाटन संसदीय बोर्ड के अध्यक्ष हुलास पांडे ने किया। 50 मीटर फ्री स्टाइल में रखी गई प्रतियोगिता में 50 प्रतिभागियों ने भाग लिया। तैराकी में भाग लेने वाले प्रतियोगियों की सुरक्षा में प्रशासन एवं एसडीआरएफ की टीम तथा 20 नावों के साथ गोताखोर थे। तैराकी के समय सीमा का निर्धारण नहीं हुआ था फिर भी 10 मिनट के अंदर प्रथम प्रतिभागी सपही गांव के रविशंकर कुमार ने अपने लक्ष्य को पा लिया। द्वितीय स्थान सपही के ही खोखन सिंह और तृतीय स्थान मनीष साह को मिला। विजेता तैराकों को शील्ड तथा अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। तैराकी को देखने के लिए गोकुल जलाशय के तट पर हजारों की भीड़ इकट्ठा थी। प्रतियोगिता में मुख्य



रूप से लोजपा के बक्सर जिला अध्यक्ष अखिलेश सिंह भाजपा पूर्व जिला अध्यक्ष राणा प्रताप सिंह, डॉ एन कुमार,गोपाल जी सिंह रामनाथ सिंह अजय तत्वा, अश्विनी ओझा, सुधीर सिंह चमचम पांडे, दीपक पांडे, मदन राय सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे कार्यक्रम के संरक्षक तैराकी संघ के बिहार प्रदेश अध्यक्ष कैप्टन विजेंद्र सिंह थे जिनकी देखरेख में प्रतियोगिता संपन्न हुई। मंच संचालन अभिषेक ओझा तथा मंटू यादव के द्वारा किया गया।

## संक्षिप्त समाचार

## दूसरे स्कूल के शिक्षक करेंगे परीक्षा की कॉपियों का मूल्यांकन

**भागलपुर**। जिले के सभी सरकारी प्राथमिक और मध्य विद्यालयों में 18 से अर्धवार्षिक परीक्षा होनी है। परीक्षा के दौरान वीक्षण का कार्य दूसरे स्कूल के शिक्षक करेंगे और कॉपियों का मूल्यांकन भी दूसरे विद्यालय के शिक्षकों द्वारा कराया जाएगा। इस संबंध में शिक्षा विभाग ने डीईओ और डीपीओ को निर्देश जारी किया है। निर्देश के मुताबिक स्कूली शिक्षा की गुणवत्ता को ध्यान में रखते हुए परीक्षा में प्रत्येक विद्यालय में वीक्षण का कार्य दूसरे विद्यालयों के शिक्षकों द्वारा कराने का निर्णय लिया गया है। छात्र-छात्राओं की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन भी दूसरे विद्यालय के शिक्षकों द्वारा कराया जाएगा। साथ ही संबंधित विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों के शैक्षणिक कार्य मूल्यांकन प्रतिवेदन को सेवा पुस्तिका में अंकित किया जाएगा। इसलिए इससे संबंधित निर्देश का अनुपालन सभी प्राथमिक और मध्य विद्यालयों में कराना सुनिश्चित कराएं। निर्णय का उद्देश्य यह है कि प्राथमिक एवं मध्य विद्यालयों में पढ़ रहे बच्चों की अर्धवार्षिक परीक्षा का परीक्षाफल यह बताएगा कि उस स्कूल में दी जा रही शिक्षा की गुणवत्ता कैसी है? शिक्षण कार्य के मूल्यांकन का आधार उस विद्यालय में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं के परीक्षाफल पर निर्धारित होगा। इसके लिए शैक्षणिक कार्य मूल्यांकन प्रतिवेदन तैयार करने तथा इसकी प्रविष्टि संबंधित शिक्षक के वार्षिक मूल्यांकन प्रतिवेदन में दर्ज करने का निर्णय लिया गया है।

## सकारी स्कूलों में अब छात्रों की ऑनलाइन बनेगी हाजिरी

**भागलपुर**। जिले के सरकारी विद्यालयों में बच्चों की भी हाजिरी ऑनलाइन बनेगी। अभी तक एचएम व शिक्षकों ही ऑनलाइन हाजिरी लगा रहे थे। ऑनलाइन हाजिरी बनाने के लिए जिले के सभी सरकारी स्कूलों को टैब दिया जा रहा है। शिक्षा विभाग ने सभी डीईओ को इस संबंध में निर्देश दिया है। जिसमें बताया कि सभी स्कूलों में बच्चों की हाजिरी भी मोबाइल ऐप से ली जाएगी। इसके लिए सभी स्कूल के एचएम को कहा गया है कि ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज करने के लिए शिक्षकों को प्रशिक्षित करना सुनिश्चित करें। छात्र-छात्राओं की ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज होने से उनके लिए संचालित योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता आएगी। पत्र में बताया गया है कि अक्टूबर से शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं की ऑनलाइन हाजिरी ई-शिक्षाकोष मोबाइल ऐप के माध्यम से दर्ज होगी। फोटो भी होगा अपलोड स्कूलों में ऑनलाइन हाजिरी के लिए एचएम व शिक्षक को दो बटन दिखाई देंगे। एक बटन स्कूल इन का और दूसरा आउट का होगा। आते समय स्कूल इन और जाते समय स्कूल आउट का बटन क्लिक करेंगे। स्कूल इन बटन को क्लिक करते ही मोबाइल का कैमरा सेल्फ मोड में खुल जाएगा। उसके बाद कैप्चर बटन क्लिक किया जाएगा। उसके बाद उनका फोटो, तिथि, समय दिखाई देगा। फिर, कंफर्म बटन क्लिक करते ही उपस्थिति दर्ज हो जाएगी।

## बीपीएससी शिक्षकों को विभाग ने दी नई जिम्मेदारी

**भागलपुर**। शिक्षा विभाग ने स्कूलों में प्रधानाध्यापक पद पर नियुक्ति के लिए नया नियम जारी किया है। अब नियोजित शिक्षकों की तुलना में बीपीएससी शिक्षकों को प्राथमिकता दी जाएगी। उन्हें प्रधानाध्यापक की जिम्मेवारी दी जाएगी। शिक्षा विभाग ने एक पत्र के माध्यम से यह आदेश दिया है, जिसमें कहा गया है कि नियोजित शिक्षक को प्रभारी प्रधानाध्यापक की जिम्मेवारी नहीं दी जाएगी। किसी भी स्कूल में अगर स्थायी प्रधानाध्यापक नहीं हैं तो पुराने वेतनमान वाले शिक्षक को ही प्रभारी प्रधानाध्यापक बनाया जाएगा। अगर, उस स्कूल में पुराने वेतनमान वाले एक से अधिक शिक्षक हैं तो जो शिक्षक सबसे वरिष्ठ होंगे, उन्हें ही प्रभारी प्रधानाध्यापक का पदभार सौंपा जाएगा। नए नियम के अनुसार नियोजित शिक्षकों को प्रभारी प्रधानाध्यापक के पद से हटा दिया जाएगा। जिले में बड़ी संख्या में नियोजित शिक्षक प्रभारी प्रधानाध्यापक की भूमिका में हैं।

## एनएसएस एवं क्रीड़ा मद के पैसे विवि को देने का निर्देश

**मुंगेर**। मुंगेर विश्वविद्यालय को 10 दिनों के अंदर एनएसएस एवं क्रीड़ा मद में रुपए उपलब्ध कराने का निर्देश कुलपति ने जारी किया है। बीते 3 सितंबर को सभी अंगीभूत महाविद्यालयों के प्रभारी प्राचार्यों की ऑनलाइन समीक्षा बैठक कुलपति प्रो. संजय कुमार चौधरी की अध्यक्षता में आयोजित हुई थी। वीसी ने महाविद्यालयों द्वारा विश्वविद्यालय को एनएसएस एवं खेल मद में उसके हिस्से की राशि उपलब्ध नहीं कराने को गंभीरता से लेते हुए 10 दिनों के अंदर इसका अनुपालन नहीं करने वाले प्राचार्यों, कॉलेज के बर्सर एवं लेखापाल का वेतन स्थगित करने का आदेश दिया था। जिसके बाद 6 दिन बीत चुके हैं। इसकी मियाद 13 सितंबर को पूरी हो जाएगी। इस बीच सभी कॉलेजों में इन मदों की राशि को जोड़ा जा रहा है। जिसे 13 सितंबर तक विश्वविद्यालय के खाते में जमा किया जाना है। मुख्यालय के कॉलेजों में बर्सर एवं एकाउंटेंट एनएसएस एवं क्रीड़ा मद की राशि का जोड़ने में लगे हैं। जानकारी के अनुसार इसके बाद छात्र संघ मद में वसूले गए राशि का भी हिसाब मांगा जाएगा।

## असरगंज के पनसाई गांव में सड़क पर जलजमाव, लोगों को हो रही परेशानी

**असरगंज**। प्रखंड अंतर्गत मकवा पंचायत के पनसाई गांव में जल जमाव के कारण ग्रामीणों को काफी परेशानी हो रही है। मिली जानकारी के अनुसार वार्ड नंबर 13 स्थित मध्य विद्यालय पनसाई से गांव जाने के रास्ते में जल जमाव रहने के कारण लोगों का घर से निकलना मुश्किल हो गया है। गांव के बच्चों को घूम कर बगीचा के रास्ते विद्यालय जाना पड़ रहा है। ग्रामीण मिथिलेश पाठक ने बताया कि नाली का निर्माण नहीं होने के कारण बरसात के समय हमेशा जल जमाव बना रहता है। जलजमाव रहने के कारण गंदे पानी में घुसकर घर आना जाना पड़ता है। बच्चों को विद्यालय आने-जाने में लंबी दूरी तय करनी पड़ती है। आसपास के ग्रामीणों ने बताया कि पंचायत प्रतिनिधियों से नाली एवं सड़क को पीसीसी करने एवं पानी निकासी के लिए नाली बनाने का अनुरोध किया गया है, लेकिन कोई परिणाम नहीं निकला। इस संबंध में बीपीआरओ अमित कुमार ने बताया कि जल जमाव के संबंध में जानकारी मिली है।



## दिवंगत नेता राममोहन सिंह को लाया गया कांग्रेस कार्यालय, झंडा देकर किया नमन

**मुंगेर**। मुंगेर जिला कांग्रेस कमेटी के जिला उपाध्यक्ष राममोहन सिंह के निधन पर कांग्रेस परिवार ने शोक संवेदना व्यक्त किया है। रविवार को उनके पार्थिव शरीर को जिला कांग्रेस मुख्यालय तिलक मैदान लाया गया। कांग्रेस कार्यालय में दिवंगत कांग्रेस नेता के पार्थिव शरीर पर कांग्रेस का झंडा देकर और फूल का माला पहनाकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस मौके पर जिला नगर कांग्रेस के अध्यक्ष ई-रोहित मणि भूषण, सदर ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष अकरम परवेज, जिला कांग्रेस के वरिष्ठ नेता देवराज सुमन, कार्यालय सचिव रमाशंकर सिंह सहित दर्जनों नेता कांग्रेस नेता मौजूद रहे। कांग्रेस नेता ने बताया कि दिवंगत जिला उपाध्यक्ष हवेली खड़गपुर विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी भी रह चुके थे। ईश्वर उनकी आत्मा को शांति प्रदान करे। इसके अलावा जिला कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सलाम साबरी के इंतकाल पर भी कांग्रेस के लोगों ने दुख व्यक्त किया। उनके घर चुरंबा जाकर उनके पार्थिव शरीर पर भी झंडा दिया गया। कांग्रेस के नेता शकील साहब भी यहां मौजूद थे। जिला कांग्रेस नेता ने बताया कि दोनों नेता के एक ही दिन निधन हो जाने से हम सभी कार्यकर्ता मर्माहत है। कांग्रेस नेता के शव यात्रा में शहर के गणमान्य के अलावा चिकित्सक पंकज कुमार सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

### भागलपुर में छात्र और अभिभावक ने स्कूल में जड़ा ताला, पगडंडी के सहारे एजुकेशन सिस्टम

# कहा- समस्या का समाधान नहीं होने तक बंद रहेगा स्कूल

निज संवाददाता। भागलपुर

भागलपुर पीरपेंती प्रखंड के महादेव टीकर उत्क्रमित उच्च विद्यालय में सोमवार को बच्चों व अभिवावक ने स्कूल में तालाबंदी कर दिया है। यह तालाबंदी स्कूल जाने के रास्ते को लेकर किया गया है। छात्र-छात्राओं को स्कूल जाने के लिए रास्ता नहीं होने की वजह से काफी समस्या होती है। मामले को लेकर बताया गया है कि स्कूल जाने वाला रास्ता किसी का निजी जमीन था। उन्होंने अपना जमीन को घेर लिया है। जिसकी वजह से छात्र-छात्राओं को स्कूल जाने रास्ता नहीं मिल पा रहा है। इसको लेकर कई बार अभिभावकों ने स्थानीय जनप्रतिनिधि से लेकर स्थानीय पदाधिकारी को इसकी सूचना दी लेकिन किसी ने कोई सुध नहीं लिया गया।

**निदान नहीं होने तक बंद रहेगा स्कूल**: अभिवावक ने मामले को लेकर बताया कि रास्ता नहीं होने के कारण बच्चे गड्ढे में गिरकर जख्मी हो जाते हैं। खेत मालिक द्वारा रास्ता बंद कर दिया गया और बच्चों को अभद्र रूप से गालियां दी जाने लगी। बच्चों ने बताया जब तक इसका निदान नहीं होगा। तब तक स्कूल बंद रहेगा। पूर्व विधायक रामविलास पासवान के द्वारा भी स्कूल के रास्ते को लेकर विधानसभा में दो से तीन बार आवाज उठाया गया था। कोई समाधान नहीं निकला। स्कूल में बच्चों की संख्या एक से लेकर बारहवीं तक में लगभग एक हजार बच्चे है। इतने बच्चों के लिए स्कूल में 18 शिक्षक है। प्रिसिंपल जवाहर लाल सिंह ने बताया कि छात्र-छात्राओं और ग्रामीणों के द्वारा स्कूल में ताला लगा दिया गया है। छात्रों ने कहा कि जब तक रास्ता नहीं मिलेगा, तब तक स्कूल अनिश्चितकालीन तक बंद रहेगा। प्रिसिंपल ने प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी,वीडियो तथा अंचलाधिकारी को पत्र देकर रास्ते के निदान के बारे में और बच्चे की पढ़ाई में कोई परेशानी ना हो इसको लेकर ज्ञापन सौंपा गया।



## बाढ़ का पानी निकलते ही डायरिया का प्रकोप, सदर अस्पताल में 35 मरीज भर्ती



निज संवाददाता। मुंगेर

गंगा का जलस्तर अब वार्निंग लेबल से नीचे उतर गया है और प्रभावित इलाकों से बाढ़ का पानी अब धीरे-धीरे निकलने लगा है। पानी निकलने के बाद बाढ़ प्रभावित इलाकों में सड़ांध की स्थिति काफी बढ़ गई है। सड़ांध की दुर्गंध से लोगों को घरों में बैठना मुश्किल हो गया है। बावजूद इन क्षेत्रों में अब तक ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव नहीं किया गया है। नतीजतन प्रभावित क्षेत्रों में अब डायरिया का प्रकोप बढ़ने लगा है। प्रशासनिक स्तर पर इस तरह की उदासीनता से डायरिया महामारी में बदल सकता है। जिससे अब लोगों की चिंता बढ़ने लगी है। लगातार डायरिया के मरीज बढ़ने के कारण सदर अस्पताल में ऐसे मरीजों की भीड़ लग गई है। वार्डों में जगह नहीं रहने के कारण डायरिया के मरीजों का बरामदे पर इलाज करना पड़ रहा है। डायरिया का प्रकोप शहरी क्षेत्रों में भी देखने को मिल रहा है। खासकर वैसे मोहल्ले, जो गंगा के किनारे हैं। लेकिन इससे अधिक ग्रामीण क्षेत्र के बाढ़ प्रभावित इलाकों से डायरिया के मरीज अस्पताल पहुंच रहे हैं। सदर प्रखंड, बरियारपुर और धरहरा प्रखंड से अधिक मरीज अस्पताल आ रहे हैं। सदर अस्पताल के पुरुष वार्ड, शिशु वार्ड के अलावा अस्पताल के बरामदे पर बीते तीन दिनों में 50 से अधिक डायरिया पीड़ित मरीज भर्ती हो चुके हैं। रविवार को 25 मरीजों को छुट्टी दी गई, जबकि अभी भी अस्पताल में 35 से अधिक मरीज गंभीर स्थिति में इलाजरत हैं। जिसमें निगम क्षेत्र से 10 मरीज हैं। संपन्न परिवार के अधिकतर मरीज निजी अस्पताल में अपना इलाज करवा रहे हैं। शिशु वार्ड में 10 और आइसोलेशन वार्ड में 25 मरीज भर्ती हैं।

## आपसी विवाद में मारी गोली, घायल PMCH रेफर

निज संवाददाता। भागलपुर

भागलपुर के नवगछिया स्थित इस्माइलपुर थाना अंतर्गत छोटी प्रवक्ता गांव में देवल मंडल को आपसी विवाद में घर के पास गोली मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया गया। घटना जमीन का विवाद बताया जा रहा है। इस मामले में देवल मंडल के बयान पर देवन मंडल, उसके बेटा व भाई महेश साहू, धीरज साहू के ऊपर साजिश के तहत गोली मारकर घायल करने का आरोप लगाया गया है। घायल के परिजनों ने बताया कि अचानक शाम में घर से बाहर देवल मंडल निकले, उसी समय सामने से आ रहे देवन मंडल और उसके बेटे ने गोली चला दी। गोली उसके पंजे में जाकर लगी। ये उसी में रह गया है। इस्माइलपुर थाना को सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस और परिजनों ने घायल को मायागंज अस्पताल भेजा, जहां पर उसका इलाज कर पटना रेफर कर दिया गया। घटना की सूचना पर जिला परिषद सदस्य विपिन मंडल मौके पर पहुंचे और मामले की जानकारी ली। पुलिस मामले की छानबीन में जुटी हुई है।



**आगे की कार्रवाई में जुटी पुलिस**: सूचना मिलने के बाद एसडीपीओ ओम प्रकाश भी मौके पर पहुंचे। उन्होंने घटना स्थल का निरीक्षण किया। आसपास के लोगों से पूछताछ भी की। सीडीपीओ ने बताया कि मामला जमीन संबंधी विवाद का है। कुछ दिन पहले दो पक्षों में विवाद हुआ था। रविवार को जैसे ही देवल मंडल घर से निकले, वैसे ही दूसरे पक्ष ने उन पर गोली चला दी। घायल को एक गोली लगी है। मायागंज में इलाज के बाद भागलपुर से पटना रेफर कर दिया गया है। पुलिस ने घायल का फर्द बयान दर्ज कर लिया है। आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## अधेड़ महिला का नाले में मिला शव, परिजन बोले-कुछ गलत कर मारा गया है, पुलिस को डूबने से मौत की आशंका

निज संवाददाता। मुंगेर

मुंगेर में शामपुर थाना पुलिस ने एक 40 वर्षीय महिला का शव पहाड़ी क्षेत्र के पास फगुआ नाला से बरामद किया है। मृतक की पहचान शामपुर थाना क्षेत्र के गालिमपुर निवासी निरंजन मंडल की 40 वर्षीय पत्नी सरोजनी देवी के रूप में हुई है। परिजनों ने बताया कि सरोजनी देवी रविवार की देर शाम से गायब थी। परिजनों और पुलिस को आशंका है कि महिला के साथ रेप के बाद हत्या कर शव फेंका गया है। परिजनों द्वारा आरोप लगाया गया कि उसके साथ कुछ गलत हुआ है, उसके बाद उसकी हत्या की गई है। पुलिस एफएसएल टीम के सहयोग से सभी बिंदुओं पर जांच में जुटी हुई है।

**नाला में मिला महिला का शव**: हवेली खड़गपुर डीएसपी चंदन कुमार ने बताया कि शामपुर थाना पुलिस को सूचना मिली कि पहाड़पुर गांव के बहियार में फगुआ नाला में समीप एक महिला का शव पड़ा है, जिसके बाद पुलिस घटनास्थल पर पहुंची, जहां आसपास के जगहों की जांच की। मृतक महिला की आंख पर चोट के निशान मिले। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है ओर घटनास्थल से एफएसएल की टीम ने मौके से साक्ष्य को एकत्रित कर जांच में अपने साथ ले गई है। इधर, शव मिलने की सूचना मिलते ही मौके पर ग्रामीणों की भीड़ लग गई। इधर, घटना की जानकारी आग की तरह क्षेत्र में फैल गई। जब परिजनों को जानकारी मिली तो घटनास्थल पर शव को देखने पहुंचे और शव की पहचान की। परिजनों ने बताया कि मृतक सरोजनी देवी खेत में मजदूरी का काम करती थी और रविवार की दोपहर पहाड़पुर गांव में आम के बगीचा में लकड़ी चुनने गई थी। ग्रामीणों ने शाम पांच बजे तक उसे देखा, लेकिन देर शाम वो घर नहीं पहुंची। परिजनों ने बताया कि रविवार की देर शाम से हमलोगों ने खोजबीन की लेकिन कुछ पता नहीं चला।



**नाला में पड़ा हुआ था महिला का शव**: परिजनों ने कहा की सोमवार की सुबह एक शव मिलने की जानकारी हुई जिसके बाद उसे जब देखने आए तब जाकर पाया गया कि सरोजनी देवी का शव नाले में पड़ा है। जीस नाले में शव मिला उस नाले में पहाड़ से उतरा पानी बहती है। परिजनों ने आंशका जताते हुए कहा की महिला के साथ कोई गलत काम कर उसकी हत्या कर दी है।उन्होंने कहा कि हमारा किसी से कोई दुश्मनी नहीं है। हवेली खड़गपुर डीएसपी चंदन कुमार अज्ञात महिला की शव की पहचान कर ली गई है और घटना स्थल से एफएसएल टीम के द्वारा कुछ साक्ष्य संकलन किया गया है। उन्होंने कहा कि प्रथम जांच में लग रहा कि महिला की मौत नाले के पानी में डूबने से हुई है। उन्होंने बताया कि महिला के आंखों में चोट के निशान है, परिजनों द्वारा जो आरोप लगाए जा रहे सभी बिंदुओं पर जांच की जा रही है। शव को पोस्टमार्टम के लिए मुंगेर सदर अस्पताल भेजा गया है।

## भागलपुर में एक भाई ने दिया किराए पर घर, दूसरे ने जबरदस्ती भगाया



निज संवाददाता। भागलपुर

भागलपुर के नवगछिया के मनियामोड इलाके के रहने वाले मोहम्मद नवाज के घर में रह रहे किराएदार ने मारपीट करने और गाली गलौज करने का आरोप लगाया है। किराएदार महिला शबाना खातून ने बताया कि मकान मालिक बीएसएफ जवान मोहम्मद फैयाज ने अपने मकान में किराए पर मुझे रखा है। प्रत्येक महीना में उसे किराया भी देती हूं। महिला का आरोप है कि फैयाज के भाई नवाज अब जबरदस्ती घर से भगा रहा है। वो अपने पत्नी के साथ मारपीट कर उसे घर से भगा दिया है। दूसरी महिला को घर में लाकर रखा हुआ है। महिला से भी आए दिन वाद-विवाद होता है और घर खाली करने को लेकर धमकी देता है।

**मारपीट और गाली गलौज किया का आरोप**: बता दें कि सोमवार को किराएदार और मोहम्मद फैयाज के भाई नवाज के बीच जमकर ड्रामा हुआ। किराएदार का आरोप है कि नवाज की कथित प्रेमिका ने उनके साथ मारपीट और गाली गलौज किया। इसके अलावा घर में रखा सारा सामान वह बाहर फेंक दिया। नवाज से हम कहते रहे कि हमें रूम खोजने दीजिए। कल 11 बजे तक वक्त दीजिए। दूसरा रूम मिल जाने के बाद हम खाली कर देंगे लेकिन उन्होंने नहीं माना। घटना की जानकारी किराएदार ने मोहम्मद फैयाज को दिया। मोहम्मद फैयाज ने इसकी सूचना डायल 112 दी। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले को समझा बूझकर शांत कराया। मामले को लेकर नवाज ने बताया कि पिता का तबीयत खराब है। बहन व अन्य परिजन पिता की देखभाल करने के लिए यहां पर आते हैं। किराएदार रहने की वजह से रहने का जगह नहीं है।

## आपसी विवाद के कारण गोलीबारी मामले में फंसाने का आरोप

**भागलपुर**। भागलपुर में खरीक के जमालदीपुर में 26 अगस्त को गोलीबारी हुई थी। इस मामले में लगतीपुर की पूर्व पंचायत समिति सदस्य निशा यादव ने एसपी को आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है। इन्होंने कहा है कि उसके पति विजय कुमार यादव का नाम इस मामले में जबरन दे दिया गया है। उन्हें फंसाया जा रहा है। निशा यादव ने अपने आवेदन में कहा है कि जमालदीपुर में हुए गोलीबारी में लतीपुर निवासी सकलदेव यादव उर्फ सकला यादव को पुलिस ने गिरफ्तार किया। सकला यादव के दिए गए बयान में उनके पति विजय कुमार यादव को संलिप्त किया गया है। जबकि, उनके पति का सकला यादव व पप्पू यादव से कई सालों से तनाव रहा है। इस कारण उसने पति को फंसाया है। वारदात के दिन विजय कुमार यादव जदयू नेता के साथ थे। सकला यादव के खिलाफ किया था मुकदमाः पूर्व पंचायत समिति सदस्य का कहना है कि पति ने कई बार पहले भी सकला यादव के खिलाफ मुकदमा दायर किया है। जबकि, जिस दिन घटना हुई थी, उस दिन उसके पति विजय कुमार यादव जदयू अति पिछड़ा प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व सांसद शैलेश कुमार उर्फ बुलो मंडल के सात विभिन्न कार्यक्रमों में थे।

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, सं०–02,गढ़वा**

अति–अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–RDD/SD/GARHWA/12/2024-25, दिनांक–09.09.2024

1. कार्य की विस्तृत विवरणीः

| क्र० सं० | कार्य का नाम | प्रशासनिक स्वी० की राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि | लम्बाई (मी० में) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | गढ़वा जिला के काण्डी प्रखण्ड अंतर्गत ग्राम–चटनिया में पण्डी नदी पर पुल निर्माण। | 1,57,79,700.00 | 3,15,600.00 | 10000.00 | 15 माह | 23 |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 11.09.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय दिनांक–11.09.2024 से दिनांक–20.09.2024 को अपराह्न 5:00 बजे तक
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, सं0–02,गढ़वा।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय–22.09.2024 अपराह्न 2:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पताः–कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, सं0–02,गढ़वा।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० –8002373581 (संबंधित कार्यपालक अभियंता का दूरभाष नम्बर)
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल **Online Mode** द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्र.सं.–02, गढ़वा।

**PR.NO.335195 Rural Development(24-25):D**

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, गढ़वा**
**E-mail - eercdgarhwa-jhr@nic.in, Ph.: 06561-223543**

**प्रेस विज्ञप्ति**

एतद् द्वारा PRL Project and Infrastructure Limited, At- 34/1, Vikas Apartments, East Punjabi Bagh, New Delhi को प्रेस विज्ञप्ती (PR 327710 Road(24-25D) के माध्यम से सूचित गया था, कि पथ प्रमण्डल, गढ़वा अन्तर्गत भवनाथपुर–कांडी भाया कैलान पथ के कि0मी0 0.00 से 25.866 का पुनर्निर्माण कार्य, जिसका एकरारनामा सं0 23 SBD/17-18 एवं दिनांक 30.01.18 द्वारा आवंटित कार्य का अवशेष कार्य यथाशीघ्र पूर्ण करना सुनिश्चित करें, अन्यथा आवंटित कार्य रद्द करते हुए आपके विरूद्ध एकरारनामा के सुसंगत कंडिकाओं के आलोक में तत्संबंधी समस्त कार्रवाई प्रारंभ कर, नियमानुसार जमानत की राशि जब्त कर लिया जायेगा, जिसके लिए आप स्वयं जिम्मेवार होंगे। परन्तु, वर्तमान अवधि तक उक्त प्रेस विज्ञप्ति के आलोक में आपके द्वारा अवशेष कार्य निष्पादन में किसी प्रकार की अभिरूचि नहीं दिखाई जा रही है। फलस्वरूप उक्त पथ में कराये गये कार्य का अंतिम मापी दिनांक 20.09.2024 को लेते हुए एकरारनामा को बंद करने एवं आपके विरूद्ध कार्रवाई करते हुए विभाग को अवगत कराने का निर्णय लिया जाता है।

अतः प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से पुनः सूचित किया जाता है कि निर्धारित तिथि दिनांक– 20.09.2024 को आप स्वयं अथवा आपके द्वारा प्राधिकृत व्यक्ति कार्यस्थल पर उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे। यदि उक्त तिथि को आप उपस्थित नहीं होते हैं, तो उस स्थिति में भी कनीय अभियंता / सहायक अभियंता द्वारा पथ का अंतिम मापी कर ली जायेगी, जिसपर आपका किसी प्रकार का दावा मान्य नहीं होगा।

कार्यपालक अभियंता,
प0नि0वि0, पथ प्रमण्डल, गढ़वा

**PR 335140 Road(24-25).D**

## संक्षिप्त समाचार

### आपसी विवाद में मारी गोली, घायल पीएमसीएच रेफर, जांच में जुटी पुलिस



**भागलपुर, एजेंसी।** भागलपुर के नवगछिया स्थित इस्माइलपुर थाना अंतर्गत छोटी प्रवक्ता गांव में देवल मंडल को आपसी विवाद में घर के पास गोली मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया गया। घटना जमीन का विवाद बताया जा रहा है। इस मामले में देवल मंडल के बयान पर देवन मंडल, उसके बेटा व भाई महेश साहू, धीरज साहू के ऊपर साजिश के तहत गोली मारकर घायल करने का आरोप लगाया गया है। घायल के परिजनों ने बताया कि अचानक शाम में घर से बाहर देवल मंडल निकले, उसी समय सामने से आ रहे देवन मंडल और उसके बेटे ने गोली चला दी। गोली उसके पंजे में जाकर लगी। ये उसी में रह गया है। इस्माइलपुर थाना को सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस और परिजनों ने घायल को मायागंज अस्पताल भेजा, जहां पर उसका इलाज कर पटना रेफर कर दिया गया। घटना की सूचना पर जिला परिषद सदस्य विपिन मंडल मौके पर पहुंचे और मामले की जानकारी ली। पुलिस मामले की छानबीन में जुटी हुई है। सूचना मिलने के बाद एसडीपीओ ओम प्रकाश भी मौके पर पहुंचे। उन्होंने घटना स्थल का निरीक्षण किया। आसपास के लोगों से पूछताछ भी की। सीडीपीओ ने बताया कि मामला जमीन संबंधी विवाद का है। कुछ दिन पहले दो पक्षों में विवाद हुआ था। रविवार को जैसे ही देवल मंडल घर से निकले, वैसे ही दूसरे पक्ष ने उन पर गोली चला दी। घायल को एक गोली लगी है। मायागंज में इलाज के बाद भागलपुर से पटना रेफर कर दिया गया है। पुलिस ने घायल का फर्द बयान दर्ज कर लिया है। आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### जमीन सर्वे में शुरू हुआ खून-खराबा, वंशावली बनाने गांव आये व्यक्ति को पट्टीदारों ने मार डाला



**जहानावाद, एजेंसी।** बिहार में जमीन सर्वे के दौरान खून-खराबा शुरू हो गया है. इसकी आशंका पहले से ही जतायी जा रही थी. बिहार के जहानाबाद में जमीन सर्वे के लिए वंशावली बनवाने गांव आये व्यक्ति की संदेहास्पद स्थिति में मौत हो गयी है. मृतक के परिवार के लोग कह रहे हैं कि पहले ही धमकी मिली थी कि वंशावली सही से बनवाना, नहीं तो मार देंगे. परिजनों ने पुलिस को बताया है कि पट्टीदारों ने मार डाला है. मामले की जानकारी मिलने के बाद पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है. कल्पा के थानेदार राजकुमार राय ने बताया कि सभी बिंदुओं पर घटना की जांच की जा रही है. जहानाबाद के कल्पा थाना क्षेत्र के धर्मपुर गांव में 55 साल के अशोक सिंह की संदेहास्पद स्थिति में मौत हो गयी है. अशोक सिंह के भाई और परिवार के लोग कह रहे हैं कि उनकी हत्या कर दी गयी है. इसकी धमकी पहले ही मिली थी. धर्मपुर गांव के मूलनिवासी अशोक सिंह झारखंड के बोकारो में रहते थे. बिहार में जमीन सर्वे शुरू होने पर वंशावली बनाने के लिए गांव आए थे. गांव में उनकी लाश मिली है. अशोक सिंह के भाई का आरोप है कि उनकी हत्या कर दी गयी है. पट्टीदारों ने पहले ही ये धमकी दी थी कि वंशावली सही से बनवाना नहीं तो जान से मार देंगे. बताया जाता है कि अशोक सिंह अपने भाई के साथ गांव गए थे, लेकिन फिर बोकारो वापस लौट गए. रविवार को सूचना मिली कि उनके बड़े भाई की मौत हो गई है. पुलिस का कहना है कि प्रथमदृष्टया कीचड़ में गिरने से मौत का मामला लग रहा है. अशोक सिंह शारीरिक रूप से काफी कमजोर थे. उनके शरीर पर किसी तरह के जख्म के निशान नहीं मिले हैं. परिवार वालों के बयान के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी. वैसे, मौत का कारण क्या है ये पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही स्पष्ट हो पायेगा.

## पटना में बीजेपी नेता के मर्डर

# सड़क किनारे बैठे थे, बदमाश चेन स्नेचिंग करने लगे विरोध करने पर सिर में मारी गोली



**पटना, एजेंसी।** पटना में चेन स्नेचिंग का विरोध करने पर अपराधियों ने भाजपा नेता श्याम सुंदर उर्फ मुन्ना शर्मा की हत्या कर दी। घटना आज सुबह 4 बजे की है। रविवार को श्याम सुंदर के बेटे का छेका था। वो अपने रिश्तेदारों को छोड़ने गए थे। उन्हें ऑटो में बिठाकर लौट रहे थे, तभी 3 बदमाशों ने घेर लिया। घटना पटना सिटी की है, जहां मंगल तालाब के पास श्याम सुंदर घर आने के लिए ऑटो पकड़ने पहुंचे थे। दोनों अपराधी चेन छीनने लगे। श्याम सुंदर ने इसका विरोध किया तो एक बदमाश ने उनके सिर में गोली मार दी। दूसरा चाकू से वार करता रहा। सुबह मॉर्निंग वॉक कर रहे लोगों ने शव देखा तो पुलिस को सूचना दी। इसके बाद उन्हें इलाज के लिए पटना के नालंदा मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। श्याम सुंदर पटना सिटी चौक के नगर मंडल अध्यक्ष थे।

### सीसीटीवी में श्याम सुंदर को गोली मारते दिखे अपराधी

सीसीटीवी में ये पूरी घटना कैद हुई है। इसमें दिख रहा है कि श्याम सुंदर सड़क किनारे बैठे हुए हैं। थोड़ी देर में एक बाइक से 3 अपराधी आते हैं और चेक छीनने की कोशिश करने लगते हैं। श्याम सुंदर इसका विरोध करते हैं एक अपराधी उन्हें सिर में गोली मारता है। दूसरा चाकू से हमला करने लगता है। तीनों चेन लूटने के बाद एक ही बाइक से वहां से भाग निकलते हैं। इस दौरान वहां खड़े लोग पहले तो चुपचाप सब देखते रहते हैं। गोली मारते ही वहां से भाग निकलते हैं।

### कल ही बेटे का छेका किया था

बताया जा रहा है कि रविवार को मुन्ना शर्मा के बेटे का छेका था। सोमवार की सुबह मुन्ना शर्मा अपने रिश्तेदारों को छोड़ने मंगल तालाब के नजदीक ऑटो पकड़ने पहुंचे थे। वहां से लौटने के दौरान अपराधियों ने घटना को अंजाम दिया।

### एफएसएल की टीम कर रही जांच

पुलिस ने इस हत्याकांड की जांच शुरू कर दी है। चौक थाना प्रभारी शशि कुमार राणा ने बताया कि सोमवार की सुबह धारदार हथियार से हमला कर मुन्ना शर्मा की हत्या का मामला सामने आ रहा है। मुन्ना शर्मा भाजपा के कार्यकर्ता रहे हैं। इस केस में एफएसएल टीम और डॉग स्क्वॉड की टीम की मदद ली जा रही है।

### पटना में 6 महीने में हत्या की 175, लूट की 108 और डकैती की 23 वारदात

पटना जिले में आपराधिक घटनाएं बढ़ी हैं। लगातार हो रही स्नेचिंग और लूट की घटनाओं से पुलिस की गश्ती पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। लूट, स्नेचिंग और चोरी करने वाले कई अपराधी हाल में जेल से छूटे हैं और दोबारा घटनाओं को अंजाम देने लगे हैं। हालांकि कई घटनाएं ऐसी हैं, जिनमें पुलिस ने कार्रवाई की है।

बीते 6 महीने में पटना पुलिस ने हत्या, लूट और डकैती के 75 प्रतिशत, वाहन चोरी के 32 प्रतिशत, बंद घरों में चोरी के 18 प्रतिशत मामलों का खुलासा किया है। ये आंकड़े पटना पुलिस के ही हैं।

पटना जिले में जनवरी से जून 2024 तक हत्या की 172, लूट की 108, डकैती की 23, बंद घरों में चोरी की 489 और वाहन चोरी की 2936 घटनाएं हो चुकी हैं। पटना जिले में चार एसपी हैं। इन 6 महीनों में हत्या, लूट, डकैती, घर में चोरी और वाहन चोरी की सबसे अधिक घटनाएं एसपी पूर्वी के इलाके में हुई हैं। पटना पूर्वी में हत्या की 61, डकैती की 12, लूट की 36, घर में घुसकर चोरी की 170 और वाहन चोरी की 1392 घटनाएं हुई हैं।

## 4 साल तक रहा कंपाउंडर फिर बना डॉक्टर

# यूट्यूब से ऑपरेशन करने वाला फर्जी डॉक्टर गिरफ्तार



**छपरा, एजेंसी।** छपरा में यूट्यूब देखकर ऑपरेशन करने वाले डॉक्टर को पुलिस ने 28 घंटे के अंदर पुलिस ने स्थानीय गड़खा थाना पुलिस और एसआईटी के सहयोग से गिरफ्तार कर लिया है। इस कार्रवाई को लेकर पुलिस की बड़ी सफलता मानी जा रही है। आरोपी चिकित्सक की पहचान गड़खा थाना क्षेत्र के बभनिया गांव निवासी अजित कुमार पूरी के रूप में हुई है। फ़िलहाल पुलिस आरोपी फर्जी डॉक्टर से पूछताछ कर रही है। जिसे पूछताछ के बाद कानूनी प्रक्रिया के तहत न्यायालय भेजा जाएगा।

### पथरी की शिकायत होने पर किया था ऑपरेशन

एसपी कुमार आशीष ने बताया कि 6 सितंबर 2024 को मढ़ौरा थाना के भुवालपुर ग्राम निवासी गोलू कुमार शरीर में पथरी की शिकायत होने पर ऑपरेशन के लिए उसके परिजन उसे लेकर गरखा थाना के मोतीराजपुर बाजार स्थित गणपति सेवा सदन के फर्जी डॉक्टर अजीत कुमार पूरी के पास पहुंचे। जहां ऑपरेशन के दौरान उनकी स्थिति काफी बिगड़ गई, जिसके बाद उसे पटना ले जाया जा रहा था, जहां रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। पुलिस टीम को सूचना प्राप्त होने पर तत्काल गरखा थाना में कांड संख्या 572/24 दिनांक-07.09.24 धारा 105 बीएनएस दर्ज करते हुए आगे की कार्रवाई शुरू कर दी गई। मृतक के शव को पोस्टमार्टम करने के पश्चात परिजनों को सौंप दिया गया, जिसके उपरांत परिजनों ने दाह संस्कार कर दिया। इसी क्रम में गरखा थाना पुलिस टीम ने इस घटना के अभियुक्त फर्जी डॉक्टर अजीत कुमार पूरी, ग्राम बभनिया, पोस्ट-पहाड़पुर, थाना- गरखा को गिरफ्तार किया गया है।

### कंपाउंडर से बना डॉक्टर

आरोपी फर्जी डॉक्टर अजित कुमार पुरी छपरा में एक डॉक्टर के क्लिनिक पर चार वर्षों तक कंपाउंडर का काम किया था। इस दौरान मेडिकल से जुड़ा कीच अनुभव हो गया। जिसके बाद धर्माबागी मोतिराज पुर में अपना निजी क्लिनिक का शुरुआत कर दिया। शुरू में ऑपरेशन के लिए छपरा और अन्य जगहों से डॉक्टर को बुलाता था। लेकिन 6 सितंबर को अपने से ही ऑपरेशन कर दिया।

## गया में पुलिसकर्मी के साथ मारपीट भी की, पोखर से बाइक हुई बरामद

# 10 बदमाशों ने डायल-112 के जवान की लूटी बाइक-पिस्टल




**गया, एजेंसी।** गया में दस की संख्या में रहे बदमाशों ने डायल-112 के जवानों से उनकी सरकारी बाइक और पिस्टल लूट लिए। घटना में डायल-112 के जवान सर्वजीत कुमार घायल हुए है। बताया जा रहा है कि बदमाशों के साथ हुई मारपीट के दौरान ही वह जख्मी हुए है। घटना देर रात गया-नवादा रोड स्थित मेहता पेट्रोल पंप के सामने आरओबी के पास की है। बदमाश वारदात को अंजाम देकर मौके से फरार हो गए। घटना की सूचना पर पहुंची मुफस्सिल थाना की पुलिस बदमाशों की तलाश में जुट गई है। छानबीन के दौरान सरकारी बाइक को पुलिस ने बरामद कर लिया है। ये पोखर में डूबी पड़ी थी। बाइक के हेड लाइट के ऊपर लगा शीशा सिर्फ नजर आ रहा था।

### बदमाशों की तलाश में जुटी पुलिस

घटना की पुष्टि एसडीपीओ सुनील कुमार पाण्डेय ने की है। उन्होंने कहा कि बदमाश की तलाश की जा रही है। जल्द ही इन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा। पुलिस कर्मियों से हुई लूट की सूचना पर एसडीपीओ वजीरगंज सहित मुफस्सिल थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। वे बदमाशों के भागने वाली सटीक दिशा में छानबीन कर रहे हैं।

### लूट के दौरान पुलिस के जवानों से ही भीड़े बदमाश

बताया जाता है कि दस की संख्या में रहे बदमाश एक राहगीर के साथ मारपीट कर छिनतई की वारदात को अंजाम दे रहे थे। इसी बीच गश्ती में रहे डायल 112 की बाइक मौके पर पहुंची। डायल 112 के जवानों को देखते ही बदमाश राहगीर को छोड़ पुलिस के जवानों से ही भीड़ गए। पुलिसकर्मी के साथ मारपीट कर उनका हथियार और बाइक लूट कर मौके से भाग निकले। सूत्रों का कहना है कि भागने के दौरान बदमाशों ने चार बार फायरिंग भी की है।

# बेतिया में शिक्षकों को ले जा रही नाव पलटी, रेसक्यू टीम ने दिखाई तत्परता



**बेतिया, एजेंसी।** सोमवार की सुबह बेतिया में एक बड़ा नाव हादसा हुआ. यात्रियों से भरी नाव अचानक पलट गयी. नाव पर सवार यात्रियों में करीब 15 स्कूल शिक्षक थे. बेतिया के बैरिया में पटजीरवा घाट पर नाव पलटने के बाद अफरा-तफरी का माहौल बन गया. लोग डूबते शिक्षकों को बचाने के लिए नदी में कूद गये. रेसक्यू टीम की तत्परता से 15 शिक्षकों समेत सभी यात्रियों को डूबने से बचा लिया है. इस हादसे में किसी के हताहत होने की जानकारी नहीं है.

**पहले भी हो चुका है यहां हादसा :** बैरिया थाना क्षेत्र के सरेया मन में इसी साल 14 फरवरी को नाव पलटने से तीन बच्चियों एवं एक किशोरी समेत पांच लोग डूब गये थे. इनमें महिला और दो बच्चियों को बचा लिया गया, लेकिन हादसे में एक बच्ची और किशोरी की मौत हो गई थी. देर रात गोताखोरों ने बलुआ रमपुरवा वार्ड-7 के शंभूचौधरी की पुत्री लालचुन्नी कुमारी (19) व छोटन मुखिया की पुत्री खुशबूकुमारी (11) का शव निकाला. महिला समेत पांचों लोग छोटी नाव से सरेया मन के उस पार कूड़ा घाट से घास काट कर लौट रही थी. जीएमसी अस्पताल चौकी प्रभारी सुधांशु शेखर ने बताया कि पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया गया.

# पहले पिता की हत्या की फिर बेटे को मारी चाकू

**सीवान, एजेंसी।** महावीरी मेला में घूमने गए एक युवक को अपराधी ने चाकू मारकर घायल कर दिया है। घायल का सीवान के सदर अस्पताल में उसका इलाज चल रहा है। घटना सीवान के सराय थाना क्षेत्र के कल्याणपुर गांव की है। पीड़ित सराय थाना क्षेत्र के नरहट गांव निवासी योगेंद्र राम है।

**महावीरी मेला में किया हमला :** पीड़ित योगेंद्र राम ने बताया की वह रविवार की रात कल्याणपुर गांव में महावीरी मेला घूमने के लिए गया था। तभी उसी के गांव के रहने वाला एक युवक उसे देखते ही बाइक से उतर कर चाकू से वार करना शुरू कर दिया। इधर स्थानीय लोग कुछ समझ पाते तब तक आरोपी ने पीड़ित के पेट, हाथ और कमर पर चाकू से वॉर कर दिया और मौका पाकर फरार हो गया। स्थानीय लोग घायल योगेंद्र को सीवान के सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज चल रहा है। घायल ने बताया कि 2024 में ही 13 जून को



उसी युवक के द्वारा मेरे पिता जी की भी हत्या कर दी गई है। इस मामले में वह फरार चल रहा है और वह जैसे ही मुझे देखा, मेरे ऊपर भी चाकू से वॉर कर दिया।

**जल्दी ही आरोपी को किया जाएगा गिरफ्तार :** थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़ित के बयान के आधार पर पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। जल्दी ही आरोपी को पकड़ लिया जाएगा। आवेदन के आधार पर अन्य जांच में पुलिस जुटी हुई है। कल्याण पर मेला, योगेंद्र राम, अपने गांव के ही एक युवकों पर चाकू से वॉर करने का आरोप लगाया है।

# खुलासा : जहरीला पदार्थ पीने से हुई दोनों युवक की मौत

### मनिहारी एसडीपीओ बोले- आपसी दुश्मनी में पिलाया था, खुद छोड़कर भागा...आरोपी अरेस्ट

**कटिहार, एजेंसी।** कटिहार के अहमदाबाद थाना क्षेत्र में शनिवार को दिलावरपुर बैरिया गांव में दो लोगो की संदिग्ध मौत का कटिहार पुलिस ने खुलासा कर दिया है। घटना के बारे में जानकारी देते हुए मनिहारी एसडीपीओ ने बताया कि मटन पार्टी के दौरान बजरुद्दीन नामक व्यक्ति पर साजिश के तहत जहरीला पदार्थ पिलाकर अमित और सद्दाम की हत्या करने का आरोप लगाया गया था। बताया कि जांच के दौरान पता चला की शनिवार को अमित शाह के घर में मीट पार्टी के क्रम में तीन लोगों के जहरीला पदार्थ पीने की बात



सामने आई थी। जिसमें दो लोगों अमित शाह और सद्दाम की मौत हो गई थी। जबकि तीसरे व्यक्ति बजरुद्दीन खुद उसे नहीं पिया और वहां से फरार हो गया। इस मामले में बजरुद्दीन को गिरफ्तार कर लिया गया है । मृतक की मां के बयान के आधार पर कांड दर्ज कार्रवाई की गई है और आरोपी से पूछताछ की जा रही है।

### जहरीला पदार्थ पीने से हुई मौत

शराब की बात पर एसडीपीओ मनिहारी ने कहा कि इसमें कोई सच्चाई नहीं है। ऐसी कोई बात नहीं है। जहरीला पदार्थ पिलाकर ही मौत की पुष्टि हुई है । पेय पदार्थ को जब्त कर लिया गया है। इन लोगों के पोस्टमार्टम में भी मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में वीडियोग्राफी कराई गई है,बोर्ड का गठन कर पोस्टमार्टम कराया गया है। उन्होंने कहा की हत्या करने की वजह पूर्ण में छोटी-छोटी बातों को लेकर दुश्मनी की बात प्रकाश में आई है। सभी दिल्ली में साथ में काम करते थे और इस दौरान उन लोगों में विवाद भी हुआ था। एसडीपीओ ने कहा कि हॉफ लीटर पानी में जहरीला पदार्थ मिला है। जिसे जांच के लिए भेज दिया गया है।

# बच्चा पैदा होने का झांसा देकर 2 महिलाओं से ठगी, जेवरात के साथ दो शातिर अरेस्ट



## आरा में 11 दिन पहले हुई थी घटना

**आरा(भोजपुर), एजेंसी।** भोजपुर पुलिस ने निःसंतान महिला को बच्चा पैदा होने का झांसा देकर ठगी करने वाले एक अंतर जिला गैंग का खुलासा किया है। साथ ही गैंग से जुड़े दो सदस्यों को भी गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। मामला गजराजगंज ओपी क्षेत्र से जुड़ा है। यहां 11 दिन पहले महिलाओं से ठगी की घटना हुई थी। ठगी किए गए जेवरातों में से सोने का एक जोड़ा झुमका, सोने का एक जोड़ी बाली, सोने के दो मंगल सूत्र, सोने के दो मांगटिका, मोती गढ़ा माला, दो नया साड़ी और दो पुराना साड़ी बरामद किया है। इसके के अलावा दो हजार रुपए नकद बरामद हुआ है। दो मोबाइल फोन भी जब्त किया गया है। दोनों के खिलाफ दोनों जिलों में पहले के आपराधिक कांडों की खोज की जा रही है। सदर एएसपी परिचय कुमार ने बताया कि इस मामले में बक्सर जिले के ब्रह्मपुर थाना के महराजगंज निवासी हरेन्द्र नट की पत्नी सुनीता देवी और भोजपुर के शाहपुर थाना के रानीसागर गांव निवासी वसीम हुसैन को गिरफ्तार किया गया है।

### 29 अगस्त को हुई थी ठगी की वारदात

सदर एएसपी ने बताया कि 29 अगस्त को गजराजगंज ओपी के कारीसाथ गांव निवासी परमात्मा सिंह की पत्नी सुमन देवी अपने घर में गोतनी के साथ अकेली थी। इस दौरान एक अनजान महिला घर में प्रवेश करती है। उसने कहा कि परमात्मा सिंह का घर यहीं है। अनजान महिला ने कहा कि शादी के सात साल बाद भी बच्चा नहीं हो रहा है, उसी को लेकर वह देखने आई है। शातिर महिला ने सुमन देवी और गोतनी को यह कहकर झांसा दिया कि शादी में मिले सोने के जेवरात पर किसी ने भभूत डालकर जादू-टोना कर दिया है। इसलिए दोनों को बच्चा पैदा नहीं हो रहा है। ठग ने पीड़िता से शादी में मिले सारे आभूषण, दो नया साड़ी और दो बदन पर पहना हुआ पुराना साड़ी मांगा और कहा कि शीतला माता के पास चढ़ाकर ला देंगे, तो दोनों को लड़का पैदा हो जाएगा।

### पीड़िता के पति को नौकरी लगने का भी दिया झांसा

शातिर महिला ने पीड़िता के पति को नौकरी लगने का भी झांसा दिया गया। ठग महिला ने अपने आंचल से लौंग निकालकर पीड़ित महिला और उसकी गोतनी को खिला दिया। लौंग खाते ही दोनों का मन बदल गया। झांसा में आकर सोने के जेवरात व साड़ी समेत सारा सामान दे दिया। बाद में परिवार के अन्य सदस्यों को जानकारी होने पर ठगी का एहसास हुआ। गजराजगंज (उदवंतनगर) थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई। गिरफ्तारी को लेकर गजराजगंज ओपी प्रभारी हरी प्रसाद के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। टीम ने वैज्ञानिक अनुसंधान के जरिए शाहपुर ब्लाक के पास स्थित एक घर से सुनीता देवी ठगी के सारे सामान के साथ गिरफ्तार कर लिया। बाद में महिला की निशानदेही पर उसके सहयोगी रानीसागर गांव निवासी वसीम कुरैशी को भी धर दबोचा गया। ओपी प्रभारी ने बताया कि दोनों गोतनी निःसंतान है। इसलिए झांसा देकर ठगी की घटना को अंजाम दिया है।

## संक्षिप्त समाचार

### खिजरी विधायक राजेश कच्छप ने लाभार्थियों को सौंपी मुख्यमंत्री चिकित्सा अनुदान की राशि

**रांची, एजेंसी।** खिजरी विधायक राजेश कच्छप की अनुशंसा पर 9 लोगों को मुख्यमंत्री चिकित्सा अनुदान राहत कोष की राशि सौंपी गयी। योजना के तहत कुल 5,65,000 रुपये का लाभ दिलाया गया। रविवार को विधायक के आवास लुपुंगटोली में खिजरी विधायक राजेश कच्छप के हाथों लाभुकों को चेक सौंपा गया। मौके पर विधायक राजेश कच्छप ने कहा कि जनता के हर सुख दु :ख में हमारी सरकार आपके साथ खड़ी है। जनता की हर समस्या के सामाधान का प्रयास किया जायेगा। मनोरमा पाण्डेय, टाटीसिलवे 50,000/, मोहरी देवी, चिलदाग 1,00,000 रुपये, संजय कुमार सिंह, बुकबुका 1,00,000 रुपये, विरेन्द्र कुमार धुर्वा 50,000 रुपये, निकोदिम भुटकुंवार डोकाद 50,000 रुपये, श्रवण कुमार नायक कुच्चू 40,000 रुपये, मिनी देवी करमा 75,000 रुपये, रुत खलखो, टुटीहारा 50,000 रुपये और गुलशन कुमार धुर्वा 50,000 रुपये दिये गये। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष विजय टोप्पो, ओरमांझी प्रखंड महिला अध्यक्ष अनीता देवी, अनगड़ा प्रखंड महिला अध्यक्ष सरिता देवी, रेशमा देवी, शमीम अंसारी, दशरथ पहान, पंचु तिर्की, बबलू लकड़ा, दिनेश चन्द्र प्रमाणिक एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

### झारखंड प्रशासनिक सेवा संघ की केंद्रीय कार्यकारिणी ने राज्य सरकार के इस कदम का किया विरोध

**रांची, एजेंसी।** झारखंड प्रशासनिक सेवा संघ की केंद्रीय कार्यकारिणी की आपातकालीन बैठक ऑनलाइन की गयी। इसमें कहा गया कि राज्य कैबिनेट द्वारा पारित भारतीय प्रशासनिक सेवा विनियम 1997 के अंतर्गत गैर राज्य असैनिक सेवा के पदों को उप समाहर्ता के पद की समकक्षता दी गयी है। इससे राज्य प्रशासनिक सेवा के पदाधिकारी आहत हुए हैं। राज्य सरकार के इस निर्णय से संघ के पदाधिकारियों में काफी रोष है।इसके साथ ही मुख्यमंत्री के निर्देश के बावजूद भी झारखंड प्रशासनिक सेवा को प्रीमियर सेवा का दर्जा देते हुए, उसका पुनर्गठन कार्मिक विभाग द्वारा अब तक नहीं किया गया है। संघ सेवा का पुनर्गठन बिहार के मॉडल पर हू-ब-हू किए जाने का विरोध किया गया। पदाधिकारियों का कहना है कि एक तरफ तो राज्य सरकार के द्वारा झारखंड प्रशासनिक सेवा को प्रीमियर सेवा का दर्जा देकर अपग्रेड करने की बात कही जा रही है, दूसरी तरफ सरकार द्वारा गैर राज्य असैनिक के पदों को उपसमाहर्ता पद के समकक्ष किया जा रहा है। इसका विरोध किया जाना चाहिये। सरकार के इस कदम से झारखंड प्रशासनिक सेवा संघ के पदाधिकारियों में आक्रोश है। संघ यथाशीघ्र मुख्यमंत्री के समक्ष अपनी समस्याओं को रखेगा। समस्याओं का तत्काल समाधान नहीं होने की स्थिति में संघ आगे की आंदोलनात्मक कार्य योजना तैयार करने हेतु बाध्य होगा।

### बीसीसीएल निभा रहा उल्लेखनीय भूमिका, धनबाद कोयलांचल की समस्याएं होंगी दूर -कोयला राज्यमंत्री

**धनबाद, एजेंसी।** केंद्रीय कोयला एवं खान राज्य मंत्री सतीश चंद्र दुबे ने कहा कि कोल सेक्टर देश के विकास में उल्लेखनीय भूमिका निभा रहा है, इसमें बीसीसीएल की भूमिका उल्लेखनीय है. कोल सेक्टर समेत अन्य सभी खनिज संपदा देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान निभा रहे हैं. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में इसे और मजबूत करना है. कोयला उत्पादन में वृद्धि और सुरक्षित उत्पादन केंद्र सरकार की प्राथमिकता है. राज्य मंत्री ने कहा कि वर्तमान झारखंड सरकार ने राज्य की जनता को ठगने का काम किया है. यहां की जनता इसे जान चुकी है. इस बार के विधानसभा चुनाव में जनता फिर से राज्य में कमल खिलायेगी और झारखंड में एक बार फिर से डबल इंजन की सरकार में विकास होगा. केंद्रीय कोयला एवं खान राज्य मंत्री सतीश चंद्र दुबे रविवार की सुबह कोयला नगर स्थित शहीद स्थल पर शहीद श्रमवीरों को श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे. साथ ही कोयला नगर स्थित इको पार्क में पौधरोपण करेंगे. इसके बाद आरबीबी हाई स्कूल, राजगंज में मिनी साइंस लैब का उद्घाटन व स्कूल के 9वीं और 10वीं कक्षा के विद्यार्थियों से बातचीत करेंगे. वहां से वह बीसीसीएल से सिजुआ एरिया के अंतर्गत भू-धंसान व अग्नि प्रभावित स्थल, सेंद्रा बांसजोरा में लोगों से बातचीत व संबोधित करेंगे

# सीएम हेमंत ने गुवा गोलीकांड के शहीदों को दी श्रद्धांजलि, कहा- विपक्ष अब हमारे पूरे परिवार को जेल भेजने की तैयारी में



**चाईबासा, एजेंसी।** सीएम हेमंत सोरेन ने आज गुवा, नोवामुंडी, चाईबासा में गुवा गोलीकांड के शहीदों को श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर आयोजित सभा में शहीद स्थल में माल्यार्पण कर शहीदों को नमन किया। साथ ही जनसभा को संबोधित किया। हेमंत ने कहा कि विपक्ष अब उनके पूरे परिवार को जेल भेजने की तैयारी में लगा है। कहा, झारखंड विचित्र राज्य है। इस राज्य को कभी सोने की चिड़िया कहा जाता था। कहा शायद इसीलिए चिड़िया माइंस का नामकरण भी किया गया। उन्होंने कहा, लेकिन ये अफसोर की बात है कि इस खनिज संपदा से भरे राज्य के लोगों की गिनती देश के सबसे गरीब लोगों में की जाती है। कहा, हमसे धनी कोई राज्य नही है। प्रकृति ने इस धरती के नीचे इतना खजाना भरके रखा है कि अगर सही नीति बनती तो यहां के लोग भूखा नहीं रहते। कहा, यहां के लोगों को आज भी भूखे सोना पड़ता है। कहा सही योजना और नीति बनती तो यहां के लोग सबसे धनी होते। लेकिन यहां के लोगों को मजदूर बना कर रखा गया। कहा कि झारखंड के मजदूर यहां के अलावे अन्य राज्य में भी जाकर मजदूरी करते हैं। कहा दूसरे राज्य के लोग ट्रेन में भरभर कर यहां के लोगों को मजदूरी कराने के लिए ले जाते हैं। गलत नीतियों ने इस राज्य की ये हालत बना दी है। कहा कि जब देश के नीति निर्धाकरक ये कमस खाकर ही बैठे हों तो हालत का अंदाजा लगाया जा सकता है।

उन्होंने बीजेपी पर निशाना साधते हुए कहा, और जब देश में डबल इंजन की सरकार हो तो स्थिति का अंदाजा बखूबी लगाया जा सकता है। कहा डबल इंजन की सरकार ने तो दोनों हाथों से इस राज्य को लूटा। सीएम ने आगे कहा, लेकिन यहां के लोगों की रगों में भी खून दौडता है। उन्होंने कभी अपने अधिकार और स्वाभिमान के साथ समझौता नहीं किया। चाहे उनको फांसी पर चढ़ा दिया गया, गोली चलाई गई या उनको जेल में डाल दिया गया।हेमंत ने चंपाई सोरेने की ओर इशारा करते हुए कहा, लेकिन कुछ लोग ऐसे भी हैं अपने ही बीच में, जो इस लड़ाई को छोड़कर अलग राह चले गये। लेकिन हमलोगों ने खुद को समेटा और इस लड़ाई को जारी रखने का फैसला किया। हेमंत ने कहा कि किसी ने सोचा नहीं था कि अलग राज्य मिलेगा। लोग अलग राज्य के लिए हो रहे आंदोलन को देखकर हंसते थे। लेकिन हमारी लड़ाई को कामयाबी मिली और अलग राज्य मिल गया। तब इन लोगों ने कहा कि अलग राज्य मिलने से क्या होगा। सत्ता तो हमारे ही हाथ में ही रहेगी। और हुआ भी यही। सत्ता में वही लोग बैठ गये जो इस राज्य को चूस रहे थे। कहा दृश्य फिर से वही बन गया। फिर से हमारे सामने तकलीफों और दुखों का पहाड़ आ गया। लेकिन 2019 के चुनाव में आपकी सरकार बनी। असल झारखंडी सरकार बनी। लेकिन फिर इसके बाद कोरोना आ गया। सब कुछ बंद हो गया। केंद्र ने फरमान जारी कर दिया कि कोई घर से बाहर नहीं निकलेगा। ऐसी हालत में दूसरे राज्यों में झारखंड के मजदूर फंस गये। हमने उनको हवाईजहाज, ट्रेन और बसों से वापस लाया। कहा याद कीजिये उस दिन को। कहा कि हवाई मार्ग से विदेश से हमारे लोगों को लाने वाले हम पहला राज्य बने। कहा हमने इस काम के लिए केंद्र से मदद मांगी लेकिन हमें मदद नहीं मिली।

कहा कि लोगों का घरों का निकलना बंद हो गया था। लोगों के पास रोजगार नहीं। पैसे नहीं। ऐसे हालात में हमारी महिला दीदियों ने लोगों को खाना बनाकर उनको मुफ्त में इसे उपलब्ध कराया। हेमंत ने कहा, उसी समय हमने फैसला किया था कि इस राज्य की महिलाओं को हम मजबूत बनायेंगे। इसीलिए हमने मंईयां सम्मान योजना की शुरुआत की। इसका लाभ अब 18 से लेकर 50 साल तक की महिलाओं को मिल रहा है। कहा कि केंद्र की नीतियों ने तो इस राज्य को लूटने और खखोरने का काम किया। लेकिन हम इस राज्य की आधी आबादी को मजबूत करने का काम कर रहे हैं।

कहा केंद्र ने कोल रॉयल्टी का पैसा नहीं दिया। पहले तो इसे मानने से इनकार कर दिया कि कोई बकाया भी है। लेकिन जब हमने सबूत पेश किये और कोर्ट में जाने की बात कही, तो कुछ पैसा दिया गया। कहा कि कोल रॉयल्टी में झारखंड का 1 लाख 36 हजार करोड़ का बकाया है। ये पैसा मिल जाये तो राज्य की सवा तीन करोड़ जनता के दिन आर्थिक खुशहाली से भर जायेंगे। लेकिन केंद्र का इस ओर ध्यान नहीं है। कहा कि ये लोग सोचते हैं कि आदिवासी बोका है।

कहा हमारी सरकार बनते ही कोरोना आ गया। ये किसी तरह समाप्त हुआ तो हमारे पीछे ईडी और जांच एजेंसियां लगा दी गयीं। दो साल लग गये इसी चूहा-बिल्ली के खेल में। लेकिन इनको हमारे खिलाफ सबूत नहीं मिला तो जबरन जेल में डाल दिया। कहा अब क्या करेंगे। मुझे फांसी पर लटकायेंगे। कहा आज भी मेरे पीछे 7 सीएम लगे हुए हैं।

## युवा आजसू की झारखंड नवनिर्माण संकल्प सभा, सरकार से वादाखिलाफी का मांगेंगे हिसाब

**रांची, एजेंसी।** आजसू की युवा इकाई की ओर से आज झारखंड नवनिर्माण संकल्प सभा आयोजित की गई है। आजसू इस सभा को ऐतिहासिक बता रही है। धुर्वा के प्रभात तारा मैदान में होने वाले इस सभा को आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो संबोधित करेंगे। इस सभा में राज्यभर से युवा और पार्टी के कार्यकर्ता शामिल होंगे।

सभा को लेकर आजसू की ओर से बताया गया कि नव निर्माण संकल्प सभा में राज्यभर से हजारों बेरोजगार युवा अपने शैक्षणिक प्रमाण पत्रों की प्रतियां लेकर पहुचेंगे और सरकार से उनके साथ की गई वादाखिलाफी का हिसाब मांगेंगे। आजसू का कहना है कि युवाओं के पास डिग्री तो है, लेकिन नौकरी नहीं।

सरकार ने अपने चुनावी वादे में समाज के हर वर्ग के लिए कई लोकलुभावन वादे किए थे। लेकिन सरकार एक भी वादा पूरा नहीं कर पाई। जनता की भावनाओं को समझ नहीं सकी है। सरकार का जुड़ाव जनता से नहीं है।

पदयात्रा करते सभा स्थल पहुंचेंगे सुदेश महतो

धुर्वा के प्रभात तारा मैदान सभा को लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। दिन के 12 बजे के करीब सभा शुरू होगी। इससे पहले आजसू पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो बिरसा चौक, रांची से पद यात्रा करते हुए प्रभात तारा मैदान, धुर्वा पहुंचेंगे।

पदयात्रा में पार्टी के पदाधिकारी, कार्यकर्ता तथा बेरोजगार युवा शामिल होंगे। संकल्प सभा के पूर्व सुदेश कुमार महतो गुवा गोली कांड के शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे।

युवा आजसू ने चलाया था बायोडाटा संग्रह अभियान

पूरे आयोजन को लेकर आजसू प्रमुख सुदेश महतो ने बताया कि 24 अगस्त से 7 सितंबर तक राज्यभर के बेरोजगार शिक्षित युवाओं का डेटा एकत्रित करने के लिए बायोडाटा संग्रह अभियान चलाया गया था। इसे युवा आजसू ने चलाया था।

## टाटानगर से बरहमपुर भाया चाईबासा रूट पर 130 किमी प्रतिघंटे की रफ्तार से ट्रायल पर दौड़ी वंदे भारत



**चाईबासा, एजेंसी।** टाटानगर से बरहमपुर रूट पर पहली बार कोई ट्रेन 130 किमी प्रतिघंटे की रफ्तार से दौड़ी। रविवार की सुबह इस मार्ग पर वंदे भारत का ट्रायल किया गया।

बताया जाता है सेक्शन को लेकर इसकी औसत स्पीड 83 किमी प्रतिघंटा हो सकती है।टाटा-बरहमपुर वंदेभारत एक्सप्रेस की ट्रायल ट्रेन सुबह 5.20 बजे टाटानगर स्टेशन से रवाना की गयी।

चाईबासा दोपहर 2.30 बजे ट्रेन बरहमपुर पहुंचेगी। वापसी में ट्रेन अपराह्न 3 बजे बरहमपुर से चलेगी और रात के 11ः55 बजे टाटानगर पहुंचेगी। ट्रेन सुबह चाईबासा में 6ः10 बजे, डांगुवापोशी में 7ः00 बजे और बांसपानी में 7ः43 बजे पहुंचेगी। ठहराव 2 मिनट का होगा।

टाटा से रवाना होकर चाईबासा, डांगुवापोशी, केंदुझरगढ़ और भुवनेश्वर होते हुए ट्रेन खुर्दा रोड के रास्ते बरहमपुर पहुंचेगी। 15 सितंबर को देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वंदे भारत ट्रेन को टाटानगर रेलवे स्टेशन से हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे।

उसी की तैयारी को लेकर विभिन्न रूठो पर चलने वाली वंदे भारत ट्रेनों का ट्रायल रविवार को किया गया। वंदे भारत ट्रायल ट्रेन को देखते ही चाईबासा रेलवे स्टेशन पर लोगों की भीड़ पहुंचने लगी थी। कुछ देर रुकने के बाद यह आगे की ओर रवाना हो गई।

वंदे भारत ट्रेन भारत सरकार के महत्वपूर्ण योजना का हिस्सा है, जिसे पूरे देश को जोड़ने में कम समय और बेहतरीन सुविधा देने का प्रयास कर रही है।

चाईबासा होकर गुजरने वाली वंदे भारत ट्रेन से लोगों को काफी सुविधा हो जाएगी। काफी समय से इस रूट पर अच्छी ट्रेन चलाने की मांग लोग कर रहे थे। उसको देखते हुए भारत सरकार ने बेहतरीन तोहफा लोगों को दिया है।

## कॉलेज को बदनाम करने के लिए हजारीबाग में पढ़ रहे छात्र के नाम पर डीसी को दे दिया फर्जी आवेदन



**गिरिडीह, एजेंसी।** बीएन साहा डीएवी शिक्षक प्रशिक्षण कॉलेज सिरसिया के नाम पर कॉलेज संचालन नहीं होने संबंधी उपायुक्त को आवेदन सौंपकर कार्रवाई करने की मांग करने वाले मामले में नया मोड आ गया है। छानबीन में पता चला कि जिस छात्र प्रंस कुमार के नाम पर आवेदन डीसी के पारगमन शाखा में रसिव कराई और फिर मीडिया को दी गई वह फर्जी है। काउंसलिंग में शामिल छात्र प्रिंस कुमार ने शिकायत को फर्जी बताते हुए उपायुक्त से निष्पक्ष जांच करते हुए दोषी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

कहा कि समाहरणालय में लगे सीसीटीवी फुटेज से भी असलियत सामने आ सकती है कि इस साजिश में कौन शामिल है। छात्र प्रिंस ने कहा है कि उनके नाम का इस्तेमाल करते हुए उनका फर्जी हस्ताक्षर बनाकर उपायुक्त और झारखंड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद झारखंड सरकार को भेजकर कॉलेज को बदनाम करने की साजिश की गई है। जबकि हकीकत ये है कि काउंसलिंग के बाद बीएनएस डीएवी शिक्षक प्रशिक्षण कॉलेज से उनके पास कॉल भी आया था। लेकिन उसका सीएमएल रैंक 12393 आने के कारण उन्होंने इस साल खुद से नामांकन लेने से इंकार कर दिया है। फिलहाल वह हजारीबाग में रहकर पीजी की पढ़ाई कर रहा है और पिछले करीब एक पखवारा से गिरिडीह गया भी नहीं है। उन्होंने आवेदन में दर्ज रोल नंबर और सीएमएल रैंक को सही बताते हुए कहा कि इसका गलत इस्तेमाल किया गया है। इधर, बीएनएस डीएवी शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय गिरिडीह के प्राचार्य डॉ मुकेश कुमार शर्मा ने कहा है कि रोल नंबर 2441030543, सीएमएल रैंक 12393 के छात्र प्रिंस कुमार को कॉलेज की ओर से कॉल गया था। लेकिन उन्होंने स्वेच्छा से नामांकन लेने से इंकार कर दिया है। प्रिंस कुमार के नाम का इस्तेमाल कर किसी ने यह षडयंत्र किया है। साजिश के तहत उपायुक्त कार्यालय और रांची में आवेदन भेजकर कॉलेज को बदनाम करने का काम किया गया है। उन्होंने उपायुक्त से मांग की है कि ऐसे फर्जीवाड़े को रोकने के लिए समाहरणालय में लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगाला जाए, और आरोपी को चिन्हित कर कठोर कार्रवाई की जाए।

## उत्तम क्षमा धर्म की आराधना, की गई शांति धारा, फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता



**रांची, एजेंसी।** जैन धर्म के पर्वराज पर्युषण का पहला दिन उत्तम क्षमा से प्रारंभ हुआ। उत्तम क्षमा जिसका संक्षिप्त अर्थ क्रोध को पैदा न होने देना, क्रोध पैदा हो ही जाए तो अपने विवेक से नम्रता पूर्वक उसे विफल कर देना है। रांची के दोनों मंदिरों में रविवार को विशेष पूजा-अर्चना की गई। दोनों मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ दिखी। अपर बाजार जैन मंदिर के बड़े हॉल में सामूहिक पूजन संगीतमय तरीके से वाद्य यंत्रों द्वारा सागर से पधारे विद्वान पंडित निखिल शास्त्री के सान्निध्य में किया गया। पूजा के बाद शास्त्र वाचन, मंडल पूजन आदि अनुष्ठान किए गए।

इस उपलक्ष्य में पवन कुमार, रोहित कुमार, बाकलीवाल परिवार और सुनील-अनिल चांदूवाड परिवार ने अपर बाजार मंदिर में प्रथम शांति धारा की गई। सामूहिक पूजन के दौरान चार परिवारों को शांति धारा का सौभाग्य मिला। संजय छाबड़ा परिवार, प्रोफेसर सुरेश कुमार पांडया परिवार, कमल पाटोदी परिवार, छितरमल गंगवाल परिवार को यह सौभाग्य प्राप्त हुआ। रांची 7 श्री जैन श्वेतांबर साधुमार्गी संघ और तेरापंथ धर्म संघ द्वारा आयोजित परवाधिराज पर्युषण महापर्व का रविवार को समापन हो गया। महोत्सव का समापन करते हुए श्री दिगंबर जैन भवन में स्वाध्याई गौतम रांका और सुरेश ने कहा कि भगवान महावीर ने दुनिया में यही संदेश दिया था कि क्षमा वीरस्य व भूषणम अर्थात क्षमा मनुष्य का एक सर्वश्रेष्ठ गुण है। क्षमा से हम दुश्मन को भी मित्र बना सकते हैं और दुश्मनी को सदा के लिए खत्म कर सकते हैं। यही एकमात्र ऐसा पर्व है जो हमें त्याग क्षमा और मैत्री का भाव सिखाकर आत्म कल्याण के लिए अग्रसर करता है। क्षमा वर्तमान में जीना सिखाती है और क्षमा पारिवारिक पृष्ठभूमि होती है। क्षमा ही शैतान को संत बनने में सक्षम होती है। क्षमा हर परिस्थिति में संभव रखने की प्रेरणा देती है।

रारा परिवार व सुचित्रा देवी पाटनी परिवार द्वारा वासुपूज्य जिनालय में शांतिधारा की गई। संगीतमय पूजन हेमंत सेठी, आकाश सेठी, राकेश काशलीवाल के निर्देशन में हुआ। मंडल पूजन में प्रमोद झांझरी, विनोद झांझरी, कमल पाटोदी अध्यक्ष नरेंद्र गंगवाल, मंत्री पंकज पांड्या सहित अन्य मौजूद थे। दोपहर में जैन युवा जागृति द्वारा फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। रात्रि में पं. निखिल शास्त्री ने उत्तम क्षमा धर्म पर प्रवचन दिया गया। यह जानकारी प्रदीप बाकलीवाल एवं मीडिया प्रभारी राकेश काशलीवाल ने दी।

## 2 साल पहले पति को छोड़कर भाग गयी थी पत्नी, वापस लौटने के बाद बेटे संग मिलकर की हत्या

**गिरिडीह, एजेंसी।** गिरिडीह जिले के बगोदर थाना क्षेत्र के अलगडीहा गांव में पत्नी ने बेटे के साथ मिलकर पति की गला दबाकर हत्या कर दी. घटना शुक्रवार देर रात की बतायी जा रही है. मृतक दीनानाथ मंडल के भाई ने बगोदर थाना में आवेदन देकर अपने भतीजा और भाभी पर हत्या करने का आरोप लगाया है. थाना में दिये आवेदन में मृतक के भाई जीवाधन मंडल ने कहा है कि मृतक दीनानाथ मंडल (55) की पत्नी देवंती देवी 12 साल पहले किसी दूसरे व्यक्ति के साथ भागकर शादी कर ली थी. वह उसके साथ ही रह रही थी.

डेढ़ माह पहले देवंती देवी घर लौटी और फिर से दीनानाथ मंडल के साथ रहने लगी थी. बीते दो दिनों से दोनों के बीच कुछ विवाद चल रहा था. विवाद बढ़ता गया और शुक्रवार को घर में आरोपी देवंती देवी ने अपने छोटे बेटे दीपक कुमार के साथ मिलकर दीनानाथ मंडल के साथ मारपीट की. इसी दौरान गला दबाकर दोनों ने दीनानाथ की हत्या कर दी और घर से फरार हो गये. मृतक के भाई ने बताया कि शनिवार की सुबह दीनानाथ मंडल की मां घर पहुंची तो देखा कि दीनानाथ मंडल का शव बेड पर पड़ा हुआ है. इसके बाद वह हो-हल्ला करने लगी.

घटना की सूचना स्थानीय लोगों ने बगोदर पुलिस को दी. पुलिस ने दीनानाथ का शव उसके घर से बरामद किया. घटना को लेकर आस-पड़ोस के लोगों से जानकारी ली.

## हर मोर्चे पर विफल हेमंत सोरेन सरकार; अर्जुन मुंडा ने भरी हुंकार, जनता को छलने का आरोप लगाकर सीएम पर बोला हमला



**खरसावां, एजेंसी।** भाजपा के बूथ सशक्तीकरण अभियान के तहत खरसावां के हरिभंजा सामुदायिक भवन में भाजपा शक्ति केंद्र के सदस्यों की बैठक में पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा शामिल हुए।

इस दौरान मुख्य रूप से बूथ स्तर पर संगठन की मजबूती पर बल देते हुए सदस्यता अभियान तेज करने को कहा गया। बैठक को संबोधित करते हुए पूर्व सीएम अर्जुन मुंडा ने पार्टी कार्यकर्ताओं से विस चुनाव की तैयारी में जुट जाने की अपील की।उन्होंने राज्य सरकार को हर मोर्चे पर विफल बताते हुए कहा कि जिस तरह से राज्य में विकास की गति बढ़नी चाहिए थी, वैसे पिछले कुछ वर्षों से नहीं दिख रही है।उन्होंने कहा कि राज्य की हेमंत सोरेन सरकार ने हमेशा राज्य के विकास की बातों को, राज्य की प्राथमिकताओं को और राज्य की जनता की आवश्यकता को दरकिनार करने का कार्य किया है।खरसावां विस क्षेत्र में भी विकास की रफ्तार पर ब्रेक लग गया है। उन्होंने कहा कि जनता इस सरकार को सबक सिखाएगी। अर्जुन मुंडा ने कहा कि झारखंड सरकार हर मोर्चे पर विफल हो चुकी है।इस राज्य के तमाम जनता चाहे वह युवा हों, चाहे महिला हों, चाहे आदिवासी हों, चाहे दलित हों, चाहे सामान्य लोग सबको सरकार ने छलने का काम किया है।अर्जुन मुंडा ने पार्टी कार्यकर्ताओं से राज्य सरकार के विफलताओं को जन जन तक पहुंचाने के लिए कहा। बैठक में मुख्य रुप से मीरा मुंडा, उदय सिंहदेव, जटाशंकर पांडेय, मंजु बोदरा, रामनाथ महतो, विजय महतो, सिद्धेश्वर जोंको समेत काफी संख्या में पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# मंत्री ने किया 36 करोड़ रुपये से बनने वाले अत्याधुनिक डिग्री कॉलेज भवन का भूमि पूजन



**गढ़वा , एजेंसी।** गढ़वा विधानसभा क्षेत्र के मेराल प्रखंड के लातदाग में साढ़े 36 करोड़ रूपये की लागत से अत्याधुनिक डिग्री कॉलेज का निर्माण किया जाएगा। रविवार को पेयजल एवं स्वच्छता, पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने विधिवत पूजा अर्चना कर कॉलेज भवन निर्माण का भूमि पूजन किया। मौके पर मंत्री ठाकुर ने कहा कि पूर्व के जनप्रतिनिधियों ने जनता को सिर्फ वोट का मशीन समझा। गढ़वा की जनता ने किसी को 10 साल किसी को 17 साल मौका दिया। उन्होंने अपने वोट के ठेकेदारों को मजबूत किया और खुद भी मजबूत बनते रहे। परंतु किसी ने विकास की नहीं सोची। जनता को अपने हाल पर छोड़ दिया। मेराल में इतना बड़ा डिग्री कॉलेज बनाने की बात तो किसी ने सपने में भी नहीं सोचा होगा। मंत्री ने कहा कि यदि आपका प्यार और समर्थन इसी तरह से मिलता रहा तो मेराल प्रखंड जिला मुख्यालय से किसी भी मायने में कम नहीं रहेगा।

मंत्री ने कहा कि 36.5 करोड़ की लागत से मेराल में बहुमंज़िला एवं सर्व सुविधा युक्त डिग्री कॉलेज बनेगा। यह डिग्री कॉलेज चार मंज़िला होगा। जिसमें लगभग 1.5 लाख स्क्वायर फीट में प्रशासनिक भवन एवं कॉलेज होगा। कॉलेज में लाइब्रेरी, डिस्कशन हॉल, इंडोर स्पोर्ट्स एरीना, आठ लेबोरेटरी, कंप्यूटर लैब, लेक्चर और सेमिनार के लिए सात हॉल, ओपन एयर थियेटर, स्टडी लाउँज, कैंटीन, स्टूडेंट लाउँज, डिजिटल लाइब्रेरी, लिफ्ट आदि होंगे।

ब्वायज एवं गर्ल्स के लिए अलग-अलग 11 ट्वायलेट, प्रिंसिपल क्वॉटर के साथ साथ स्टाफ क्वार्टर का भी प्रावधान इसके कैंपस में ही किया गया है। पूरा कॉलेज सीसीटीवी के दायरे में होगा। हर फ्लोर लगभग 40 हज़ार स्क्वायर फीट का होगा। यह कॉलेज मेराल प्रखंड के विद्यार्थियों के लिए शिक्षा में मील का पत्थर साबित होगा। अब यहां के छात्र-छात्राओं को उच्च शिक्षा के लिए कहीं बाहर जाने की ज़रूरत नहीं पड़ेगी। इसमें साइंस, आर्ट्स एवं कॉमर्स तीनों स्ट्रीम की पढ़ाई होगी।

मौके पर मुख्य रूप से झामुमो जिलाध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, प्रमुख दीपमाला, अतहर अली, विकास कुशवाहा, नामधारी कालेज के प्राचार्य विनोद पाठक, अनिल कुमार सिंह, मुन्ना कुमार सिंह, मुखिया बेबी देवी, सुरेंद्र गोस्वामी, राजेंद्र प्रसाद, प्रेम चंद प्रसाद, मुन्ना राम, विजय सिंह, रविकांत दुबे, परशुराम कुशवाहा, विजय प्रसाद, ललनी यादव, प्रमोद गुप्ता, रीता देवी, मायावती देवी, गौरी देवी, अनिल टोप्पो, पंचम कुमार रजक, जगरनाथ यादव, अजय प्रसाद गुप्ता, दिलीप गुप्ता सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# विचार-मंथन

## संपादकीय

### फलाहार में भी मिलावट का जहर

खाद्य पदार्थों में मिलावट के मामले आम होने की वजह से आज हालत यह है कि कुछ भी खाकर आश्वस्त नहीं हुआ जा सकता कि वह सुरक्षित और सेहत के लिए फायदेमंद है। मिलावट के कारोबारियों को इस बात से कोई फर्क नहीं पड़ता कि मिलावटी चीजें खाकर लोग बीमार हो गए या उनकी जान ही चली गई। सामान्य दिनों की इस विडंबना के बीच हैरानी की बात यह है कि पर्व-त्योहार के मौकों को भी नहीं बख्शा जाता और सिर्फ कमाई के लिए मिलावटी या फिर खराब हो चुके खाद्य पदार्थ बेचने में कुछ लोगों को हिचक नहीं होती।कई त्योहारों के मौकों पर खबर आती है कि कुट्टू का आटा खाने से कई लोग बीमार हो गए। कई बार इस तरह की घटनाएं सामने आती रहती हैं और अगर कभी कोई मामला तूल पकड़ लेता है तब यह आश्वासन जरूर दिया जाता है कि इस संबंध में जांच और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। मगर हकीकत यह है कि कुछ दिनों के बाद सब भुला दिया जाता है और हादसे होते रहते हैं।गौरतलब है कि वर्ष भर में आने वाले पर्व-त्योहारों के मौकों पर बहुत सारे लोग फल या अन्य खाद्य पदार्थों के साथ-साथ कुट्टू के आटे का भी सेवन करते हैं। इसी क्रम में उत्तर प्रदेश के मथुरा और आगरा में कृष्ण जन्माष्टमी पर उपवास के दौरान कुट्टू के आटे से बना 'फलाहार' खाने से पांच गांवों के सौ से ज्यादा लोग बीमार हो गए। कई लोगों की स्थिति ज्यादा गंभीर हो गई।खबरों के मुताबिक, पीड़ित लोगों ने जहां से कुट्टू का आटा खरीदा था, वहां आटे की आपूर्ति करने वाली दो दुकानें सील कर दी गईं और उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज किया जा रहा है। मगर सवाल है कि आखिर यह कौन-सी मजबूरी है कि सरकार के संबंधित महकमे या खाद्य सुरक्षा विभाग तब तक लापरवाह बने रहते हैं, जब तक कोई बड़ा हादसा न हो जाए। दूषित खाद्य सामग्री बेचने वालों की जांच और उनके खिलाफ कार्रवाई के मामले में अगर अनदेखी न की जाए, तो शायद इस तरह बड़ी संख्या में लोगों के जीवन पर जोखिम न पैदा हो।

### बुलडोजर से आगे

कार्यपालिका और न्यायपालिका, दूसरे शब्दों में कहें, तो प्रशासन और न्यायपालिका में कुछ तनाव हमेशा से रहते आए हैं। प्रशासन मानता है कि व्यवस्था की कुछ ऐसी प्रक्रियाएं हैं, जो डर पैदा करके ही आगे बढ़ाई जा सकती हैं। जबकि, न्यायपालिका मानती है कि जो कुछ भी हो, कानून की प्रक्रिया के तहत ही हो। कई बार प्रशासन ऐसे काम करता है, जिसे तत्काल न्याय कहा जाता है। न्यायपालिका का कहना है कि न्याय करने का काम उसका है, नागरिक प्रशासन का नहीं। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को 'बुलडोजर न्याय' पर जो टिप्पणियां की हैं, उनमें इसी तनाव की झलक देखी जा सकती है। अदालत ने इस तरीके को अपनाने की कड़ी निंदा की है। अदालत का कहना है कि कोई किसी जघन्य मामले का आरोपी या दोषी ही क्यों न हो, उसे कानून के दायरे में दंडित करने के दूसरे तरीके हो सकते हैं, लेकिन उसके घर को सिर्फ इसीलिए गिरा दिया जाना किसी भी तरह से वाजिब नहीं कहा जा सकता। हालांकि, सरकारी वकील ने कहा कि ऐसी ही संपत्तियां गिराई गई हैं, जो गैर-कानूनी हैं। दूसरी तरफ, उत्तर प्रदेश सरकार ने शपथ पत्र देकर कहा है कि उसने जो भी अचल संपत्तियां हटाई हैं, वे सब कानून की प्रक्रिया का पालन करते हुए हटाई गई हैं। दरअसल, कई बार ऐसे मामलों में गड़बड़ी किसी और तरह से होती है। गैर-कानूनी अचल संपत्ति तो पूरी तरह कानून की प्रक्रिया का पालन करते हुए हटाई जाती है, लेकिन प्रशासन अपनी पीठ थपथपाने के लिए यह कहता है कि उसने आरोपी को मजा चखा दिया। ऐसे मामलों की मीडिया में भी यही कहानियां चलती हैं। इसी से यह छवि बनती है कि 'बुलडोजर न्याय' किया जा रहा है। जरूरी यह है कि ऐसी कार्रवाई करने के लिए सबसे पहले यह बताया जाए कि ढहाई जा रही संपत्ति किस तरह से गैर-कानूनी है और उसके साथ ही, यह भी साफ कर दिया जाए कि संपत्ति को गिराने के लिए किस तरह से कानून की प्रक्रिया का पालन किया गया? अदालत के सामने राजस्थान के उदयपुर का वह मामला भी लाया गया, जिसमें एक स्कूल में छुरेबाजी की घटना हुई और बाद में उस मकान को ढहा दिया गया, जहां वह लड़का रहता था। विडंबना यह कि लड़के के पिता ने वह मकान किराये पर ले रखा था। जस्टिस केवी विश्वनाथ ने कहा कि अगर वह लड़का गलत भी था।

## उत्तराखण्ड में हो रहे सांप्रदायिक अपराध और उसका निराकरण

(प्रवीण गुगनानी)

इस प्रकार की घटनाओं के बढ़ते जाने पर उत्तराखण्ड की पुष्कर सिंह धामी की सरकार इन घटनाओं का संज्ञान लेती है और स्थिति को समझती है। बात बहुत आगे बढ़ चुकी होती है किंतु पुष्कर सिंह इसे अपनी तेज कार्य योजना से रोकने का प्रयास कर रहे हैं। श्यामपुर उत्तराखण्ड का एक सुंदर सा गाँव हैं। वहाँ सभी लोग सुख-शांति से अपना जीवन यापन कर रहे होते हैं। अचानक वहां गाँव के किनारे पर एक फ़क़ीर आकर मिट्टी का एक ढेर बनाता है उस पर चादर डालता है और फिर उसके बग़ल में एक झोपड़ी बनाकर रहने लग जाता है। अब श्यामपुर के लोग आते जाते लोगों को वह फ़क़ीर या मज़ार का ख़ादिम बहलाता-फुसलाता है और लोग वहाँ माथा टेकने लगते हैं। लोगों की श्रद्धा को बढ़वाकर वह ख़ादिम दूसरे चरण में भोले-भाले ग्रामीणों से कहता है कि वे अपने खेत में ही एक छोटे से कोने कहीं मज़ार बना देंगे तो वह आकर उस मज़ार पर नमाज़ पढ़कर उसे भी सिद्ध बना देगा। ख़ादिम के बहकावे में आकर वह ग्रामीण ऐसा ही करता है और अपने खेत में मज़ार बनाकर वहाँ प्रतिदिन दिया-बत्ती करने लग जाता है। लोगों का आना जाना बढ़ता है तो वहाँ एक दानपेटी रख दी जाती है। अब ख़ादिम हर सप्ताह आकर उस दानपेटी से राशि निकालकर ले जाता है। शनैः-शनैः वह ख़ादिम, उसी ग्रामीण के पैसों से मज़ार पर टिन डलवा देता है उसे पक्का निर्माण करवा देता है। इधर मज़ार पर लोगों का आना-जाना बढ़ता है उधर गाँव में कुछ और मुस्लिम परिवार आकर बसने लगते हैं और मज़ारें भी बढ़ने लगती है। अचानक गाँव में लव जिहाद की घटनाएँ बढ़ने लगती हैं। गाँव की लड़कियों मुस्लिम लड़कों के झाँसे में आकर अपना सर्वस्व उन्हें सौंपने लगती है। अब गाँव में कभी गर्भस्थ होने से, कभी इज्जत के डर से, कभी मज़ार के ख़ादिम के नाराज़ होने के डर से तो कभी बाहुबल के सहारे हिंदू लड़कियां मुस्लिम लड़कों से निकाह करने लगती हैं। कभी-कभी तो इस कार्य में हिंदू लड़कियों के परिवार भी दबाव में आकर सहमति देने लगते हैं। इस कथा में केवल गाँव का नाम काल्पनिक है बाक़ी सब जो लिखा है वह उत्तराखण्ड के कई-कई ग्रामों की स्थिति का सच्चा कच्चा-चिट्ठा है। उत्तराखण्ड में लैंड जिहाद, लव जिहाद, मतांतरण, व्यापार जिहाद इसी प्रकार हज़ारों ग्रामों में अपने पैर पसार चुका है। इस प्रकार की घटनाओं के बढ़ते जाने पर उत्तराखण्ड की पुष्कर सिंह धामी की सरकार इन घटनाओं का संज्ञान लेती है और स्थिति को समझती है। बात बहुत आगे बढ़ चुकी होती है किंतु पुष्कर सिंह इसे अपनी तेज कार्य योजना से रोकने का प्रयास कर रहे हैं। उत्तराखण्ड सरकार का बुलडोज़र चलने लगता है और ऐसी सैकड़ों नक़ली मज़ारों पर बुलडोज़र चलाकर मज़ारों को ध्वस्त करके मज़ार के आसपास क़ब्ज़ा की गई सैंकड़ों-हज़ारों एकड़ ज़मीन को भी इन ख़ादिमों से मुक्त कराता है। अब शासन-प्रशासन के देखने में यह भी आता है कि शासकीय ही नहीं बल्कि निजी ज़मीन पर भी ये दिखावटी और अपराधी प्रकार के ख़ादिम मज़ारों के सहारे क़ब्ज़ा किए बैठे होते हैं। इन ज़मीनों के हिंदू जनजातीय स्वामी इन अपराधी ख़ादिमों के बहकावे में आकर, जिन्न-जिन्नात के प्रकोप के भय से अपनी ज़मीनें, पैसा, लड़कियां सब कुछ इन अपराधी ख़ादिमों को दे रहे होते हैं। पिछले दिनों देहरादून के समीप पछुवा नामक ग्राम में ऐसे दो प्रकरण देखने में आए थे, जब अवैध मजार को हटाने गये प्रशासन को हिंदू समाज के जनजातीय और अनुसूचित जाति के लोगों ने रोकने का प्रयास किया। इन भोले-भाले हिंदू ग्रामीणों का कहना था कि ये मज़ारें तो उन्होंने स्वयं अपनी मन्नत पूर्ण होने पर बनवाई है। प्रशासन जब मामले की गहराई में गया तो ग्रामीणों ने बताया कि - उनको किसी कष्ट के निवारण के लिए ख़ादिम ने मजार पर बुलाया तो वे गये थे। इसके बाद वहाँ के ख़ादिम ने उन्हें बहला-फुसलाकर मन्नत करवा ली और उनसे कहा कि आप की इच्छा पूरे होने पर चादर चढ़ाना और अपनी जमीन पर बाबा का मजार बनवा देना फिर आपको इतनी दूर यहाँ आने की भी जरूरत नहीं पड़ेगी और मज़ार के कारण आपका खेत भी दोगुनी उपज देने लगेगा। कहीं-कहीं तो इन अपराधी ख़ादिमों ने भोले-भाले ग्रामीणों से उनके मंदिरों को ही मज़ार में बदल देने और पूजा पद्धति को बदलने हेतु भयभीत करके तैयार करवा लिया था। कई स्थानों पर निजी ज़मीनों पर बनी इन मज़ारों के पास अन्य मुस्लिम परिवार मित्र बनकर बस जाते और इसके बाद सभी प्रकार के अपराध वहाँ होने लगते। भोले भाले जनजातीय और अनुसूचित जाति के हिंदू ग्रामीण अपनी ज़मीन और लड़कियों को अपने हाथों से छूटते हुए देखते और हाथ मलते ही रह जाते थे। उत्तराखण्ड की पुलिस ने जब इन मज़ारों की जाँच की तो इसके पीछे एक संगठित गिरोह के सक्रिय होने की बात सामने आई। यह गिरोह बेरोज़गार मुस्लिमों को ख़ादिमों के कपड़े पहनवाकर, थोड़ा-बहुत बोलने और झाड़ने फूंकने का प्रपंच सिखाकर लैंड जिहाद व लव जिहाद हेतु तैयार करवाकर इस प्रकार की घटनाएँ करवाता था और बड़ी मात्रा में आस्था के नाम पर लोगों से पैसा भी निकलवा लेता था। बड़ी संख्या में इन मज़ारों पर हिंदू बंधु जाने लगते और धन, संपत्ति, ज़ेवर, खाद्यान्न, फल आदि चढ़ाने लगते। इस चढ़ावे से फलते-फूलते वहाँ के ख़ादिम अपनी मज़ार की दूसरी-तीसरी-चौथी ब्रांच खोलते जाते थे। कालू शाह, भूरे शाह, बुल्ले शाह और न जाने कौन-कौन से शाहों के नाम पर पर ये मज़ारें बनाई जाती और कमाई होने पर यहाँ के अपराधी ख़ादिम बग़ल के गाँव में जाकर अपनी फ़्रेंचायजी जैसी एक और मज़ार बनवा लेते थे। उत्तराखण्ड की पुष्कर सिंह सरकार पर आरोप लग रहें है कि वह दुराग्रह पूर्वक मज़ारों पर बुलडोज़र चला रही है, किंतु सच्चाई कुछ और ही है। सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय के 20 जून 2009 के निर्णय के अनुसार कोई भी धार्मिक स्थल का निर्माण, पुनर्निर्माण या जीर्णोद्धार बिना जिला कलेक्टर की अनुमति के बिना नहीं किया जा सकता है। भूमि के दस्तावेज की प्रति के साथ कलेक्टर को आवेदन देकर और अनुमति लेकर ही यह कार्य किया जा सकता है। पुष्कर सिंह धामी ने इसी न्यायलीन आदेश का पालन करते हुए तीन सौ से अधिक अवैध मज़ारों को ध्वस्त किया है। ऐसे पचासों मंदिरों को और एक गुरुद्वारे को भी धामी सरकार ने तोड़ दिया है और शासन की पाँच हज़ार एकड़ ज़मीन को 'लैंड जिहाद' से मुक्त कराया है।

> *उत्तराखण्ड राज्य सरकार ने मई 2023 तक कुल मिलाकर 3,793 ऐसे क्षेत्रों की पहचान की है जहां मज़ारों के माध्यम से लैंड जिहाद किया गया है। नैनीताल आश्चर्यजनक रूप से इस कुचक्र का शीर्ष है जहां चौदह सौ तैतीस स्थान और हरिद्वार भी जहां साढ़े ग्यारह सौ स्थानों पर अतिक्रमण करके मज़ारों के सहारे क़ब्ज़े किए गए थे।*

## स्मार्ट औद्योगिक शहर बिना हमारा काम नहीं चलेगा

(चंद्रजीत बनर्जी, महानिदेशक, सीआईआई)

राष्ट्रीय औद्योगिक गलियारा विकास कार्यक्रम (एनआईसीडीपी) के तहत 12 स्मार्ट औद्योगिक शहर बनाने का भारत का हालिया नीतिगत फैसला बहुत खास है। यह भारतीय विनिर्माण क्षेत्र को बदलने और खूब रोजगार पैदा करने की तैयारी है। यह नीति भारत की निर्यात क्षमताओं को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी और वैश्विक मूल्य श्रृंखला (जीवीसी) में देश की हिस्सेदारी बढ़ाने में भी मदद करेगी। भारत के विनिर्माण क्षेत्र ने 2023-24 में सकल मूल्य वर्धित (जीवीए) में 14 प्रतिशत का नाममात्र योगदान दिया, फिर भी इसमें 9.9 प्रतिशत की मजबूत वृद्धि हुई। निर्माण क्षेत्र भी समान दर से बढ़ा, जिसकी जीवीए में नौ प्रतिशत हिस्सेदारी है। साल 2024-25 के केंद्रीय बजट में बुनियादी ढांचे के लिए 11.11 ट्रिलियन रुपये (जीडीपी का 3.4 प्रतिशत) के बड़े आवंटन के साथ-साथ स्मार्ट सिटी मिशन, औद्योगिक गलियारा विकास, राष्ट्रीय एकल खिड़की प्रणाली और एक जिला एक उत्पाद योजना जैसी सरकारी पहल शामिल है। अब 12 औद्योगिक शहर बनाने की घोषणा सरकार के इसी इरादे की एक कड़ी है। भारत की विदेश व्यापार नीति 2023 के तहत साल 2030 तक एक ट्रिलियन डॉलर के व्यापारिक निर्यात का लक्ष्य रखा गया है। इन 12 शहर परियोजनाओं में से चार निर्माणाधीन हैं, जबकि चार आवंटन के लिए तैयार हैं। ये 12 शहर 10 राज्यों व छह प्रमुख औद्योगिक गलियारों का विस्तार करेंगे। यह शहर निर्माण कार्यक्रम पीएम गति शक्ति के लक्ष्यों के अनुरूप ही है। इस कार्यक्रम में अमृतसर-कोलकाता औद्योगिक गलियारे में पांच, दिल्ली-मुंबई औद्योगिक गलियारे में दो और विजाग-चेन्नई, हैदराबाद-बेंगलुरु , हैदराबाद-नागपुर, चेन्नई-बेंगलुरु औद्योगिक गलियारे में एक-एक शहर परियोजना शामिल है। 28,600 करोड़ रुपये के प्रस्तावित बजट से 10 लाख लोगों को प्रत्यक्ष और 30 लाख लोगों को परोक्ष रोजगार मिल सकता है। इसके अलावा नए शहर बनेंगे, तो आसपास के इलाकों को भी आर्थिक फायदा होगा। देश के विकास के लिए राज्यों की निर्यात-क्षमता को बढ़ाना बहुत जरूरी है। कुछ ऐसे क्षेत्र हैं, जहां भारत उत्पाद निर्माण और निर्यात के लिए बड़े प्रयास कर सकता है। इलेक्ट्रॉनिक सिस्टम्स, डिजाइन विनिर्माण, खाद्य और पेय पदार्थ, फार्मास्यूटिकल्स, कपड़ा और परिधान, ऑटोमोबाइल और ऑटो घटकों, मशीनरी व उपकरण और निर्माण सामग्री जैसे क्षेत्रों में राज्यों की निर्यात-क्षमता को बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। इन नए शहरों में बड़े निवेशकों के साथ ही छोटे निवेशकों को भी पूरी मदद करने की योजना है। शहर निर्माण की यह पहल 1.5 ट्रिलियन रुपये की समग्र निवेश क्षमता पैदा करने की संभावना रखती है। ध्यान दें कि कुछ प्रस्तावित शहर उन राज्यों में स्थित हैं, जो पहले से ही निर्यात के मोर्चे पर अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं, जैसे महाराष्ट्र और तेलंगाना। अच्छी बात है कि नीति में यह भी ध्यान रखा गया है कि बिहार, उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश जैसे कम निर्यात हिस्सेदारी वाले राज्यों को भी शामिल किया जाए। खास बात यह भी है कि यह शहर निर्माण कार्यक्रम भारत के जलवायु लक्ष्यों को ध्यान में रखकर बनाया गया है। जल को फिर उपयोग लायक बनाना और कूड़ा-कचरा के सही निस्तारण की भी चिंता की गई है। सर्कुलर इकोनॉमी के सिद्धांतों और वॉक-टु-वर्क जैसी अवधारणाओं को भी इस कार्यक्रम में शामिल किया गया है। इसमें अक्षय ऊर्जा का भी पूरा इंतजाम रखने की योजना है। साल 2030 तक क्षमता और 2070 तक शुद्ध-शून्य कार्बन उत्सर्जन का लक्ष्य हासिल करना है। हरित निर्यात को न केवल बढ़ावा देना है, बल्कि हरित मैन्युफैक्चरिंग की स्थायी व्यवस्था करने की योजना है। यदि हमने हरित उत्पादन की चिंता की, तो विश्व स्तर पर हमारे भागीदारों की भी संख्या बढ़ेगी। जरूरी है कि नए शहरों में उच्च तकनीकी में सक्षम श्रमिकों को आकर्षित करने के लिए पुख्ता बुनियादी ढांचा दिया जाए।

## सुडोकू पहेली क्रमांक- 5487

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 5 | | | 2 | 9 | | | |
| | | | | | | 1 | 7 | |
| 7 | 9 | 6 | | | 3 | 2 | | |
| | | | | 1 | 5 | | 9 | |
| 3 | 6 | | | | | | 2 | 1 |
| | 4 | | 6 | 9 | | | | |
| | | 2 | 8 | | | 3 | 1 | 4 |
| | 1 | 8 | | | | | | |
| | | | 2 | 7 | | | 5 | |

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 5486

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 7 | 3 | 6 | 9 | 2 | 1 | 4 | 8 |
| 2 | 1 | 9 | 3 | 4 | 8 | 6 | 5 | 7 |
| 8 | 4 | 6 | 7 | 1 | 5 | 2 | 9 | 3 |
| 9 | 2 | 5 | 4 | 8 | 6 | 3 | 7 | 1 |
| 7 | 3 | 4 | 2 | 5 | 1 | 8 | 6 | 9 |
| 6 | 8 | 1 | 9 | 3 | 7 | 5 | 2 | 4 |
| 1 | 5 | 7 | 8 | 6 | 9 | 4 | 3 | 2 |
| 3 | 9 | 8 | 5 | 2 | 4 | 7 | 1 | 6 |
| 4 | 6 | 2 | 1 | 7 | 3 | 9 | 8 | 5 |

## आज का राशिफल

### मेष
आज करियर में सफलता प्राप्त होगी और कारोबार में पैसों से जुड़ी योजनाएं आपके लिए सफलता दिलाने वाली साबित होंगी। आपकी सेहत पर विपरीत प्रभाव पड़ सकता है। जोखिमपूर्ण कार्य न करें, वरना आपको नुकसान हो सकता है। खानपान पर विशेष नियंत्रण रखें। आपकी मान-प्रतिष्ठा बढ़ेगी।

### वृष
आज बेहद सावधानी से करने की सलाह है। आपको मेहनत करने से सफलता मिलेगी और हर कार्य में भाग्य का साथ मिलेगा। शाम के समय अतिथियों के आगमन से खर्च बढ़ेगा। आपको जरूरी कार्य से बाहर यात्रा पर जाना पड़ सकता है। आपके सम्मान में वृद्धि होगी और रुके कार्य पूर्ण होंगे और शाम के वक्त दोस्तों के आने से आपका अटका कार्य बन जाएगा।

### मिथुन
आज लाभ होगा और संतान पक्ष के लोगों से आपको शुभ समाचार प्राप्त होंगे। ऑफिस में आपके ऊपर कोई झूठा आरोप भी लग सकता है। आप सावधान रहें। शाम से लेकर रात तक आपके लिए लाभ के योग हैं। क्रोध पर नियंत्रण रखें। व्यवसाय में लाभ होगा।

### तुला
आज करियर के मामले में लाभ होगा और आपके साहस व धैर्य में वृद्धि होगी। किसी भी कार्य में जल्दबाजी न करें। कार्यक्षेत्र में प्रगति की बहुत संभावनाएं हैं। व्यवसाय में उतार-चढ़ाव रहेगा। आपको उधार दिया गया धन वापस मिलने से हर्ष होगा और आप कुछ नया आयोजन कर सकते हैं। शाम में दूर या पास की यात्रा का योग है और आपके सभी कार्य पूर्ण होंगे।

### वृश्चिक
आज करियर में तरक्की के योग बन रहे हैं। किसी कारण से राजनीतिक व सामाजिक क्षेत्र में तनाव की स्थिति बन रही है और आपका काम करने में मन नहीं लगेगा। विद्यार्थियों को निरन्तर परिश्रम की आवश्यकता है और आपके लिए सफलता के संयोग बन रहे हैं। परिवार में संपत्ति को लेकर भी कुछ तनाव उत्पन्न हो सकता है।

### धनु
आज दिन सफलता से भरा होगा और आपका मूड काफी अच्छा रहेगा। सभी क्षेत्रों में बुद्धि और कौशल का प्रयोग करेंगे तो सफलता मिलेगी। राजनीतिक क्षेत्र में पिछले कुछ दिनों से जो असमंजस की स्थिति बनी हुई थी आज समाप्त हो जाएगी। संतान पक्ष से भी संतोषजनक समाचार मिलेगा। आपके सम्मान में वृद्धि होगी और रुपये-पैसे के मामले में लाभ होगा।

### कर्क
आज दिन मिलाजुला रहेगा। लेन-देन के मामलों में सावधानी बरतें। व्यय की अधिकता के कारण आज आपको किसी से कर्ज भी लेना पड़ सकता है। पारिवारिक कार्यों में दौड़ धूप रहेगी। आप अपनी कार्यकुशलता से औरों को प्रभावित करेंगे और आपको लाभ होगा। शाम के वक्त कोई विशेष कार्य निपट जाने से उत्साह बढ़ेगा।

### सिंह
आज लाभ होगा और दिन आपके लिए विजय देने वाला है। अपने प्रतिद्वन्दियों के लिए सिरदर्द बने रहेंगे। परिवार में भी आपके प्रति प्रेम व आदर की भावना बढ़ेगी। रात के समय किसी मंगल कार्य में सम्मिलित होने का अवसर प्राप्त होगा। आपके धन में वृद्धि होगी और रुके कार्य पूर्ण होने से आपका मन काफी प्रसन्न होगा।

### कन्या
आज दिन सफलता से भरा होगा। आपके लिए तरक्की के योग हैं और आपको कोई रुका कार्य पूर्ण होगा। राजनीतिक और सामाजिक क्षेत्र में नए संपर्क बनेंगे।ऑफिस में कोई आपके सामने नया प्रस्ताव रखे तो उस पर सोचसमझकर फैसला करें। वरना आपको नुकसान हो सकता है।

### मकर
आज लाभ होगा और आपके पराक्रम में वृद्धि के योग बने हैं। न्यायायिक मामलों में लाभ होगा और आपको सफलता प्राप्त होगी। कार्यक्षेत्र में सफलता के शीर्ष पर पहुंचेंगे। अचल संपत्ति के व्यापार से लाभ होगा। संतान की सफलता के समाचार से आपको आनंद का अनुभव होगा और आपकी शानदार तरक्की होगी। किसी नए कार्य का आरंभ होगा।

### कुंभ
आज करियर में सफलता का दिन है। आपके कारोबार में शानदार तरक्की होगी। आज आपके प्रभाव प्रताप में वृद्धि होगी। व्यवसाय में अच्छे अवसर मिलेंगे। राजनीतिक-सामाजिक क्षेत्र में परिश्रम से आपको लाभ होगा। आपको साहस की आवश्यकता है। शत्रु पक्ष कमजोर होगा। आपके धन में वृद्धि होने से आपका बैंक बैलेंस बढ़ेगा और लाभ होगा।

### मीन
आज दिन लाभ और सफलता से भरा होगा। कारोबार में तरक्की के योग बन रहे हैं। कार्यक्षेत्र में हर मामले में सहयोग आपको प्राप्त होगा। आपकी योजनाएं सफल होंगी और आपके लिए तरक्की के योग बन रहे हैं। खर्चों में कटौती करें नहीं तो कष्ट उठाना पड़ सकता है। साहित्य के क्षेत्र में आ रही बाधा दूर होने की संभावना है।

## वर्ग पहेली 5487



**संकेत: बाएं से दाएं**
1. इस मुगल शासक ने 24 अक्टूबर 1605 को आगरा में गद्दी संभाली थी (4)
4. 24 अक्टूबर 1915 को फिल्मों के जाने-माने इस खलनायक ने जन्म लिया था, जिंदगी, हयात (3)
7. अकल्याणकारी, दुष्कर्मी, दुश्चरित्र (2)
8. वन में उत्पन्न वस्तु (3)
9. ग्राम, गांव (3)
11. खामोश, निरूत्तर, चुप (2)
12. किसी देवता आदि से मांगा हुआ मनोरथ, दूल्हा (2)
13. अतीती, भूतकालीन सूचक शब्द (1)
14. मोहित करने का प्रयत्न (2)
16. माक्षिक मल, भ्रमरज, पीतराग (2)
18. हिंदी के बारह महिनों में से एक (3)
19. चूड़िदार, चूड़ी बनाने या पहनाने वाला (4)
22. घोड़ा, अश्व (2)
23. मध्यप्रदेश की एक नदी जिसका उद्गम होशंगाबाद जिले के समीप कालीभीत महाडियों से हुआ है (2)
24. बिहार का एक पवित्र स्थान (2)
25. कम उम्र की लड़की या लड़का (4)
26. लालू यादव वाली राजनीतिक पार्टी का संक्षिप्त नाम (3)

**ऊपर से नीचे**
1. संस्कृत के महाकवि जिनकी गीत गोविंद नाम कृति है, पुरानी फिल्मों के प्रसिद्ध संगीतकार (1960-77)(4)
2. अनुपस्थिती, गैर हाजिरी, चुगलखोरी (3)
3. दंत, दांत (2)
4. जीने की उम्र या अवधि (6)
5. जंगल, अरण्य, कानन (2)
6. दृष्टि, निगाह, पर्यवेक्षण (3)
10. शास्त्रीय संगीत संबंधी सिंदक संबंधी एक वाद्य (6)
15. स्वेच्छा से दिया गया धन, द्रव्यादि (2)
17. बड़ा, महान, अत्यधिक, उच्च (2)
19. खुशबू, सुगंध, गमक (3)
20. रत्न का अपभ्रंश (3)
21. दिया गया समय, अवधि (3)
24. हाथी, लंबाई की एक प्राचीन नाम (2)

### वर्ग पहेली 5486 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| सिं | गा | पु | र | | न | न | द |
| दू | ना | | ह | म | स | फ | र |
| र | | शा | म | त | | र | मा |
| | | य | दि | | भू | त | हा |
| द | ल | द | ल | | त | | |
| ह | स्त | | | स | ना | त | न |
| श | | है | | र | थ | | र्म |
| त | र्क | | बां | स | | स | दा |

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, (डी वी कार्पो. लि.) उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, पटना में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित
संपादक- श्रीराम अम्बष्ट, उप संपादक- साकेत अम्बष्ट फोन/फैक्स-०6186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, RNI-BIHHIN/1998/3009

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें : www.sonvarshavani.com
ई-पेपर sonvarshavani.com/epaper


## न्यूज बाइट्स

### नुक्कड़ नाटक का होगा आयोजन

**बिक्रमगंज (रोहतास) (नि. सं.)।** साउथ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड के द्वारा स्मार्ट प्रीपेड मीटर जागरूकता अभियान के तहत 10 सितम्बर को सूर्यपुरा बड़ा तालाब के समीप नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया जायेगा। जिसमे सीनियर प्रोटोकॉल ऑफिसर ख्वाजा जमाल, विद्युत अधीक्षण अभियंता रोहतास इंद्रदेव कुमार, विद्युत कार्यपालक अभियंता सासाराम ब्राविम, सहायक विद्युत अभियंता बिक्रमगंज राज कुमार शामिल होंगे। सहायक विद्युत अभियंता बिक्रमगंज ने बताया कि आयोजित नुक्कड़ नाटक के माध्यम से सभी उपभोक्ताओं को स्मार्ट प्रीपेड मीटर की विशेषताएं बताया जाएगी। प्रखंड सूर्यपुरा के सभी जन प्रतिनिधियों व समाजिक कार्यकर्ताओं को भी कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है।

### शराब विक्रेता महिला को किया गिरफ्तार

**दावथ (रोहतास) (नि.सं.)।** पुलिस द्वारा शराब धंधेबाजों के खिलाफ चलाए जा रहे सघन जांच अभियान के तहत अब पुरुष के अलावे महिलाएं भी काफी संख्या में इस धंधे में शामिल पाई जा रही है। अभी पिछले कुछ दिन ही दावथ प्रखंड मुख्यालय गांव से एक महिला को शराब बेचने के आरोप में जेल भेजा गया है कि वही आज पुनः शराब बेचते हुए एक महिला को गिरफ्तार दावथ पुलिस अग्रेतर करवाई हेतु दावथ थाने ले आई है। इस आशय की जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष दावथ कृपाल जी ने बतलाया कि ग्राम कोवाथ के डोम टोली से गीता देवी पति संजय डोम सा0 डोम टोली कोवाथ को घर से शराब बेचते हुए पकड़ा गया है। जब्त शराब के संबंध में बताया गया कि 16.5 लिटर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया है।

### सामान्य बोर्ड की बैठक की गई आयोजित

**काराकाट (रोहतास) (नि. सं.)।** नगर पंचायत काराकाट में सामान्य बोर्ड की बैठक का किया गया आयोजन। नगर पंचायत काराकाट में मुख्य पार्षद राधिका कुमारी के द्वारा आहूत इस बैठक का आयोजन कार्यक्रम पदाधिकारी सिमाब वतिन की अध्यक्षता में आयोजित की गई जिसमें मुख्य पार्षद राधिका कुमारी, उपमुख्य पार्षद रवीश रंजन के अलावे विभिन्न वार्डों से आए वार्ड पार्षद तथा नगर पंचायत कर्मी, सहायक अभियंता एवं स्वच्छता प्रबंधन के कर्मी शामिल हुए। बैठक में मुख्य रूप से नगर पंचायत के अंतर्गत सभी वार्डो के अंतर्गत चल रही योजनाओं की समीक्षा तथा साफ सफाई आदि पर चर्चा की गई। पूर्व के योजना क्रियान्वयन एवं उसके प्रगति पर विचार, साफ सफाई एवं स्वच्छता पर विचार, वर्ष के कार्यक्रम में होने वाली बीमारियों की रोकथाम हेतु उचित सामग्री पर विचार, तथा नगर पंचायत के लोगों द्वारा दिए गए आवेदन एवं जन्म मृत्यु आदि पर भी विचार करना बैठक का मुख्य विषय रहा।

### मध्य विद्यालय से चोरों ने उड़ाये बर्तन एवं सामान

**बिक्रमगंज (रोहतास) (नि. सं.)।** काराकाट प्रखंड क्षेत्र के मोथा स्थित मध्य विद्यालय मोथा से बीते रात चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया। इस आशय की जानकारी देते हुए मध्य विद्यालय मोथा के प्रधानाध्यापक हामिद अंसारी ने बतलाया कि बीते रविवार की रात मध्यान भोजन की सामग्री रखे कमरे से चोरों ने दरवाजा का ताला तोड़कर कमरे में रखें मध्यान भोजन के लिए नए बर्तन को लेकर चंपत हो गए. उन्होंने इस संबंध में बताया कि सुबह जब विद्यालय हम लोग प्रवेश किया तो देखे कि विद्यालय का कमरा खुला है और सामान तीतर भीतर हुआ है। जब इसकी जांच पड़ताल में लगे तो देखा कि विद्यालय उपयोग के लिए रखे गए नए बर्तन गायब है। इस संबंध में उन्होंने लिखित सूचना थाने को समर्पित कर दिया है। प्रधानाध्यापक द्वारा इस संबंध में आवेदन करने की पुष्टि थाना अध्यक्ष फुलदेव चौधरी ने की मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी अजीत कुमार, प्रभारी राजस्व अधिकारी अनिल रंजन दूबे, राजस्व कर्मचारी अजीत कुमार, त्रिलोकी कुमार, राजेश कुमार पंडित, शशि कुमार पेटल सहित कई अन्य प्रखंड सह अंचल कर्मी मौजूद रहे।

# उदिता सिंह बनी रोहतास जिले की पहली महिला जिलाधिकारी, डीएम नवीन कुमार ने सौंपा कार्यभार

**निज संवाददाता** | सासाराम (रोहतास)

बिहार सरकार के सामान्य प्रशासन विभाग ने एक अधिसूचना जारी कर उदिता सिंह को रोहतास जिले का नया जिलाधिकारी नियुक्त किया है। उदिता सिंह रोहतास जिले की पहली महिला जिलाधिकारी होंगी। इनसे पूर्व किसी भी महिला अधिकारी ने जिलाधिकारी के पद को सुशोभित नहीं किया है। हालांकि उदिता सिंह पूर्व में रोहतास जिले की उप विकास आयुक्त भी रह चुकी हैं और इस कार्यकाल के दौरान प्राप्त अनुभवों का लाभ जिलाधिकारी के रूप में कमान संभालने के बाद रोहतास जिले वासियों को जरूर मिलेगा। वहीं रोहतास जिलाधिकारी नवीन कुमार स्थानांतरण के बाद राज्य परिवहन आयुक्त के रूप में अपनी सेवा देंगे। बता दें कि नव पदस्थापित जिलाधिकारी उदिता सिंह इससे पूर्व नालंदा जिले में बंदोबस्त पदाधिकारी थीं। जो स्थानांतरण के बाद अब रोहतास जिले की कमान संभालेंगी। उल्लेखनीय है कि रोहतास जिलाधिकारी नवीन कुमार अपने कार्यकाल के दौरान लगातार चर्चा में रहे तथा अपनी कार्यशैली को लेकर खूब वाहवाही बटोरी। सड़क जाम की समस्या के निदान के लिए नए ट्रैफिक रूटों के निर्धारण सहित उन्होंने शहर के सौंदर्यीकरण को लेकर भी कई कार्य किए। देखा जाए तो रोहतास जिले में नवीन कुमार का कार्यकाल काफी बेहतर रहा तथा इस दौरान वे विवादों से भी दूर रहे। जिला मुख्यालय सासाराम में नासूर बनी सड़क जाम की समस्या का काफी हद तक निदान करने के साथ साथ उन्होंने शहर में पर्व त्योहारों के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए भी सराहनीय कार्य किए। जिसके लिए नवीन कुमार एक बेहतर प्रशासक के रूप में जाने जाएंगे।



# विहंगम योग संत समाज ने निकाला भव्य सर्वेवेद शोभायात्रा

**निज संवाददाता** | डेहरी आन सोन (रोहतास)

डालमियानगर स्थानीय हनुमान मंदिर स्थित रजवड़वा बीघा सत्संग केंद्र स्थित प्रांगण से सोमवार को सद्गुरु सदाफल देव विहंगम योग संत समाज के द्वारा घोड़े पालकी के साथ नवम सर्वेवेद यात्रा महोत्सव के अवसर पर विहंगम योग संत समाज के द्वारा भव्य शोभा यात्रा निकाला गया। गाजा-बाजे के साथ शोभा यात्रा में सैकड़ो संख्या में महिला एवं पुरुष भक्तगण नवम सर्वेवेद यात्रा महोत्सव में भाग लिए। मौके पर उपस्थित पप्पू सिंह ने बताया कि सद्गुरु सदाफल देव ब्रह्मा विद्या विहंगम योग संत समाज के तत्वाधान में सर्ववेद शोभा यात्रा निकली गई। शोभायात्रा में लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। शोभा यात्रा में सद्गुरु सदाफल देव का जय घोष बजता रहा। सत्संग में अकोढी गोला, डालमियानगर, सिधौली गांव के सैकड़ो भक्त हाथों में श्अ श्अंकित श्वेत ध्वजा लेकर नाचते गाते शोभा यात्रा में सम्मिलित हुए। मथुरापुर कॉलोनी, सिधौली गांव होते हुए सत्संग भवन तक आए।

# विद्यालय में दिव्यांग बच्चों का जांच कैंप का आयोजन

**निज संवाददाता** | काराकाट (रोहतास)

स्कूली शिक्षा प्राप्त कर रहे दिव्यांग बच्चों के शारीरिक जांच हेतु मध्य विद्यालय में कैंप आयोजित किए जा रहे हैं। इस संबंध में प्रखंड साधन सेवी समावेशी शिक्षा संजय मिश्रा ने पत्र प्रेषित करते हुए सभी प्रधानाध्यापक, प्रभारी प्रधानाध्यापक एवं शिक्षक गण को सूचित किया है कि दिनांक 10/09/2024 दिन मंगलवार को मध्य विद्यालय काराकाट में सभी प्रकार के दिव्यांग बच्चों का जांच कैंप जिला द्वारा आयोजित किया गया है, जिसमें प्रखंड के सभी विद्यालयों के नामांकित छः साल से अठारह साल तक के बच्चो में किसी भी प्रकार के दिव्यांगता की जांच- कैंप मध्य विद्यालय काराकाट में पूर्वाहन 10:00 बजे से सुनिश्चित किया गया है।कोई भी बच्चा इस कैंप से वंचित न रहे, यह सूचना विद्यालय में नामांकित बच्चों के अभिभावकों तक पहुंचाने का आग्रह भी किया गया। उनके हवाले से यह बताया गया कि प्रखंड के सभी विद्यालयों से बच्चों को बुलाया गया है और इस कैंप का मुख्य उद्देश्य यही है कि जरूरतमंद दिव्यांग बच्चों के आवश्यकता का एक आंकलन कर भेजा जाएगा जिससे उन्हें कृत्रिम यंत्र एवं सामग्री उपलब्ध कराया जा सके। बच्चे अपने अभिभावक के साथ कैंप में उपस्थित होंगे। साथ में यदि उसका विकलांगता प्रमाण पत्र बना हो तो लेकर आना है। आधार कार्ड और दो फोटो भी साथ में यदि होगा तो उसे भी लाने की बात कही गई। नहीं रहने की स्थिति में भी जांच होगा। लेकिन अपने अभिभावक के साथ कैंप में बच्चा उपस्थित होगा।

# ललकार महारैली को सफल बनाने को ले चन्द्रवंशी चेतना मंच ने की बैठक

**निज संवाददाता** | राजपुर (रोहतास)

प्रखंड मुख्यालय स्थित जीवन बाबा गढ़ स्थित पंचायत भवन पर पटना में आयोजित होने वाले ललकार महारैली की सफलता को ले चंद्रवंशी चेतना मंच प्रखंड इकाई की बैठक सोमवार को हुई। जिसकी अध्यक्षता राजबली चन्द्रवंशी ने किया।मंच के जिलाध्यक्ष बब्लू सिह चंद्रवंशी ने समाज के लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा कि 22 सितम्बर को पटना में आयोजित चन्द्रवंशी चेतना महारैली का मुख्य उद्देश्य चंद्रवंशी समाज को जागृत करना है। यह सम्मलेन राज्य सभा सांसद की भीम सिंह चंद्रवंशी के आह्वान पर आयोजित किया गया है। इसे सफल बनना समाज के हर लोगों का कर्तव्य भी है। समाज का वोट हर दल के लोग लेते रहे हैं। लेकिन समाज के लोगों को अधिकार जो मिलना चाहिए आज नही मिल पा रहा है। अपने अधिकार के लिए सम्मेलन सह महारैली को सफल करना हम सभी की ज़बाब देही व जिम्मेदारी है। समाज को अपनी एकजुटता का परिचय देने का सही मौका है। आगामी 22 को पटना में इकट्ठा हो अपनी चट्टानी एकता से अवगत करा दे। बैठक में डा मोनू चन्द्रवंशी, कृष्णा प्रसाद, मुकेश कुमार चन्द्रवंशी, अजय सिंह, अनीस कुमार, चन्दन चन्द्रवंशी, अजय कहार समेत कई अन्य उपस्थित थे।

# मेडिटेशन और योग कार्यक्रम का आयोजन

**निज संवाददाता** | सासाराम (रोहतास)

वाणिज्य संकाय,एन सी सी - एन एस एस गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय और रोटरी क्लब ऑफ नारायण द्वारा इंटरनेशनल मेडिटेशन सेंटर कोरिया के तत्वावधान में मेडिटेशन और योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वाणिज्य संकाय के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर डॉ आशुतोष द्विवेदी ने द्वीप प्रज्ज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। रोटरी क्लब ऑफ नारायण के अध्यक्ष त्रिविक्रम नारायण सिंह ने अतिथि का सम्मान करते हुए इस कार्यक्रम के आयोजन पर बधाई और शुभकामनाएं प्रेषित किया और कहा कि भारत और कोरिया के संबंध में विश्वविद्यालय को बिहार का प्रतिनिधितव प्राप्त होना सौभाग्य की बात है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में धम्मा दीपा उपस्थित रहे जो मूलतः साउथ कोरिया से आते हैं। कार्यक्रम के दौरान धम्मा दीपा ने छात्र छात्राओं के लिए मेडिटेशन और योग को अनिवार्यता के सम्बन्ध में बताया और कहा कि छात्रों के लिए मेडिटेशन का यादाश्त और स्वास्थ्य पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। इस दौरान दीपा ने विश्वविद्यालय के छात्रों को साउथ कोरिया भ्रमण पर आमंत्रित किया और यह भी आश्वासन दिया कि हमारे लोग अपनी टीम के साथ विश्वविद्यालय के छात्र छात्राओं को कोरियन भाषा के लिए प्रशिक्षित करने का कार्य करेंगे। इस संदर्भ में युवाओं का मत था की निश्चित रूप से विश्वविद्यालय का यह प्रयास भारत कोरिया संबंध में मील का पत्थर साबित होगा इसके साथ ही समस्त छात्रों के उज्वल भविष्य का मार्ग प्रशस्त होगा। कार्यक्रम के आयोजक मंडल के रूप में कुलाधिपति के निजी सचिव योगेश उपाध्याय, एनसीसी और एनएसएस इंचार्ज डॉ मयंक कुमार राय एवं वाणिज्य संकाय के वरीय शिक्षक डॉ. विशाल कुमार रहे।

# विद्यालय में शिविर लगा दिव्यांग छात्रों की हुई जांच

» जिला इकाई द्वारा अस्थि दोष, दृष्टिबाधित एवं श्रवण बाधा रिलेटेड छात्रों के चिन्हिकरण के लिए शिविर का आयोजन किया गया। ताकी चिन्हित दिवयांग बच्चों को आवश्यकता अनुसार सहायय उपकरण उपलब्ध कराया जा सके।

**निज संवाददाता** | राजपुर (रोहतास)

दिव्यांग छात्रों के पहचान के लिए बरना पंचायत स्थित पकड़ी मध्य विद्यालय में सोमवार को शिक्षा विभाग द्वारा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 6 से 18 वर्ष आयु वर्ग के छात्रों के दिव्यांगता की जांच कर सहायय उपकरण के लिए चिन्हित किया गया। बीपीएम विजलय तिवारी ने बताया कि बिहार शिक्षा परियोजना के समावेशी शिक्षा जिला इकाई द्वारा अस्थि दोष, दृष्टिबाधित एवं श्रवण बाधा रिलेटेड छात्रों के चिन्हिकरण के लिए शिविर का आयोजन किया गया।ताकी चिन्हित दिवयांग बच्चों को आवश्यकता अनुसार सहायय उपकरण उपलब्ध कराया जा सके। शिविर के दौरान अस्थि दोष 13, दृष्टि बाधित 12 व श्रवण बाधा के आठ छात्रों की पहचान की गई। मौके पर समावेशी शिक्षा के बीआरपी मानसिक मन्दता विशेषज्ञ दिनेश कुमार,मुक बधिर असिस्टेंट आईडियोलॉजी सत्येंद्र कुमार मिश्र, दृष्टि बाधित दोष के जानकार अजय कुमार व मुकेश कुमार सिंह समेत कई अन्य उपस्थित थे।

# राज्य स्तरीय अंडर-19 बालिका कबड्डी चैंपियनशिप में भाग लेने नवादा की टीम रवाना

**निज संवाददाता** | नवादा

दरभंगा में 10 से 15 सितंबर तक आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय अंडर-19 बालिका कबड्डी चैंपियनशिप में नवादा जिले की टीम आज रवाना हुई। नवादा जिला कबड्डी टीम का चयन जिला स्तरीय विद्यालय खेलकूद प्रतियोगिता के दौरान किया गया था सभी चयनित खिलाड़ी सोमवार को दरभंगा के लिए रवाना हुए जिसमें निभा कुमारी बिंदी कुमारी जुली कुमारी ललिता कुमारी सभी इंटर विद्यालय आती नीतू कुमारी निक्की यादव सुषमा कुमारी विशाखा कुमारी सभी इंटर विद्यालय नरहट सलोनी राजन एवं प्रीति कुमारी प्रोजेक्ट कन्या इंटर



विद्यालय हिसुआ रचना कुमारी एवं सुरुचि कुमारी जीवन ज्योति पब्लिक स्कूल नवादा शामिल है टीम मैनेजर के रूप में सतीश कुमार वही टीम कोच के रूप में अविनाश कुमार टीम के साथ जा रहे हैं टीम को रवाना करते हुए जिला खेल कार्यालय के लेखा लिपिक कलेक्ट्रेट के सुनील कुमार इंटर विद्यालय आती के प्रभारी प्रधानाध्यापक विजय कुमार शारीरिक शिक्षक संतोष कुमार वर्मा शिवकुमार प्रसाद जूही कुमारी सुनील कुमार आदि लोग जीतकर आने की शुभकामना देकर टीम को रवाना किया।

# विद्यालय में राजकीय सम्मान पाने वाले शिक्षक संतोष कुमार वर्मा का भव्य स्वागत

**निज संवाददाता** | नवादा

इंटर विद्यालय आंती में राजकीय शिक्षक सम्मान लेकर वापस लौटे विद्यालय के शारीरिक शिक्षक संतोष कुमार वर्मा को विद्यालय में प्रभारी प्रधानाध्यापक, विद्यालय परिवार एवं सभी छात्र छात्राओं के द्वारा स्वागत एवं अभिनंदन किया गया कार्यक्रम में विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक विजय कुमार के निर्देशन में यह अभिनंदन समारोह का आयोजन हुआ। विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक द्वारा बुके माला एवं शाल देकर स्वागत किया उसके बाद सभी शिक्षक एवं शिक्षिका पूनम




कुमारी शिव कुमार प्रसाद प्रबोध कुमार पांडे अर्चना भारद्वाज रेखा कुमारी माधुरी कुमारी रूपमाला कुमारी अनुराधा कुमारी पुष्पा कुमारी जितेंद्र कुमार बारी बारी बुके एवं माला देकर अभिनंदन किया विद्यालय के सभी शिक्षक एवं प्रभारी प्रधानाध्यापक के द्वारा मोमेंटो एवं उत्कृष्ट शिक्षक सम्मान का प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। प्रभारी प्रधानाध्यापक विजय कुमार ने कहा कि हमारे विद्यालय का नाम पूरे जिला नहीं बल्कि पूरे राज्य में संतोष कुमार वर्मा के इस राजकीय शिक्षक समान मिलने से मिला है इन्होंने हमारे विद्यालय में जब से योगदान दिया है विद्यालय के सैकड़ो बच्चे जिला में टॉप किया है एवं राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लिया है। और विद्यालय में कई आयोजन जैसे वृक्षारोपण जागरूकता अभियान बच्चों की अंतिम घंटी तक उपस्थिति आदि कार्यों में विकास हुआ है जिनमें इनका अहम योगदान रहा है इस कार्यक्रम की अध्यक्षता वरीय शिक्षक शिव शंकर प्रसाद ने किया। वहीं मंच का संचालन योगेश जांगिड़ ने किया।

# टैलेंट हंट प्रतियोगिता में चयनित बच्चों को सम्मान समारोह में किया गया सम्मानित

**निज संवाददाता** | नवादा

राष्ट्रीय कवि संगम ,नवादा द्वारा आयोजित टैलेंट हंट प्रतियोगिता में चयनित बच्चों का सम्मान समारोह आज नगर भवन नवादा में माननीय सांसद विवेक ठाकुर जी के कर कमलों द्वारा संपन्न हुआ। टैलेंट हंट प्रतियोगिता में ग्रुप ए से अमित कुमार पुलकित राज, सुभानी कुमारी ग्रुप बी से तरुण कुमार, ऋतुराज, अभिज्ञान भास्कर, ग्रुप सी से केशव कुमार, सूरज कुमार और शुभम कुमार, ग्रुप डी से काजल कुमारी, प्रिया कश्यप] ओंकार भास्कर ने क्रमशः प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसके अतिरिक्त प्रत्येक ग्रुप से 20-20 बच्चों



को सांत्वना पुरस्कार के रूप में प्रशस्ति पत्र तथा मेडल देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की प्रारंभ में विभिन्न स्कूलों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति की गई जिसके लिए संस्था के लोगों ने दीप प्रज्वलन करके कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में फ्रंटलाइन पब्लिक स्कूल, गुरुकुल पाठशाला, दिल्ली सेंट्रल स्कूल, उत्क्रमित मध्य विद्यालय भलुआ, दून पब्लिक स्कूल, फिजिक्स फॉर यू संस्था के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम के दूसरे सत्र में बच्चों एवं शिक्षकों और मीडिया का सम्मान समारोह नवादा सांसद विवेक ठाकुर जी के द्वारा किया गया। सांसद महोदय का सम्मान संस्था के लोगों ने पुष्प गुच्छ, अंग वस्त्र और मोमेंटो देकर किया। सांसद महोदय ने कार्यक्रम को लेकर सभी बच्चों एवं अभिभावकों का अभिवादन किया और नवादा में बेहतर शिक्षा प्रणाली की व्यवस्था करने का आश्वासन दिया साथ ही उन्होंने विभिन्न सरकारी एवं गैर सरकारी विद्यालयों को बच्चों को उनके द्वारा संसद भवन घुमाने की घोषणा की। विशिष्ट अतिथि के रूप में पहुंचे राज नर्सिंग पारा मेडिकल इंस्टीट्यूट पटना से पहुंचे डॉक्टर एनपी और कवि संगम के उपाध्यक्ष उत्पल भारद्वाज ने अंग वस्त्र और मोमेंट देकर किया।

# जिला क्रिकेट संघ की बैठक में लिए गए अहम निर्णय

**निज संवाददाता** | सासाराम (रोहतास)

रोहतास जिला क्रिकेट संघ की एजीएम बैठक मन्नत वाटिका तकिया सासाराम में आयोजित किया गया। जि अच्छे क्रिकेट करने पर चर्चा, टूर्नामेंट कमेटी का गठन, चयनकर्ता सीनियर, एवं जुनियर का चयन मैदान की व्यवस्था खिलाड़ियों को कोचिंग एवं उनकी सुविधाओं देने की व्यवस्था पर चर्चा की गई।

### एलआईसी ओबीसी कर्मचारी कल्याण संघ की ऐतिहासकि बैठक

# अधकिारों की लड़ाई और भवषि्य की योजनाओं पर जोर क्रीमी लेयर और आरक्षण मुद्दों पर व्यापक चर्चा

**निज संवाददाता** | पटना

भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) के पूर्व मध्य क्षेत्र में अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) कर्मचारी कल्याण संघ, पटना की ऐतिहासिक बैठक का आयोजन रविवार को पटना के आईएमए हॉल में किया गया। इस बैठक की अध्यक्षता क्षेत्रीय अध्यक्ष भाई बिरेंद्र कुमार संगीत ने की, जबकि सभा में राष्ट्रीय अध्यक्ष भाई चौधरी योगेंद्र सिंह मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद थे। साथ ही सभा में विशिष्ट अतिथि के रूप में भाई एस.एस. पाल, भाई बी.बी. यादव, सत्य रंजन नंदी और क्षेत्रीय प्रबंधन के प्रतिनिधि- सह-क्षेत्रीय सम्पर्क अधिकारी (ओबीसी) अजय कुमार व्याहुत भी शामिल हुए। मुख्य अतिथि चौधरी योगेंद्र सिंह ने अपने सम्बोधन में कहा कि पिछड़ी जातियों और शोषित-वंचित लोगों के अधिकारों पर हमेशा से आक्रमण होता रहा है। समाज की रूढ़िवादी ताकतें इनकी प्रगति में बाधा डालने के हर संभव प्रयास करती आई हैं। उन्होंने मंडल कमीशन की अनुशंसाओं का जिक्र करते हुए कहा कि अगस्त 1990 में प्रधानमंत्री बीपी सिंह द्वारा इन अनुशंसाओं को लागू किया गया था। लेकिन, इसके बावजूद सरकारी स्तर पर 'क्रीमी लेयर' की नई-नई व्याख्याओं के माध्यम से



### मजबूत एकजुटता और आगे की चुनौतियां

संयुक्त सचवि भाई राकेश कुमार ने अपने संबोधन में संगठन को और अधकि सशक्त बनाने की आवश्यकता पर जोर दयिा। उन्होंने क्रीमी लेयर, पोस्ट आधारति रोस्टर, ओबीसी की खाली पदों पर भर्ती और जनसंख्या के आधार पर आरक्षण में भागीदारी जैसे अहम मुद्दों पर वसि्तार से चर्चा की। साथ ही उन्होंने बहिार, उडीसा और झारखंड के 11 डविजिनों में ओबीसी संगठन को और मजबूत बनाने पर जोर दयिा।

पिछड़ा वर्ग के लोगों को उनके हक से वंचित करने के प्रयास जारी हैं। सभा के दौरान क्षेत्रीय महामंत्री भाई चंद्र प्रकाश ने जानकारी दी कि भारत सरकार के वित्त मंत्रालय की गाइडलाइंस के अनुसार ओबीसी कर्मचारी कल्याण संघ को कई सुविधाएं मिलनी चाहिए। इसमें संघ को कार्यालय स्पेस, पदाधिकारियों की पदस्थापन में प्राथमिकता, संघ की नियमित मीटिंग्स, और प्रशिक्षण जैसी सुविधाएं शामिल हैं। हालांकि, 11 वर्षों से भी अधिक समय बीत जाने के बावजूद, भारतीय जीवन बीमा निगम ने इन गाइडलाइनों को पूरी तरह लागू नहीं किया है, जिसके लिए संघ लगातार संघर्ष कर रहा है। बैठक के अंत में, सभी प्रतिनिधियों ने अपने विचार व्यक्त किए। इनमें भाई एसएस पाल, भाई बीबी यादव, भाई रंजय कुमार, भाई जितेंद्र बिहारी बाजपेयी, भाई सुदर्शन प्रसाद, भाई शिव नारायण शाह, भाई मृतुंजय कुमार, भाई मनोज कुमार, और भाई राज किशोर शामिल थे। सभी ने 'जय ओबीसी' के नारों के साथ बैठक का समापन किया, जिससे संगठन की एकजुटता और जोश स्पष्ट रूप से प्रदर्शित हुआ। यह बैठक संगठन के लिए एक ऐतिहासिक मोड़ साबित हुई, जहां ओबीसी कर्मचारियों के हितों के लिए संघर्ष को और तेज करने का संकल्प लिया गया। इस बैठक ने न केवल समस्याओं की पहचान की, बल्कि आगे के संघर्ष और योजनाओं के लिए एक ठोस रास्ता भी दिखाया।

# वायरल बुखार कर रहा लोगों के लीवर और इम्युनिटी पर हमला

**निज संवाददाता** | चेनारी (रोहतास)

मौसम के उतार-चढ़ाव के कारण गर्मी और उमस की चपेट में पड़ कर लोग बड़ी संख्या में वायरल फीवर से पीड़ित हो रहे हैं। रोग का प्रसार बेहद तेजी से हो रहा है। एक-एक मरीज से दो से तीन तक सामान्य रूप से बीमार रहे तो कई छह से आठ दिन तक बेड पर गिरे पड़े रह जा रहे हैं। कई चिकित्सक इस स्थिति को काफी संकटपूर्ण हालत बता रहे हैं। उनका मानना है कि अभी का वायरल फीवर लीवर और इम्युनिटी पर भी अटैक कर रहा है। चिकित्सकों का कहना है कि सीधे-सीधे हो यह रहा है कि वायरल के मरीजों में लिम्फोपेनिया और ल्यूकोपेनिया कम तो एसजीपीटी-एसजीओटी बढ़ा हुआ मिल रहा है। इसके साथ ही कई ऐसे मरीज भी आ रहे हैं, जिनके प्लेटलेट्स काउंट कम होने की भी शिकायत मिल रही है। दवा खाने के बावजूद सर्दी, नाक का बहना या बंद गले में खराश, बदन दर्द, बुखार जल्दी ठीक नहीं हो रहा है। इसके साथ ही गैस, पेट में जलन, सीने में जलन या फिर भूख नहीं लग रही है।चिकित्सक कहते हैं कि यह सारे लक्षण वायरल फीवर के नए अवतार (म्यूटेशन) के हैं। और इसी की चपेट में ज्यादातर लोग पड़ रहे हैं। अन्य बीमारियों का बना रहा शिकार वायरल फीवर के वायरस का नया स्वरुप न केवल लंबे समय तक परेशान कर रहा है, बल्कि इम्युनिटी व लीवर पर अटैक करके लोगों को अन्य बीमारियों का शिकार बना रहा है। वायरल फीवर के इस नए व्यवहार को देखकर डॉक्टर भी आश्चर्यचकित हैं। विशेषज्ञ चिकित्सक डॉ. अविनाश सिंह कहते हैं कि फिलहाल जो स्थिति बन रही है, ऐसे में लगता है कि इस प्रकृति की बीमारी को कोई नया नाम दे कर अलग तरीके से इलाज को प्राथमिकता दी जाए। वायरल बुखार से पीड़ि कई मरीजों की हालात इतनी खराब हो जा रही है कि उन्हें भर्ती लेने की भी नौबत आ जा रही है।

# रथ को हरी झंडी दिखाकर डीएम ने किया रवाना

**नि.सं. | नवादा।** मोबाईल पशु चिकित्सालय रथ को समाहरणालय परिसर से जिला पदाधिकारी, नवादा आशुतोष कुमार वर्मा द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। चिकित्सा सेवा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से ''राष्ट्रीय पशुधन स्वास्थ्य एवं रोग नियंत्रण कार्यक्रम एवं सात निश्चय-02 के तहत नवादा जिला के सभी प्रखंडों में मोबाईल पशु चिकित्सा इकाई द्वारा पशु का ईलाज किया जायेगा। मोबाईल पशु चिकित्सा इकाई में एक पशु चिकित्सक, एक कम्पाउंडर तथा चालक के साथ आवश्यक दवा एवं अन्य उपकरण की व्यवस्था पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग के स्तर से की गई है।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉग ऑन करें
www.sonvarshavani.com
ई-पेपर
sonvarshavani.com.epaper



# इटली के जैनिक सिनर ने जीता यूएस ओपन

**● दूसरा ग्रैंड स्लैम टाइटल जीता ● अमेरिका के टेलर फ्रिट्ज को 6-3, 6-4, 7-5 से हराया**



**न्यूयॉर्क, एजेंसी।** दुनिया के नंबर-1 टेनिस खिलाड़ी जैनिक सिनर यूएस ओपन का मेंस सिंगल्स टाइटल जीत लिया है। इटैलियन स्टार ने अमेरिका के टेलर फ्रिट्ज को 6-3, 6-4, 7-5 से हराया। वे साल का आखिरी ग्रैंड स्लैम जीतने वाले इटली के पहले पुरुष खिलाड़ी बने हैं। वे ओवरऑल दूसरे खिलाड़ी बने हैं। साल 2015 में फ्लाविया पैनेटा ने विमेंस सिंगल्स का टाइटल जीता था। 23 साल के सिनर ने करियर का दूसरा ग्रैंड स्लैम टाइटल जीता है। उन्होंने साल 2024 की शुरुआत में ऑस्ट्रेलिया ओपन भी जीता था। सिनर के लिए यह साल शानदार रहा। सिनर ने जीत के बाद X पर लिखा- शुक्रिया न्यूयॉर्क, 2 हफ्तों के शानदार प्रदर्शन के बाद यहां अपना दूसरा ग्रैंड स्लैम जीतना विशेष रहा। समर्थन के लिए आप सभी का धन्यवाद। आपका सपोर्ट बहुत मायने रखता है। मुझे यह खेल बहुत पसंद है। यह मेरे लिए सब कुछ है। साल के आखिर में काम पर वापस जाने से पहले अपनी टीम और अपने परिवार के साथ इस पल का आनंद लेने का समय आ गया है। काम कभी नहीं रुकता है, हम सभी आगे बढ़ते रहते हैं। 2 घंटे से ज्यादा चला मुकाबला न्यूयॉर्क में रविवार देर रात शुरु हुआ फाइनल मुकाबला 2 घंटे 16 मिनट तक चला। इसमें टॉप सीड सिनर का दबदबा देखने को मिला। उन्होंने पहले सेट को 6-3 से जीता। फिर दूसरे सेट को 6-4 से जीतते हुए बढ़त बनाई और आखिरी सेट को 7-5 से जीतते हुए मैच अपने नाम किया। 18 साल बाद फाइनल पहुंचा था अमेरिकी खिलाड़ी दूसरी ओर अमेरिका के टेलर फ्रिट्स पहला ग्रैंड स्लैम टाइटल जीतने से चूक गए।

18 साल बाद कोई अमेरिका का खिलाड़ी यूएस ओपन में मेंस सिंगल्स के फाइनल में पहुंचा था। उनसे पहले 2006 में एंडी रॉडिक ने यह कारनामा किया था। फ्रिट्ज के पास पहला ग्रैंड स्लैम जीतने का मौका था, लेकिन वे कामयाब नहीं पाए। साल 2003 के बाद से यूएस ओपन पुरुष सिंगल्स में अमेरिका का कोई खिलाड़ी खिताब को जीत नहीं पाया है। 10 लाख फैंस यूएस ओपन देखने पहुंच इस बार यूएस ओपन को देखने के लिए 10 लाख से ज्यादा फैंस मैच देखने स्टेडियम पहुंचे। फाइनल मैच के बाद यूएस ओपन के आयोजकों ने एक पोस्ट के जरिए बताया कि यूएस ओपन में मैदान पर मैच देखने वाले फैंस की संख्या 10 लाख का आंकड़ा पार कर गई है। पहली बार इतनी बड़ी संख्या में मैच देखने पहुंचे हैं।




## संक्षिप्त समाचार

### मुक्केबाज दीपाली थापा बनीं पहली एशियाई स्कूली चैंपियन छात्रा, भारत ने जीते सात खिताब



**नईदिल्ली, एजेंसी।** इस खिताब को जीतने के बाद दीपाली पहली स्कूली चैंपियन छात्रा बनीं। अब भारत के नाम एशियाई चैंपियनशिप में सात महिला खिताब हो गए हैं। दीपाली के अलावा भूमि ने 35 किग्रा भार वर्ग में कजाकिस्तान की एस्सेल जालिमबेकोवा को हराकर जीत हासिल की।

भारत ने रविवार को संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के अल ऐन में चल रही एशियाई चैंपियनशिप में सात महिला खिताब जीते। युवा मुक्केबाज दीपाली थापा ने 33 किग्रा वर्ग में प्रतिस्पर्धा करते हुए सेमीफाइनल में कजाकिस्तान की एनेलीया ऑर्डाबेक को हराया और फाइनल में यूक्रेन की लियुडमिला वासिलचेंको पर हावी होकर खिताब जीतने के लिए बेहतर तकनीक और नियंत्रण का प्रदर्शन किया। इस खिताब को जीतने के बाद दीपाली पहली स्कूली चैंपियन छात्रा बनीं। अब भारत के नाम एशियाई चैंपियनशिप में सात महिला खिताब हो गए हैं। दीपाली के अलावा भूमि ने 35 किग्रा भार वर्ग में कजाकिस्तान की एस्सेल जालिमबेकोवा को हराकर जीत हासिल की। वहीं, निश्चल शर्मा ने यूक्रेन की मारिया मत्सिउरा पर रणनीतिक जीत के साथ 37 किग्रा वर्ग में भारत की तालिका में इजाफा किया। राखी ने 43 किग्रा वर्ग में यूक्रेन की वेरोनिका होलब को हराकर भारत को चौथी जीत दिलाई।

### पेरिस ओलंपिक में भारतीट बैडमिंटन टीम का बिना पदक लौटना चिंता का विषय :गोपीचंद पुलेला



**चंडीगढ़, एजेंसी।** पैरिस ओलंपिक में भारतीय बैडमिंटन टीम के बिना पदक खाली हाथ लौटने पर भारतीय बैडमिंटन कोच फुलेला गोपीचंद ने कहा कि यह सही है कि पिछले तीन ओलंपिक में हमें मेडल मिला है, जिन्होंने इस बार मेडल नहीं आने पर इसको चिंता का विषय करार दिया है। उन्होंने कहा कि यह चिंता का विषय है।

ऐसे में उन्हें उम्मीद है कि भारतीय बैडमिंटन एसोसिएशन ऑफ इंडिया, साई और सरकार गहराई से इसके कारण जानेगी। आखिर क्यों पिछले दो ओलंपिक में मेडल आए थे। ताकि भविष्य में भारतीय बैडमिंटन आगे बढ़ सके। रविवार को शहर के सैक्टर-38 स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स में नॉर्थ जोन बैडमिंटन चैंपियनशिप में मुख्य अतिथि के तौर पर आए भारतीय कोच ने मीडिया के साथ बातचीत में माना कि यह एक सिस्टम फेलियर हुआ है जो भी गलतियां हुई उसमें अकेले प्लेयर्स को जिम्मेदार ठहराना गलत होगा। एक सवाल पर उन्होंने कहा कि हर गेम हर प्लेयर अलग होता है, हमारी बेहतर तरीके से तैयारी और फोकस होना चाहिए था। उन्हें उम्मीद है कि हम उन गलतियों पर काम करके आगे की राह तय करेंगे।

## भारत-बांग्लादेश टेस्ट

# बांग्लादेश के खिलाफ पहले टेस्ट के लिए हुआ टीम इंडिया का ऐलान

**● पंत-राहुल की हुई वापसी**
**● सरफराज खान को मिला मौका**

**नईदिल्ली, एजेंसी।** बांग्लादेश के खिलाफ भारत को दो मैच की घरेलू टेस्ट सीरीज में हिस्सा लेना है। इसकी शुरुआत 19 सितंबर से चेन्नई में होगी। इस टेस्ट सीरीज के पहले मुकाबले के लिए 8 सितंबर की रात टीम इंडिया का ऐलान किया गया। भारतीय टेस्ट टीम में 21 महीने बाद ऋषभ पंत की वापसी हुई। केएल राहुल को भी टीम का हिस्सा बनाया गया। रोहित शर्मा की कप्तानी में 16 सदस्यीय भारतीय टीम में सरफराज खान का भी नाम है।

बांग्लादेश के खिलाफ होने वाले टेस्ट सीरीज के लिए विराट कोहली की भी भारतीय टीम में वापसी हुई है जो इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज में टीम इंडिया का हिस्सा व्यक्तिगत कारणों से नहीं थे। इस टीम में ऋषभ पंत बतौर विकेटकीपर-बल्लेबाज शामिल किए गए हैं जबकि बैकअप विकेटकीपर के रूप में ध्रुव जुरैल को टीम का हिस्सा बनाया गया है। रजत पाटीदार को टीम से बाहर कर दिया गया है।




### यश दयाल को पहली बार टेस्ट टीम में मिली जगह

इस टीम में तेज गेंदबाज के रूप में जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, आकाश दीप और यश दयाल को चुना गया है जबकि आर अश्विन, रवींद्र जडेजा, अक्षर पटेल और कुलदीप यादव टीम में स्पिनर के रूप में मौजूद हैं। आकाश दीप ने दलीप ट्रॉफी 2024 के पहले ही मैच में 9 विकेट लिए थे और उन्हें इसका इनाम मिला है और वो टेस्ट टीम का हिस्सा हैं। उत्तर प्रदेश के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज यश दयाल को पहली बार भारतीय टेस्ट टीम में शामिल किया गया है। यश दयाल को घरेलू स्तर पर शानदार प्रदर्शन करने का इनाम मिला है।

### पहले टेस्ट के लिए टीम इंडिया:

रोहित शर्मा (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, शुभमन गिल, विराट कोहली, केएल राहुल, सरफराज खान, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), ध्रुव जुरैल (विकेटकीपर), आर अश्विन, रवींद्र जडेजा, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, मोहम्मद सिराज, आकाश दीप, जसप्रीत बुमराह, यश दयाल।

# बजरंग पुनिया को व्हाट्सएप पर मिली जान से मारने की धमकी

**कांग्रेस छोड़ने को कहा, पुलिस में की शिकायत**

**नईदिल्ली, एजेंसी।** कांग्रेस नेता व भारतीय पहलवान बजरंग पूनिया ने हाल ही में कांग्रेस पार्टी ज्वाइन की थी, लेकिन उन्होंने चुनाव लड़ने से इनकार कर दिया था। कांग्रेस ज्वाइन करने के बाद उन्हें किसान कांग्रेस का कार्यकारी अध्यक्ष बना दिया गया था। इन सारी बातों के बीच अब ऐसी खबरें सामने आई है कि बजरंग पूनिया को जान से मारने की धमकी दी गई है। जानकारी के मुताबिक बजरंग पूनिया को व्हाट्सएप पर संदेश के जरिए जान से मारने की धमकी दी गई।



इस तरह की धमकी मिलने के बाद बजरंग पूनिया ने इसकी शिकायत बहालगढ़ पुलिस थाने में दर्ज कराई है और अब पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। सोनीपत एसपी रविंद्र सिंह का कहना है कि बजरंग पुनिया ने बहालगढ़ थाने में शिकायत दी है कि उन्हें एक विदेशी नंबर से धमकी भरा मैसेज मिला है। कानूनी कार्रवाई चल रही है। किसी अज्ञात व्यक्ति ने धमकी दी है और इसकी जांच की जा रही है। आपको बता दें कि बजरंग पूनिया कांग्रेस में शामिल होने के बाद बृजभूषण शरण सिंह को भी लगातार निशाना बना रहे हैं। उन्होंने कहा कि बीजेपी और बृजभूषण शरण सिंह की दिक्कत यही है कि हम कांग्रेस में शामिल हो गए। हम भाजपा में जाते तो देशभक्त कहलाते, लेकिन कांग्रेस में शामिल हुए तो वो हमें देशद्रोही बता रहे हैं।

बजरंग पूनिया ने कहा कि हम अपने नेता राहुल गांधी के पूरी तरह से साथ हैं जो हर वर्ग के लिए आवाज उठा रहे हैं। मैं एक किसान का बेटा हूं और एक एथलीट भी हूं।

पार्टी की तरफ से जो मुझे जिम्मेदारी दी गई है उसके बाद मैं किसानों की आवाज को बेहतर तरीके से उठा सकता हूं। इसके अलावा उन्होंने विनेश फोगाट के बारे में बात करते हुए कहा कि अगर विनेश को हराना आसान है तो हरियाणा के सीएम अपने लिए सुरक्षित सीट की तलाश क्यों कर रहे हैं। अगर उन्हें लगता है कि विनेश को कोई भी हरा सकता है तो उन्हें जुलाना से आकर चुनाव लड़ना चाहिए। जुलाना से चुनाव लड़ने के लिए उनका स्वागत है।

# रोनाल्डो के रिकॉर्ड 132वें गोल से जीता पुर्तगाल

**लंदन (एजेंसी)।** क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने फिर से साबित किया कि वह 39 वर्ष के होने के बावजूद पुर्तगाल के लिए क्यों महत्वपूर्ण हैं। इस स्टार स्ट्राइकर ने मध्यांतर के बाद स्थानापन्न खिलाड़ी के रूप में मैदान पर कदम रखा और 88वें मिनट में निर्णायक गोल किया। इससे पुर्तगाल ने नेशन्स कप फुटबॉल टूर्नामेंट में स्कॉटलैंड को 2-1 से हराया।



पांच बार वर्ष के विश्व में सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुने गए रोनाल्डो का यह अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल में 132वां गोल था जो विश्व रिकॉर्ड है। रोनाल्डो यूरोपीय चैंपियनशिप के पांच मैच में गोल नहीं कर पाए थे लेकिन पुर्तगाल के कोच रॉबर्ट मार्टिनेज ने इस दिग्गज खिलाड़ी पर भरोसा बनाए रखा और उनका यह फैसला सही साबित हो रहा है। गुरुवार को क्रोएशिया पर 2-1 की जीत में भी रोनाल्डो ने अहम भूमिका निभाई थी। इस मैच में उन्होंने क्लब और देश की तरफ से कुल मिलाकर अपने करियर का 900वां गोल किया था।

# ईस्ट दिल्ली राइडर्स बनी चैंपियन, रोमांचक फाइनल में आयुष बदोनी की टीम को 3 रन से हराया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली प्रीमियर लीग के पहले सीजन का खिताब ईस्ट दिल्ली राइडर्स ने अपने नाम कर लिया है. हिम्मत सिंह की कप्तानी वाली टीम ने रविवार को नई दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में खेले गए रोमांचक फाइनल में साउथ दिल्ली सुपर स्टार्स को 3 रन से हरा दिया. 184 रनों के लक्ष्य का पीछा कर रही साउथ दिल्ली की टीम अंतिम दो गेंदों पर चार रन नहीं बना पाई और वो खिताब जीतने से चूक गई.

**डीपीएल 2024 फाईनल:**




**काफी रोमांचक रहा फाइनल**

दिल्ली प्रीमियर लीग 2024 का फाइनल मुकाबला काफी रोमांचक रहा. ईस्ट दिल्ली की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 5 विकेट के नुकसान पर 183 रन बनाए. टीम के लिए मयंक रावत ने बल्ले से शानदार प्रदर्शन करते हुए 39 गेंद पर 7 चौके और 6 छक्के की मदद से 78 रन की तूफानी पारी खेली. साउथ दिल्ली इस लीग में शानदार फॉर्म में चल रही थी. फाइनल मुकाबले में माना जा रहा था कि वह ईस्ट दिल्ली द्वारा दिए गए 184 रन के लक्ष्य का पीछा कर लेगी. हालांकि आयुष बदोनी की टीम खिताबी मुकाबले में लक्ष्य तक नहीं पहुंच पाई और टारगेट से 3 रन दूर रह गई.

**आयुष बदोनी ने गेंद और बल्ले से किया निराश**

पूरे टूर्नामेंट में साउथ दिल्ली की ओर से बल्ले से धमाल मचाने वाले कप्तान आयुष बदोनी का बल्ला फाइनल मुकाबले में फेल रहा. बदोनी खिताबी मुकाबले में सिर्फ 7 रन बनाकर आउट हुए. इसके अलावा उनकी गेंदबाजी भी टीम की हार की वजह बनी. अंतिम ओवर में बॉलिंग करने आए बदोनी के ओवर में मयंक रावत ने पांच छक्के जड़ दिए, जिससे ईस्ट दिल्ली 183 रन के बड़े स्कोर तक पहुंचने में सफल रही. हालांकि इससे पहले अपने पहले ओवर में बदोनी ने सिर्फ चार रन दिए थे. लेकिन उनका आखिरी ओवर टीम को महंगा पड़ गया.

बदोनी के अलावा प्रियांश आर्य का भी बल्ला खामोश रहा और वह 6 रन बनाकर आउट हुए. साउथ दिल्ली के लिए तेजस्वी दहिया ने सबसे शानदार बल्लेबाजी करते हुए 42 गेंद पर 7 चौके और 4 छक्के की मदद से 68 रन बनाए. तेजस्वी जब तक क्रीज पर रहे साउथ दिल्ली की जीत की उम्मीद बनी रही. हालांकि वह टीम को फाइनल मुकाबले में जीत नहीं दिला पाए.

# ब्रैंडन मैकुलम बने तीनों फार्मेट में कोच, जोस बटलर को दिलाएंगे आनंदः मोइन अली

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा करने वाले हरफनमौला खिलाड़ी मोइन अली का मानना है कि ब्रेंडन मैकुलम सफेद गेंद के लिए सही व्यक्ति हैं। मैथ्यू मॉट के बाहर जाने के बाद मैकुलम को इस भूमिका के लिए चुना गया था। वह अगले साल से इंग्लैंड के सभी प्रारूपों के कोच का कार्यभार संभालेंगे।




मोईन ने इस पर कहा कि मैकुलम अगर कोच बनेंगे तो इससे जोस बटलर को मदद मिलेगी। मोईन ने कहा कि जोस के पास बहुत कुछ है - कप्तान, कीपर, हमारा सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज। मैकुलम उसे थोड़ा और आनंद दिला सकता है। वह जोस बटलर के लिए महत्वपूर्ण है। यह पूछे जाने पर कि अगर मैकुलम और बेन स्टोक्स के नेतृत्व में उन्होंने अधिक टेस्ट क्रिकेट खेला होता तो क्या वह सफल होते, मोइन ने जवाब दिया- निश्चित रूप से। एक समय था, जब मैंने पहली बार 2021 में टेस्ट से संन्यास लिया था। मैं जिस तरह से खेल रहा था मुझे आनंद नहीं आ रहा था। यह उतना मज़ेदार नहीं था।

मुझे हमेशा नंबर 8 पर बल्लेबाजी करने में मजा नहीं आया। मुझे लगा कि मैं अपनी बल्लेबाजी बर्बाद कर रहा हूं। मोईन ने इंग्लैंड के लिए 68 टेस्ट, 138 वनडे और 92 टी20 मैच खेले, जिसमें उन्होंने सभी प्रारूपों में 6678 रन बनाने के अलावा 366 विकेट भी लिए। वह 2019 वनडे विश्व कप और 2022 टी20 विश्व कप विजेता भी हैं। मोईन ने 2019 वनडे विश्व कप विजेता कप्तान इयोन मोर्गन को इंग्लैंड के क्रिकेटर के रूप में अपने समय में अब तक का सर्वश्रेष्ठ कप्तान बताया। उन्होंने कहा कि इसमें कोई शक नहीं। मोर्गन्स उत्कृष्ट थे।

मुझे याद है कि उनके कप्तान बनने के तुरंत बाद मैं सीमा रेखा पर पकड़ा गया था। मैंने उनसे कहा-मुझे इसे एक बार मारना चाहिए था। उन्होंने कहा कि नहीं, अगली बार इसे मैदान से बाहर जाना होगा। मैंने सोचा ठीक है, यह लड़का दिलचस्प है। उन्होंने कहा कि मुझे बहुत बुरा लगता है अगर कोई कहता है कि यह मत करो या वह मत करो। वह खिलाड़ियों से सर्वश्रेष्ठ प्राप्त करने में उत्कृष्ट था।

# ओलंपिक में बॉक्सिंग के भविष्य पर खतरा...

**नईदिल्ली, एजेंसी।** वर्ल्ड बॉक्सिंग के अध्यक्ष बोरिस वैन डेर वॉर्स्ट ने आधुनिक तकनीक, खासकर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस , का इस्तेमाल कर मुक्केबाजी के स्कोरिंग सिस्टम को और पारदर्शी और निष्पक्ष बनाने की प्रतिबद्धता जताई है. उन्होंने कहा कि यह कदम उस वक्त तक प्रभावी होगा जब तक इंटरनेशनल ओलंपिक कमेटी से उनकी संस्था को आधिकारिक मान्यता नहीं मिल जाती.



मौजूदा मुक्केबाजी स्कोरिंग सिस्टम पर अक्सर उसकी जटिलता, विवाद और पक्षपात के आरोप लगते हैं. खेल के दौरान कई बॉक्सर्स को खराब फैसलों का सामना करना पड़ा है और वे खुद को ठगा महसूस करते हैं. पिछले दशक में कई बदलावों के बावजूद, स्कोरिंग प्रक्रिया अब भी अपारदर्शी ही है.

**निशांत देव की हार से बढ़ा विवाद**

हाल ही में पेरिस ओलंपिक में भारत के निशांत देव को पुरुषों की 71 किग्रा क्वार्टरफाइनल में हार का सामना करना पड़ा, जबकि उन्होंने मुकाबले में शानदार प्रदर्शन किया था. इस निर्णय के बाद बड़ी बहस और आक्रोश देखने को मिला था. बोरिस वैन डेर वॉर्स्ट ने एक विशेष इंटरव्यू में कहा, हम आधुनिक तकनीक जैसे एआई का उपयोग कर स्कोरिंग को पारदर्शी बनाने की दिशा में काम कर रहे हैं.

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉग ऑन करें
www.sonvarshavani.com
ई-पेपर
sonvarshavani.com.epaper



## न्यूज बाइट्स

### निजी हॉस्पिटल ने मनाया वार्षिकोत्सव

**हसपुरा (औरंगाबाद) (नि.सं.)।** हसपुरा बाजार के नरसन रोड स्थित एक निजी हॉस्पिटल के एक वर्ष होने पर वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि गोह के विधायक भीम सिंह यादव, लोजपा( आर ) नेता विजय कुमार अकेला, डॉ. सुरभि, राजद नेता सुदामा सिंह ने संयुक्त रूप से केक काटा। इस मौके पर साहित्यकार सह पत्रकार शम्भूशरण सत्यार्थी, जदयू नेता गुंजन पटेल, रुपेश कुमार, राजद नेता सचिन कुमार, मनीष यादव, अशोक यादव, राजू यादव, शम्भू यादव सहित राजद के अन्य कार्यकर्त्ता मौजूद रहे।

### चिकित्सक पर कार्रवाई नहीं होने पर यूथ ब्रिगेड ने किया प्रदर्शन

**रफीगंज (औरंगाबाद) (नि.सं.)।** रफीगंज थाना कांड सं-266/23 मामले में पोस्टमार्टम रिपोर्ट में छेड़छाड़ की शिकायत पर कार्रवाई नहीं किए जाने के विरोध में सोमवार को अखिल भारतीय राहुल गांधी यूथ बिग्रेड के सदस्यों ने सिविल सर्जन डॉ. रविभूषण श्रीवास्तव के कार्यालय पर रोषपूर्ण प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान ब्रिगेड के अध्यक्ष शाहनवाज रहमान उर्फ सल्लू खान, निखिल कुमार, लालू कुमार, विजेद्र सिंह एवं नरेश राम ने कहा कि मामले में डीएम कार्यालय से 11 जुलाई को सिविल सर्जन से अभियोजन की स्वीकृति के लिए रिपोर्ट मांगा गया था लेकिन इस पर सिविल सर्जन ने चुप्पी साध रखी है। कहा कि यदि रिपोर्ट दो दिनों में सीएस द्वारा डीएम को रिपोर्ट नहीं भेजा गया तो सिविल सर्जन कार्यालय का घेराव किया जाएगा। कहा कि बबन सिंह के पोस्टमार्टम रिपोर्ट मामले में दोषी चिकित्सक को सिविल सर्जन बचाने का प्रयास कर रहे है। मामले में 11 जनवरी को जांच के दौरान नगर थाना की पुलिस अवर निरीक्षक शिखा कुमार ने पोस्टमार्टम रिपोर्ट में छेड़छाड़ की पुष्टि की है। लेकिन अबतक कोई कार्रवाई नहीं की गई है। मामले में कार्रवाई नहीं होने पर आरोपित चिकित्सक के खिलाफ एक परिवाद संख्या-492/24 भी दायर किया गया था। इस मामले में मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी ने भी अभियोजन स्वीकृति का आदेश दिया है।

### स्पीडी ट्रायल से अपराधियों को सजा दिलाएं : डीजीपी

**पटना (नि.सं.)।** बिहार कैडर के भारतीय पुलिस सेवा ( आईपीएस ) के 2021-22 बैच के प्रशिक्षु पदाधिकारियों ने बिहार के पुलिस महानिदेशक आलोज राज से शिष्टाचार मुलाकात कर मार्गदर्शन प्राप्त किया। इस दौरान डीजीपी ने इन अफसरों को सुझाव दिया की स्पीडी ट्रायल से अपराधियों को त्वरित सजा दिलाएं। सोमवार को सरदार पटेल भवन स्थित पुलिस मुख्यालय में हुई इस मुलाकात के दौरान अपर पुलिस महानिदेशक (मुख्यालय) जितेन्द्र सिंह गंगवार एवं पुलिस महानिरीक्षक (मुख्यालय) विनय कुमार भी मौजूद थे। प्रशिक्षु आईपीएस अधिकारियों में मोहिबुल्लाह अंसारी, कोटा किरण कुमार, शैलेन्द्र सिंह, अतुलेश झा, अभिनव, सुश्री दिव्यांजली जायसवाल एवं शिवम धाकड़ शामिल थे। डीजीपी आलोक राज ने इन प्रशिक्षु पदाधिकारियों को बेहतर भविष्य की शुभकामनाएं दी। उन्होंने प्रभावी, ऊर्जावान रहने एवं एकताबद्ध होकर कार्य करने का सुझाव दिया। साथ ही, बेहतर पुलिसिंग के लिए छह 'स के मूलमंत्र भी दिये। ये मूलमंत्र हैं समय, सार्थक, संवेदनशील, शक्ति, सत्यनिष्ठा एवं स्पीडी ट्रायल। डीजीपी ने कहा कि घटना के बाद रिस्पांस टाइम अर्थात समय जितना कम होगा, पुलिस की कार्रवाई उतनी अच्छी होगी।

### जिला समन्वय समिति की बैठक, योजनाओं की प्रगति पर जिला पदाधिकारी द्वारा महत्वपूर्ण निर्देश

# आरटीपीएस और पेंशन से जुड़े मामलों का करें त्वरित निष्पादन, शिकायतों का त्वरित निपटारा

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

सोमवार को जिला योजना भवन के सभागार में जिला समन्वय समिति की महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक की अध्यक्षता जिला पदाधिकारी श्री श्रीकांत शास्त्री ने की, जिसमें जिले के विभिन्न विभागों की योजनाओं एवं कार्यों की समीक्षा की गई। इस बैठक का उद्देश्य जिले के समग्र विकास के लिए चल रही योजनाओं को तेजी से लागू करना और आम जनता तक सरकारी सेवाओं की सुचारू आपूर्ति सुनिश्चित करना था।

सभी अंचल अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि वे आपदा पीड़ित लाभार्थियों को मुआवजा राशि का भुगतान जल्द से जल्द करें। इसके अतिरिक्त, जिला पदाधिकारी ने प्रधानमंत्री आवास योजना, जीविका, और नगर निकाय से जुड़ी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। इन योजनाओं के तहत जारी कार्यों को तेज गति से पूरा करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए।जिला पदाधिकारी ने लोक सेवा अधिकार ( आरटीपीएस ) के तहत आवासीय, जाति, आय, ओबीसी, ईडब्ल्यूएस प्रमाण पत्र, और जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र से संबंधित लंबित मामलों की भी समीक्षा की। सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी और अंचल अधिकारियों को इन मामलों को जल्द निपटाने का निर्देश दिया गया। इसके अलावा, पेंशन, पारिवारिक लाभ, और राशन कार्ड से जुड़े ऑनलाइन और ऑफलाइन आवेदनों की समीक्षा भी की गई और संबंधित अधिकारियों को कार्रवाई तेज करने के निर्देश दिए गए। जनजीवन हरियाली योजना के तहत जिले में जल संरक्षण से संबंधित कार्यों की भी समीक्षा की गई। बैठक में बताया गया कि इस वित्तीय वर्ष में जिले ने शत प्रतिशत चेक डैम निर्माण और नए जल स्रोतों के सृजन में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। इसके साथ ही शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में सार्वजनिक कुओं के जीर्णोद्धार में भी उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की गई है।

जिला विधि शाखा में लंबित सीडब्ल्यूजेसी और एमजेसी वादों की भी विभागवार समीक्षा की गई। जिला पदाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे समय पर प्रतिशपथ पत्र दायर करें और विधि शाखा में सभी आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करें। बैठक के अंत में जिला पदाधिकारी ने सभी विभागों के प्रधानों को अपने-अपने विभागों से जुड़ी जमीनों की सूची बंदोबस्त कार्यालय को शीघ्र भेजने के निर्देश दिए। इससे विकास योजनाओं के लिए आवश्यक भूमि की व्यवस्था जल्द हो सकेगी। इस बैठक में जिले के प्रमुख अधिकारी जैसे अपर समाहर्ता लो. शि. नि. जयप्रकाश नारायण, अपर समाहर्ता ललित भूषण रंजन, डीटीओ शैलेश कुमार, एसडीओ सदर संतन कुमार सिंह, एसडीओ दाउदनगर मनोज कुमार, डीसीएलआर दाउदनगर दीपशिखा, डीपीआरओ इफ्तेखार अहमद, डीएलओ श्री सच्चिदानंद सुमन, और अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। यह बैठक जिले के विकास के लिए महत्वपूर्ण साबित हुई, जहां विभिन्न विभागों के कार्यों की गहन समीक्षा कर उन्हें और प्रभावी बनाने के लिए दिशा-निर्देश जारी किए गए।



#### नल जल योजना और सड़क निर्माण पर विशेष ध्यान

बैठक के दौरान जिला पदाधिकारी ने सबसे पहले ग्रामीण क्षेत्रों में जलापूर्ति योजनाओं की स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने कार्यपालक अभियंता पीएचईडी को निर्देशित किया कि नल जल योजना की खामियों को तत्काल ठीक किया जाए और जिन टोलों में अब तक यह सुविधा नहीं पहुंची है, वहां शीघ्र नए चापाकल लगाए जाएं। साथ ही, पथ निर्माण विभाग को ग्रामीण क्षेत्रों की सड़कों की डीपीआर तैयार कर उसे जल्द से जल्द भेजने और डीएलपी के अंतर्गत आने वाली सड़कों को गड्ढा-मुक्त करने के निर्देश दिए गए।

#### स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार

स्वास्थ्य विभाग पर विशेष ध्यान देते हुए जिला पदाधिकारी ने सिविल सर्जन को जिले के सभी सरकारी अस्पतालों में दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। साथ ही, उन्होंने सप्ताह में एक दिन पीएचसी अस्पतालों का निरीक्षण करने के लिए रोस्टर बनाने के भी आदेश दिए। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार होगा और मरीजों को सही समय पर इलाज मिल सकेगा।

#### शिकायतों का त्वरित निपटारा

लोक शिकायत निवारण अधिनियम और सीपीग्राम से जुड़े मामलों पर जिला पदाधिकारी ने गंभीरता दिखाई। जिले में सीपीग्राम से जुड़े 43 आवेदन, ई-डैशबोर्ड पर 360 आवेदन, और 'जनता के दरबार में मुख्यमंत्री' कार्यक्रम से जुड़े 317 आवेदन लंबित पाए गए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को लंबित मामलों का शीघ्र निपटारा करने का आदेश दिया ताकि जनता को जल्द राहत मिल सके।

# ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

पंडित दीनदयाल उपाध्याय गया रेल खंड के रफीगंज रेलवे स्टेशन के समीप पोल संख्या 506/ 29 और 31 के बीच बीती रात ट्रेन की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। घटना के संबंध में राहगीरों ने RPF रफीगंज को सूचना दी। सूचना पर पहुंची आरपीएफ के एएसआई बीके पांडे, आरक्षी उपेंद्र कुमार मौके पर पहुंचे। आरपीएफ ने जीआरपी सोन नगर को सूचना दी। जीआरपी के पीटीसी अजय उराव अपने दलबल के साथ पहुंचे। कागजी प्रक्रिया के बाद जीआरपी शव को लेकर पोस्टमार्टम के लिए सासाराम चली गई। यहां पर पोस्टमार्टम के बाद शव को रखा गया है। शव की शिनाख्त की जा रही है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि युवक रफीगंज बाजार की ओर से तिवारी बीघा की ओर जा रहा था। इसी बीच डाउन लाइन में आ रही ट्रेन ने टक्कर मार दी। जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। घटना के लेकर आरपीएफ ने बताया कि देखने से प्रतीत होता है कि मृतक रफीगंज या फिर इसके आसपास का रहने वाला है। क्योंकि देखने से ये एक मजदूर लग रहा है। मृतक की उम्र लगभग 45 साल लग रही है। मृतक के गले में हरा रंग का गमछा, हाफ पैंट और हाफ टी-शर्ट मिला है। आरपीएफ इंस्पेक्टर बीके पांडे ने बताया कि जीआरपी सोन नगर पोस्टमार्टम कराकर सासाराम शव गृह में रखा हुआ है। अगर 72 घंटे तक पहचान नहीं होती है, तो नियम अनुसार दाह संस्कार किया जाएगा।

## सड़क हादसे में तीन दोस्त घायल

निज संवाददाता | मदनपुर (औरंगाबाद)

मदनपुर में बीती रात 2 मोटरसाइकिल की टक्कर में 3 युवक घायल हो गए। घटना मदनपुर थाना क्षेत्र के रानीगंज के समीप की है। घायल को स्थानीय ने मदनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। लेकिन, वहां से डॉक्टर ने बेहतर इलाज के लिए औरंगाबाद सदर अस्पताल रेफर कर दिया है। घायल की पहचान मदनपुर थाना क्षेत्र के बाजिदपुर निवासी रंजन कुमार, वाहिद बिगहा निवासी छोटू चौधरी और मुफस्सिल थाना क्षेत्र के मंजरुखा गांव निवासी श्याम सुंदर के रूप में हुई है। घायल तीनों युवक आपस में दोस्त हैं। तीनों एक ही बाइक पर सवार होकर मदनपुर की ओर घूमने के लिए निकले थे। इसी बीच एनएच-19 पर दो मोटरसाइकिल की आपस में टक्कर हो गई। जिसमें एक मोटरसाइकिल चालक गाड़ी लेकर फरार हो गया।

घटना में घायल मुफस्सिल थाना क्षेत्र के मंजरुखा गांव निवासी छोटू चौधरी की स्थिति डॉक्टरों ने सदर अस्पताल में सामान्य बताई है। वहीं, घायल श्यामसुंदर और रंजन की स्थिति काफी नाजुक है। इस कारण इन्हें मगध मेडिकल रेफर कर दिया गया है। सदर अस्पताल के उपाधीक्षक डॉक्टर आशुतोष कुमार सिंह ने बताया कि श्याम सुंदर और रंजन की स्थिति काफी गंभीर है। इसे प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए रेफर किया गया है।

## अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस : जागरूकता रैली का आयोजन



**औरंगाबाद (का.सं.)।** महिला एवं बाल विकास मंत्रालय एवं महिला एवं बाल विकास निगम बिहार पटना के निदेशक अनुसार अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस पर बालिका शिक्षा से संबंधित जागरूकता कार्यक्रम करने के निर्देश के आलोक में जिला हब फॉर एंपावरमेंट ऑफ विमेन औरंगाबाद और सी 3 के संयुक्त प्रयास से सोमवार को अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस के मौके पर प्रखंड ओबरा के उच्च विद्यालय कैथी में रैली का आयोजन किया गया। उक्त मौके पर प्रधानाध्यापक अखिलेश शर्मा में सबको संबोधित करते हुए उपस्थित सभी बालिका को बालिका शिक्षा से संबंधित महत्व के बारे जानकारी के उसकी महता से अवगत कराया। साथ सभी को प्रतिदिन विद्यालय में तत्परता से शिक्षा ग्रहण करें और सीखने का प्रयास करें। इस मौके सभी शिक्षक के साथ सी 3 के प्रतिनिधि उर्वशी उजवाल के साथ दीपमाला पांडे इशरत फातमा, विद्या कुमारी, हफसा मेहर, सुनीता कुमारी, रानी कुमारी, बबिता कुमारी, रानी कुमारी उपस्थित थी।

# मोबाइल पशु चिकित्सा वाहन की सुविधा का शुभारंभ, डीएम ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद



जिला प्रशासन ने पशुपालकों के हित में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए सोमवार को समाहरणालय परिसर में एक नई योजना का शुभारंभ किया। जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री ने मोबाइल पशु चिकित्सा वाहन को हरी झंडी दिखाकर विभिन्न प्रखंडों के लिए रवाना किया। यह पहल पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, बिहार, पटना के सहयोग से शुरू की गई है, जिसका उद्देश्य दूर-दराज के ग्रामीण क्षेत्रों में पशु चिकित्सा सेवाओं को सीधे पशुपालकों के द्वार तक पहुंचाना है। यह मोबाइल पशु चिकित्सा वाहन अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित है। इसमें जीपीएस प्रणाली की मदद से सही लोकेशन तक पहुंचने में सहायता मिलेगी, जिससे पशुपालकों को जल्दी और कुशल चिकित्सा सेवा उपलब्ध कराई जा सकेगी। इस वाहन में पशु चिकित्सा से संबंधित सभी आवश्यक उपकरण और दवाइयाँ मौजूद हैं, जो पशुओं के बेहतर इलाज में सहायक साबित होंगी।

यह सुविधा कार्य दिवसों में प्रातः 9 बजे से संध्या 5 बजे तक उपलब्ध रहेगी। इसका मुख्य उद्देश्य दूरस्थ और ग्रामीण इलाकों में रहने वाले उन पशुपालकों तक चिकित्सा सेवाएं पहुंचाना है, जिन्हें अपने पशुओं के इलाज के लिए अब लंबी दूरी तय नहीं करनी पड़ेगी। पशुपालन विभाग ने एक टॉल-फ्री नंबर (1962) जारी किया है, जिस पर कॉल करके इस सेवा का लाभ उठाया जा सकता है। पशुपालकों को कॉल करके अपनी समस्याओं का विवरण देना होगा, जिसके बाद संबंधित प्रखंड का मोबाइल चिकित्सा वाहन उनके द्वार पर पहुँचकर पशुओं का इलाज करेगा। इसके अलावा, हर दिन दो गांवों में पशु चिकित्सा शिविर भी आयोजित किए जाएंगे, जहां पशुपालकों को अपने पशुओं का मुफ्त में इलाज करवाने का अवसर मिलेगा। शिविरों में पशुपालन विशेषज्ञों द्वारा विभिन्न बीमारियों की जांच और उपचार किया जाएगा, साथ ही पशुओं के टीकाकरण और पोषण संबंधी जानकारी भी दी जाएगी। जिला पशुपालन पदाधिकारी, डॉ. श्याम किशोर के अनुसार, यह सुविधा न केवल पशुपालकों के लिए वरदान साबित होगी, बल्कि इससे पशुओं की सेहत में सुधार होगा और वे अधिक उत्पादक बन सकेंगे। बिहार में अधिकांश ग्रामीण अर्थव्यवस्था कृषि और पशुपालन पर आधारित है, ऐसे में इस तरह की सेवाओं से ग्रामीण इलाकों के लोगों को बहुत राहत मिलेगी। यह योजना सरकार की उस व्यापक दृष्टि का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य ग्रामीण इलाकों में बुनियादी सुविधाओं को सुदृढ़ करना और किसानों एवं पशुपालकों की समस्याओं का त्वरित समाधान करना है। इससे पशुपालक न केवल आर्थिक रूप से सशक्त बनेंगे, बल्कि उनके पशुओं की उत्पादकता में भी वृद्धि होगी। पशु चिकित्सा सेवाओं की यह पहल राज्य सरकार के उन प्रयासों का हिस्सा है, जो कृषि और पशुपालन क्षेत्रों में सुधार लाने और ग्रामीण समुदायों की समृद्धि सुनिश्चित करने के लिए किए जा रहे हैं।

# चर्चित एसिड हमले के दोषी को हुई सजा

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद



सोमवार को व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद में एडीजे सह स्पेशल पोक्सो कोर्ट जज लक्ष्मीकांत मिश्रा ने कुटुम्बा थाना कांड संख्या -37/19 में निर्णय पर सुनवाई करते हुए एक मात्र अभियुक्त रवि किशन बलिया अम्बा को दस साल की सजा और दस हजार जुर्माना लगाया है स्पेशल पीपी शिवलाल मेहता ने बताया कि अभियुक्त को भादंवि धारा -326 ए में दस साल की सजा और दस हजार जुर्माना लगाया है वहीं भादंवि धारा-354 में तीन साल की सजा सुनाई है दोनों सजाएं साथ साथ चलेगी,केस अज्ञात पर किया गया था अनुसंधान के क्रम में अभियुक्त का नाम आया। एक अन्य अभियुक्त का वाद बाल न्यायालय औरंगाबाद में चल रहा था, अभियुक्त रवि किशन को 05/09/24 को दोषी ठहराया गया था और बंधपत्र विखंडित कर जेल भेज दिया गया था, अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि प्राथमिकी सूचक ने 10/03/19 को प्राथमिकी दर्ज कराई थी जिसमें कहा था कि गांव से प्रतिदिन मेरी बच्ची एक निजी स्कूल साईकिल से जाती थी आज रास्ते में एन एच 139 पर हरदत्ता गांव के महाबीर मंदिर के पास काले रंग के बाइक पर सवार अज्ञात द्वारा एसिड से हमला कर दिया गया जिससे मेरी बच्ची सड़क पर गिर कर छटपटाने लगी तो राहगीरों ने रेफरल अस्पताल पहुंचाया और मुझे ख़बर की में सदर अस्पताल पहुंच कर उचित इलाज के लिए सदर अस्पताल औरंगाबाद लाया और न्याय के लिए कमलेश पासवान थाना प्रभारी कुटुबा से प्राथमिकी दर्ज कराई थी, अधिवक्ता ने बताया कि शुरुआती इलाज के लिए सरकारी राशि पीड़िता को प्रदान किया गया था मेडिकल बोर्ड गठन किया गया था, पीड़ित पक्ष को आज भी उचित मुआवजा का इंतजार है क्योंकि पीड़िता का इलाज आज तक चल रही है।

## 36 साल बाद पांच अभियुक्त रिहा

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

सोमवार को व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद में एडिजे दस सौरभ सिंह ने दाउदनगर थाना कांड संख्या -123/88, एस टीआर -73/92 में निर्णय पर सुनवाई करते हुए पांच अभियुक्त को दोषमुक्त कर दिया है अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि प्राथमिकी सूचक राजन राय असलेमपुर दाउदनगर ने 25/06/88 को प्राथमिकी दर्ज कराई थी जिसमें कहा था कि 12 अभियुक्तों ने सुबह 05 बजे सूचक के घर पहुंच कर 600 रू के दो बकरी जबरदस्ती ले जाने लगे तो सूचक ने विरोध किया और मारपीट करते हुए सूचक के घर में आग लगा दिया, अधिवक्ता ने बताया कि इस वाद में पांच अभियुक्तों की मृत्यु हो चुकी है, दो अभियुक्तों का पृथक वाद है अन्य पांच अभियुक्त लखन राय,मदन राय,विशुनदयाल राय, दीनदयाल राय, मनोज राय असलेमपुर दाउदनगर को भादंवि धारा -436/34 में दोषमुक्त किया गया है।

## बिहार में डेंगू के 1123 केस

**पटना(नि.सं.)।** बिहार में डेंगू के आंकड़े डराने लगे हैं। पूरे प्रदेश में पिछले 24 घंटे में 55 नए मामले सामने आए हैं। राजधानी पटना डेंगू का हॉटस्पॉट बनता जा रहा है, यहां से सबसे ज्यादा 27 केस केस सामने आए हैं। इस सीजन में अब तक पूरे प्रदेश में 1 हजार 123 केस सामने आए हैं, जिसमें पटना में सबसे ज्यादा 523 केस मिले हैं। इसके अलावा गया में 65, मुजफ्फरपुर में 55 और समस्तीपुर में 51 केस मिले हैं। पिछले 24 घंटे के दौरान पटना में डेंगू के कुल 27 नए मामले सामने आए हैं। वही शहर के पीएमसीएच, एनएमसीएच, एआईआईएमएस और आईजीआईएमएस अस्पताल में डेंगू के कुल 34 मरीज भर्ती है। इसमें सबसे ज्यादा 14 मरीज एनएमसीएच में भर्ती है। पीएमसीएच के आईसीयू में बने डेंगू वार्ड में कुल 4 मरीजों का इलाज चल रहा है। एआईआईएमएस में 10 और आईजीआईएमएस में 6 डेंगू के मरीज भर्ती हैं। डेंगू से प्रदेश में अब तक 6 लोगों की मौत हो चुकी है। पिछले 24 घंटे के दौरान पटना में डेंगू के कुल 27 नए मामले सामने आए हैं। इसके साथ ही इस सीजन डेंगू मरीजों का आंकड़ा 500 के पार चला गया है।

# पुलिस को मिली बड़ी सफलता, सदर अस्पताल से फरार हुए कैदी को 24 घंटे के अंदर किया गिरफ्तार

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद



जिले की पुलिस को बड़ी कामयाबी हाथ लगी है। रविवार को सदर अस्पताल से फरार हुए कैदी को एसपी स्वप्ना गौतम मेश्राम के निर्देशन एवं जम्होर थानाध्यक्ष राजकिशोर प्रसाद के नेतृत्व में 24 घंटे के अंदर बरामद कर लिया गया है। बरामद किया गया कैदी नीरज कुमार दाउदनगर थाना क्षेत्र के करमाही गांव का निवासी अर्जुन सिंह का पुत्र है। पुलिस ने उसे ओबरा थाना के तेजपुर गांव से गिरफ्तार किया है। गौरतलब है कि जम्होर थाना की पुलिस ने रविवार को अनैतिक दुर्व्यपार( निवारण ) अधिनियम 1956 के तहत नीरज कुमार को जम्होर थाना क्षेत्र के चित्रगोपी स्थित एक होटल से एक और युवक एवं दो युवतियों के साथ गिरफ्तार किया था। इस मामले में होटल संचालक की भी भूमिका को देखते हुए उसे भी गिरफ्तार कर मेडिकल जांच के लिए सदर अस्पताल लाया था। लेकिन मेडिकल जांच के दौरान नीरज पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया था। जिसकी सीसीटीवी फुटेज खंगाली गई और उस तक पहुंचने में पुलिस कामयाब हुई। सीसीटीवी फुटेज में दिख रहा है नीरज इमरजेंसी वार्ड के दरवाजे पर खड़ा है और वह उजले रंग के गमछे से अपने सर को ढक रखा है। अचानक एक चकमा देकर भाग निकला उसके साथ रहा एक और कैदी जो काले रंग का शर्ट पहने हुए था उसने भी भागने की कोशिश की।परंतु पुलिसकर्मियों ने उसे पकड़ लिया। लेकिन नीरज को पकड़ने में उस वक्त कामयाबी नहीं मिली। इधर नीरज के फरार होते ही एसपी ने त्वरित कार्रवाई करते हुए जम्होर थानाध्यक्ष के नेतृत्व में टीम गठित की और उसे दबोच लिया। नीरज की गिरफ्तारी के बाद पुलिस आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

# दाउदनगर नगर बाईपास पथ निर्माण के मुआवजा शिविर में तेजी, 11 सितंबर को विशेष कैंप आयोजित

निज संवाददाता | दाउदनगर(औरंगाबाद)

दाउदनगर नगर बाईपास पथ निर्माण के लिए अर्जित की गई भूमि के मुआवजा भुगतान में तेजी लाने के उद्देश्य से एक विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर 11 सितंबर 2024 को प्रातः 10 बजे दाउदनगर प्रखंड कार्यालय के सभागार में आयोजित किया जाएगा। इस कैंप का उद्देश्य उन रैयतों ( भूमि मालिकों ) को मुआवजा देने में तेजी लाना है, जिनकी भूमि का अधिग्रहण पथ निर्माण के लिए किया गया है। सिर्फ दाउदनगर नगर बाईपास ही नहीं, बल्कि डीएफसीसीआईएल ( डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड ) संरेखण के अंतर्गत आने वाले औरंगाबाद और रफीगंज प्रखंड के क्षेत्रों में भी संपर्क फाटक के बदले रोड अंडर ब्रिज के निर्माण के लिए भूमि का अधिग्रहण किया गया है। इन क्षेत्रों के रैयतों को मुआवजा शीघ्र दिलाने के लिए भी इसी दिन औरंगाबाद प्रखंड कार्यालय में एक विशेष शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर में मुआवजा प्राप्त करने वाले औरंगाबाद के सिमरी, बखरी, देउरिया, बघोई कला एवं बघोई खुर्द मौजा तथा रफीगंज प्रखंड अंतर्गत केराप, कड़सरा, गोरडीहा, और चरकवां कस्बा हाजी मौजा के रैयत शामिल होंगे। इन क्षेत्रों में भूमि अर्जन के बाद रैयतों को समय पर मुआवजा भुगतान सुनिश्चित करने के लिए यह शिविर अत्यधिक महत्वपूर्ण साबित होगा। इस विशेष शिविर में संबंधित अंचल/मौजा के राजस्व कर्मचारी, अंचल निरीक्षक और राजस्व अधिकारी जमाबंदी पंजी और अन्य राजस्व अभिलेखों के साथ उपस्थित रहेंगे। इन अधिकारियों द्वारा शिविर के दौरान रैयतों को एलपीसी (लैंड पॉजेशन सर्टिफिकेट) जारी करने की कार्रवाई की जाएगी, जिससे मुआवजा प्रक्रिया में तेजी लाई जा सके। साथ ही संबंधित मौजा के पंचायत सचिव और ग्राम कचहरी सचिव भी वंशावली से संबंधित आवेदन प्राप्त करने के लिए उपस्थित रहेंगे। यह शिविर रैयतों के लिए एक बड़ा अवसर है कि वे मुआवजा प्राप्त कर अपने वित्तीय दायित्वों को पूरा कर सकें और साथ ही राज्य सरकार की योजनाओं को सफलतापूर्वक आगे बढ़ाने में मदद कर सकें।

#### मुआवजा वितरण में तेजी लाने का उद्देश्य

इस शिविर का मुख्य उद्देश्य रैयतों को त्वरित और सरल तरीके से मुआवजा वितरण करना है, ताकि वे अपनी भूमि के बदले में उचित मुआवजा प्राप्त कर सकें और पथ निर्माण एवं अन्य परियोजनाओं की प्रगति में बाधा न हो। भूमि अधिग्रहण के बाद अक्सर मुआवजा मिलने में देरी होती है, जिसे दूर करने के लिए ऐसे विशेष शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। शिविर के आयोजन से संबंधित विभागों को भी निर्देश दिया गया है कि वे सभी आवश्यक दस्तावेजों के साथ समय पर उपस्थित रहें ताकि प्रक्रिया में कोई विलंब न हो और रैयतों को उनके हक का मुआवजा समय पर मिल सके।

# कैम्प में 100 मरीजों की हुई आंखों की निःशुल्क जांच, दवा भी दिया गया निःशुल्क

निज संवाददाता | हसपुरा(औरंगाबाद)



हसपुरा के रेफरल हॉस्पिटल के बगल में स्थित पंचायत भवन में सोमवार को निःशुल्क आंख जांच शिविर लगाया गया। शिविर में दाऊदनगर के नेत्र चिकित्सक डॉ. रंजीत कुमार ने मरीजों के आंखों की जांच की। शिविर में जांच के बाद दवा एवं आई ड्रॉप भी निःशुल्क दिया गया। शिविर में दिनभर में करीब 100 मरीजों का आंख जांच किया गया। शिविर के आयोजन में राहुल कुमार, पियूष कुमार, भरत कुमार, सुरेश कुमार, अरुणजय कुमार एवं अन्य ने सहयोग प्रदान किया।

# नहाने के दौरान तालाब में डूबने से व्यक्ति की हुई मौत, बच्चों ने दी जानकारी

निज संवाददाता | कुटुंबा (औरंगाबाद)



कुटुंबा थाना क्षेत्र के कासिमपुर गांव स्थित मल्हा-साल्हा तालाब में डूबने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक की पहचान अंबा थाना क्षेत्र के मंझौली गांव निवासी रामविलास सिंह के बेटे अनुज कुमार सिंह(32) के रूप में हुई है। सोमवार की शाम सदर अस्पताल में पोस्टमॉर्टम के दौरान परिजनों ने बताया कि मृतक पिछले 6 महीने से कुटुंबा थाना क्षेत्र के सैदपुर नौघडा गांव स्थित अपने ससुराल में पत्नी के साथ रह रहे थे। ससुराल में ही आसपास मजदूरी का काम कर परिवार का भरण-पोषण करता था। सोमवार की सुबह कासिमपुर गांव स्थित मल्हा-साल्हा तालाब में स्नान करने गया था। नहाने के दौरान गहरे पानी के बीच चला गया। जहां डूबने से उसकी मौत हो गई। कई घंटे तक घर नहीं पहुंचे परिजनों ने खोजबीन शुरू की। इस दौरान आसपास में खेल रहे बच्चों ने इसकी सूचना परिजनों को दी। ग्रामीणों ने डायल 112 की पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस और ग्रामीणों की मदद से तालाब से शव को बाहर निकाला गया।

इधर, घटना के बाद परिजन शव से लिपटकर चीत्कार उठे। डायल 112 के पुलिसकर्मियों ने कुटुंबा थाना की पुलिस को सूचना दी। सूचना पर कुटुंबा थाना की पुलिस पहुंची। शव को कब्जे में लेकर परिजनों से जरूरी पूछताछ के बाद पोस्टमॉर्टम की प्रक्रिया पूरी कराई। इसके बाद सदर अस्पताल में पोस्टमॉर्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया है। घटना के बाद से परिवारवालों का रो-रोकर बुरा हाल है। परिजनों ने जिला प्रशासन से आपदा राहत के तहत मुआवजे की मांग की है। कुटुंबा थानाध्यक्ष अक्षयवर सिंह ने बताया कि तालाब में डूबने से 1 व्यक्ति की मौत हुई है। शव का पोस्टमॉर्टम कराकर दाह संस्कार के लिए परिजनों को सौंप दिया गया है। मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## हम प्रदेश अध्यक्ष ने जारी की जिला प्रभारियों की सूची

**पटना (नि.सं.)।** हम के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अनिल कुमार ने पार्टी के जिला प्रभारियों की सूची जारी कर दी है। यह जानकारी हम के प्रदेश महासचिव अविनाश कुमार ने सोमवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी। प्रदेश अध्यक्ष ने सभी जिला अध्यक्षों एवं जिला प्रभारियों को निर्देश दिया है कि 13 से 15 सितंबर तक सभी जिला में सदस्यता अभियान चलाना है। बिहार में पार्टी का 10 लाख सदस्य बनाने का लक्ष्य पूरा करना है।